धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, रविवार
22.09.2024

* * नगर संस्करण। पेज : 12

khabarmantralive.com

खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net आश्विन, कृष्ण पक्ष, पंचमी, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 73

12

हम पाकिस्तान को गोलियों का जवाब तोप के गोले से देंगे : शाह

न्यूज डायरी

गिरिडीह में डोभा में डूबने से दो नाबालिगों की मौत

गिरिडीह। जिले के धनवार प्रखंड के घोड़तम्बा ओपी के बासगी गांव से एक किलोमीटर दूर शनिवार दोपहर में दो नाबालिगों की मौत डोभा में डूबने से हो गयी। मृतकों में बसागी गांव निवासी मोहम्मद सरफराज का बेटा मोहम्मद उमर और बलहरा निवासी मोहम्मद मनिरुद्दीन का बेटा महफूज है।

फर्जी नौकरी करने पर पांच लोगों पर प्राथमिकी

रांची। झारखंड होमगार्ड विभाग में फर्जी तरीके से नौकरी करने के मामले में कंपनी कमांडर समेत पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। यह मामला गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन विभाग के डीजी अनिल पालटा के निर्देश पर धुर्वा थाना में शनिवार को दर्ज हुआ है। जिन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है उनमें कंपनी कमांडर कैलाश यादव के अलावा फर्जी तरीके से होमगार्ड की नौकरी कर रहे आरिफ अंसारी, आसिफ अंसारी, जगदीश टोप्पो और निसाद अहमद केा नाम शामिल है।

श्रीलंका में राष्ट्रपति चुनाव का आज आयेगा जनादेश

कोलंबो। श्रीलंका में राष्ट्रपति चुनाव के लिए शनिवार सुबह सात बजे वोटिंग शुरू हो गई। साल 2022 के सबसे खराब आर्थिक संकट के बाद श्रीलंका में यह पहला राष्ट्रपति चुनाव है। राष्ट्रपति चुनाव 38 उम्मीदवार मैदान में हैं। मुख्य मुकाबला मौजूदा राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघ, विपक्ष के नेता साजिथ प्रेमदासा और वामपंथी नेता अनुरा कुमारा दिसानायके के बीच है।

नहीं उड़ सका रक्षामंत्री राजनाथ का हेलीकॉप्टर



पलामू। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का हेलीकॉप्टर समय पर टेक ऑफ नहीं कर सका। दोनों मंत्री शनिवार को 1 घंटे 10 मिनट तक गढ़वा जिले के नगर उंटारी अनुमंडल कार्यालय में बैठे रहे। जानकारी के अनुसार हेलीकॉप्टर में ईंधन खत्म होने के कारण ऐसा हुआ। पांच बजकर 54 मिनट पर सड़क के रास्ते दोनों मंत्री वाराणसी रवाना हुए। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि कुछ प्रॉब्लम के कारण सड़क मार्ग से जाना पड़ा।

कैंसर से पीड़ित नक्सली जया मांझी का निधन

रांची। एक करोड़ के इनामी नक्सली प्रयाग मांझी उर्फ विवेक की पत्नी जया मांझी की इलाज के दौरान रिम्स में मौत हो गयी। वह गॉल ब्लैडर के कैंसर से पीड़ित थी। उसका इलाज ओंकोलॉजी विभाग के एचओडी डॉ अजीत कुशवाहा की यूनिट में चल रहा था। रिम्स के पीआरओ डॉ राजीव रंजन ने बताया कि पहले उनको सर्जरी वार्ड में भर्ती कराया गया था।

झारखंड में 823 केंद्रों पर पहले दिन की जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा संपन्न

तीन संदिग्ध हिरासत में, खूंटी में छात्रों का आरोप- प्रश्न पत्र के खुले थे पैकेट

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची/धनबाद/रामगढ़। झारखंड में कड़ी निगरानी के बीच 823 केंद्रों पर शनिवार को जेएसएससी की सीजीएल परीक्षा हुई। परीक्षा के दौरान धनबाद, रामगढ़ और खूंटी समेत राज्य के कई जिलों में परीक्षा को प्रभावित करने के आरोप में संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया गया तो खूंटी में विरोध के स्वर फूटे, लेकिन जिला प्रशासन के स्तर पर उसे दबाने की कोशिश की गयी।

धनबाद शहर में 74 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित परीक्षा में करीब 28 हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल हुए। यहां परीक्षा को प्रभावित करने के आरोप में दो संदिग्ध व्यक्तियों को धनबाद पुलिस ने हिरासत में लिया। इस संबंध में धनबाद एसएसपी हरदीप पी जनार्दन ने बताया कि लोहरदगा एसपी से सूचना मिली थी कि धनबाद में जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा को कुछ लोग प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं।

एसएसपी ने बताया कि इनके पास से तीन मोबाइल फोन, तीन एटीएम कार्ड, तीन ब्लैंक चेक, 21 छात्रों का रोल नंबर, नाम और परीक्षा केंद्र का डिटेल बरामद हुआ है। उन्हें बताया कि हिरासत में लिये गए व्यक्तियों में एक बिहार के जहानाबाद और दूसरा बोकारो के

गोमिया का निवासी है। पुलिस दोनों से पूछताछ शुरू कर चुकी है।

वहीं रामगढ़ पुलिस ने प्रश्न पत्र लीक करने के शक के आधार पर चंचल सिंह नामक युवक को हिरासत में लिया। जांच के दौरान पता चला कि चंचल सिंह भी एक परीक्षार्थी है और वह आरा जिले से परीक्षा देने आया है। उसके पास जेएसएससी परीक्षा का प्रवेश पत्र भी मिला और उसका सेंटर भुरकुंडा जुबली कॉलेज था। पुलिस हिरासत में चंचल को परीक्षा दिलाने ले जाया गया।

बता दें कि चंचल सिंह ने परीक्षा केंद्र से भागने की नाकाम कोशिश की। जब पुलिस ने उसे सुबह आठ बजे परीक्षा केंद्र के अंदर भेजा तो वह बैठकर अपना एग्जाम दे रहा था, लेकिन जैसे ही 11:30 बजे पहली पाली की परीक्षा खत्म हुई, भीड़ का लाभ उठाकर चंचल ने वहां से भागने की कोशिश की। लेकिन पुलिस ने कड़ी मशक्कत कर कुछ घंटे के बाद ही उसे दोबारा गिरफ्तार कर लिया। पुलिस चंचल से भी पूछताछ कर रही है।

इधर, खूंटी के उर्सूलाईन कन्वेंट गर्ल्स हाई स्कूल में छात्रों ने पहली पाली के बाद काफी हंगामा किया। छात्रों का आरोप था कि परीक्षा के दौरान क्वेश्चन पेपर के पैकेट खुले थे। क्वेश्चव पेपर और ओएमआर शीट के नंबर भी अलग-अलग थे, लेकिन स्कूल में पदस्थापित मजिस्ट्रेट और पुलिसकर्मियों ने उनकी आबाज दबा दी। अभ्यर्थियों ने कहा वे इसे लेकर कोर्ट तक जायेंगे। वहीं, सरकारी सूत्रों का कहना है कि परीक्षा के दौरान कहीं भी किसी तरह का व्यवधान उत्पन्न नहीं हुआ। केंद्रों पर दंडाधिकारी भी तैनात थे। कड़ी सुरक्षा और जांच पूरी होने के बाद अभ्यर्थियों को सेंटर के अंदर भेजा गया। अभ्यर्थियों की एक-एक चीज की जांच की जा रही थी। इसके बाद उन्हें केंद्र के अंदर प्रवेश कराया गया।

राज्यभर में इंटरनेट बंद करने पर हाईकोर्ट ने सरकार से चार सप्ताह में मांगा जवाब

खंडपीठ ने कहा

किन परिस्थितियों में इंटरनेट सेवा बंद की जा सकती है इस पर अदालत लेगी निर्णय

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा के कारण राज्य में इंटरनेट सेवा बंद करने के आदेश पर रोक लगाने का आग्रह करने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से चार सप्ताह में जवाब मांगा है। हाईकोर्ट के लिए जस्टिस आनंद सेन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार से जानना चाहा है कि परीक्षा के कारण 6 घंटे झारखंड में इंटरनेट सेवा क्यों बंद की गयी। इससे जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। व्यावसायिक सेवा, बैंकिंग सेवा, परिवहन सेवा आदि प्रभावित हुई है। इंटरनेट सेवा लोगों की मौलिक जरूरत में आती है। एक माह में अगर पांच परीक्षा होगी तो क्या पांच बार इंटरनेट सेवा बंद कर दी जाएगी। इस पर खंडपीठ ने कहा कि कोर्ट इस विषय को देखेगी। किन परिस्थितियों में इंटरनेट सेवा बंद की जा सकती है इस पर कोर्ट निर्णय लेगी।

दरअसल, बार काउंसिल के चेयरमैन राजेंद्र कृष्णा ने इंटरनेट सेवा बंद किये जाने के आदेश के बाद रजिस्ट्रार जनरल के माध्यम से एक्टिंग चीफ जस्टिस को पत्र लिखा था जिस पर सुनवाई हुई।

आज फिर बंद रहेगी इंटरनेट सेवा

जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा निष्पक्ष और कदाचारमुक्त कराने को लेकर सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। राज्य में 21 और 22 सितंबर को सुबह 8 बजे से लेकर 1:30 बजे तक इंटरनेट सेवा बंद रहने का गृह विभाग ने आदेश जारी किया है। वहीं दूसरे दिन की परीक्षा को लेकर रविवार की सुबह 7 बजे से इंटरनेट सेवा बंद कर दी जायेगी और दिन के 3 बजे के बाद ही इंटरनेट सेवा बहाल की जायेगी। उल्लेखनीय है कि झारखंड सरकार ने पर्चा लीक को रोकने के लिए यह कदम उठाया है।

परिवर्तन यात्रा में बोले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

जेएमएम, कांग्रेस और राजद विकास के तीन स्पीड ब्रेकर

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची/चतरा। भाजपा के हजारीबाग प्रमंडल की परिवर्तन यात्रा की शुरूआत इटखोरी से करते हुए केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हेमंत सरकार को देश का सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री करार दिया। उन्होंने कहा कि झारखंड में रोहिंग्या बांग्लादेशी घर और कागजात बना रहे हैं, इन्हें क्यों नहीं रोका जा रहा है? राहुल गांधी अमेरिका में भारत के खिलाफ जहर उगल रहे हैं, सिख धर्मावलंबियों को भड़काने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं, इससे भारत की छवि धूमिल हो रही है। इन्हें जनता कभी माफ नहीं करेगी। राजनीति, देश को बदनाम करने के लिए नहीं, बल्कि देश बनाने के लिए होती है।

उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में परिवर्तन यात्रा नया इतिहास लिखेगी। उन्होंने कहा कि इस बार भ्रष्ट हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकिये। उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राजद इस राज्य के विकास के तीन स्पीड ब्रेकर हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनी तो दोगुनी ताकत से विकास होगा। श्री सिंह ने कहा मोदी जी के नेतृत्व में आज भारत बोलता है और दुनिया सुनती है। मोदी जी के नेतृत्व में वन नेशन वन इलेक्शन भी लागू होकर रहेगा। इससे पूरे देश में विकास की गति बढ़ेगी।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मोदी जी के दस वर्षों के कार्यकाल में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर हुए।

वहीं केंद्रीय कृषि मंत्री एवं झारखंड चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भाजपा सत्ता में आयी तो सबसे पहले मां भद्रकाली मंदिर परिसर का जीर्णोद्धार करेगी, जिसे हेमंत सरकार ने रोक दिया है।

वहीं प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झूठ बोलकर सत्ता में आयी हेमंत सरकार ने एक भी वादा पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि अक्टूबर में आचार संहिता लग जायेगी, फिर भी हेमंत सरकार युवाओं को ठगने के लिए दौड़ करवा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनी तो छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, उड़ीसा के तर्ज पर प्रदेश की मां बहनों का सम्मान किया जाएगा

एमएस रामचन्द्र राव झारखंड हाईकोर्ट के नये चीफ जस्टिस

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचन्द्र राव झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस नियुक्त किए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में हुई कॉलेजियम की बैठक में यह निर्णय लिया गया था, जिस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मुहर लगा दी है। जस्टिस एमएस राव की नियुक्ति की अधिसूचना भी जारी कर दी गई है।

बता दें, मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एमएस रामचंद्र राव का जन्म सात अगस्त, 1966 को हैदराबाद में हुआ था। उन्होंने एलएलबी की उपाधि उस्मानिया विश्वविद्यालय से 1989 में प्राप्त की थी। इसके बाद कैंब्रिज विश्वविद्यालय से एलएलएम की उपाधि प्राप्त की है। रामचंद्र राव को 29 जून, 2012 को कॉलेजियम ने आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट का न्यायाधीश नियुक्त किया था। आंध्र प्रदेश का विभाजन होने पर उन्होंने तेलंगाना हाई कोर्ट का विकल्प चुना था। वहीं 12 अक्टूबर, 2021 को उनका तबादला पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट में किया गया था। न्यायाधीश के पद पर नियुक्त होने से पहले उन्होंने आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट में वकालत भी की।

चुनाव की घोषणा के साथ ही लग जायेगी आचार संहिता

विस चुनाव को लेकर कल रांची आयेगी चुनाव आयोग की टीम

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर तारीखों की घोषणा जल्द होने की संभावना है। इसी के साथ ही पूरे राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू हो जायेगी। चुनाव को लेकर तैयारी भी शुरू हो गयी है। इधर विधानसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लेने 23 सितंबर को भारत निर्वाचन आयोग की टीम रांची आयेगी। दो दिनों तक चलने वाले इस दौरे में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार समेत तीनों चुनाव आयुक्त शामिल होंगे।

बताते चलें कि राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड और आइजी अभियान ने संयुक्त रूप से जिले के एसपी और डीसी के साथ निर्वाचन आयोग के आने से संबंधित तैयारियों को लेकर शुक्रवार को समीक्षा बैठक की थी। इस दौरान आयोग की समीक्षा के लिए पीटी की तैयारी, सुरक्षा बलों के रहने और मूलभूत सुविधा की तैयारी और लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान दायर वादों की स्थिति की समीक्षा की गयी थी।

एक ही जिले में तीन साल के अधिक समय से पदस्थापित पुलिसकर्मी बदले : झारखंड में विधानसभा चुनाव को लेकर एक ही जिले में तीन साल से पदस्थापित पुलिस कर्मियों का तबादला किया जा चुका है। राज्य पुलिस स्थापना परिषद की बैठक में लिये गये निर्णय के बाद बीते 18 अगस्त को एक ही जिले की इकाई में तीन वर्ष या उसके अधिक समय अवधि तक पदस्थापित पुलिस निरीक्षक और परिचारी प्रभारी की ट्रांसफर-पोस्टिंग हुई थी। इसके अलावा एक ही जिले में तीन साल अधिक समय से पदस्थापित एसपी का भी तबादला किया जा चुका है। पदाधिकारियों का यह तबादला भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर हुआ था। भारत निर्वाचन आयोग ने झारखंड में विधानसभा चुनाव से पूर्व स्थानांतरण-पदस्थापन कार्य पूरा करने संबंधित आदेश जारी किया था। उसी आदेश के आलोक में तबादले की यह कार्रवाई हुई है। अब संभावना जतायी जा रही है कि आईपीएस और आईएएस रैंक के अफसरों का तबादला सरकार की ओर से नहीं किया जायेगा।

चैंबर चुनाव आज, सुबह 9 से शाम 5 बजे तक होगा मतदान

कार्यकारिणी समिति के लिए कुल 35 उम्मीदवार चुनाव में

3909 मतदाता चुनावी प्रक्रिया में हिस्सा लेंगें

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। फेड्रेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सत्र 2024-25 का चुनाव आज रविवार को गुरुनानक स्कूल के हॉल में होगा। मतदाता सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान करेंगे। 5 बजे तक कतार में खड़े होनेवाले मतदाता मतदान दे सकेंगे। इस बार कुल 3909 मतदाता चुनावी प्रक्रिया में हिस्सा लेंगे।

मतदाता सूची के अनुसार कुल 83 संबद्ध संस्थाएं हैं। संबद्ध संस्थाओं को दो वोट देने का अधिकार है। वहीं अन्य सभी मतदाताओं को एक वोट देने का अधिकार है। कार्यकारिणी समिति के लिए चुनाव में कुल 35 उम्मीदवार हैं। प्रत्येक मतदाता को 21 उम्मीदवार का चयन करना है। कार्यकारिणी समिति के साथ ही पलामू प्रमंडल के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष का चुनाव भी रविवार को ही मतदान स्थल पर होगा।

21 सितंबर से 30 दिन पूर्व बने लाइफ, कॉरपोरेट लाइफ और पैट्रोन सदस्य तथा 90 दिन पूर्व बने जेनरल एफिलियेटेड, कॉरपोरेट जेनरल कैटगरी के सदस्य ही मतदान प्रक्रिया में हिस्सा ले सकते हैं। मतदान से पूर्व कॉरपोरेट जेनरल, जेनरल और एफिलियेटेड बॉडी के सदस्यों का किसी प्रकार का बकाया नहीं होना चाहिए। पूर्व की भांति इस चुनाव में सीए और सीएस एसोसिएशन का सहयोग रहेगा। मतदान के बाद देर रात्रि तक मतगणना और रिजल्ट की घोषणा हो जायेगी। मतगणना के रिजल्ट से असंतुष्ट प्रत्याशी पुनर्मतगणना शुल्क के साथ 23 सितंबर को दोपहर 2 बजे तक पुनर्मतगणना की अपील कर सकते हैं।

तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थानों के लिए राज्यों को परामर्श जारी

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थानों के दिशा-निर्देशों और मैनुअल के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को संयुक्त परामर्श जारी किया है। युवाओं में तंबाकू के सेवन को रोकने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिवों ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को संयुक्त रूप से एक परामर्श जारी किया है। इस परामर्श में शिक्षण संस्थानों में सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम- 2003 के प्रावधानों के अनुरूप तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान के मैनुअल के सख्त क्रियान्वयन का आह्वान किया गया है। वहीं युवाओं को तंबाकू की लत के खतरों से बचाने के लिए सभी हितधारकों के सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। इसका लक्ष्य तंबाकू के उपयोग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाकर और शैक्षणिक संस्थानों में तम्बाकू नियंत्रण उपायों को बढ़ावा देकर भावी पीढ़ियों की रक्षा करना है।

गहना आभूषण

सोना (बिक्री) : 69300 रु./10 ग्राम
चांदी : 90000 रु./प्रति किलो

अलविदा रवि लंग्स कैंसर से पीड़ित पत्रकार जिंदगी जीने की देते रहे प्रेरणा

पत्रकारिता जगत ने प्रतिभावान साथी को खो दिया, यह पीड़ादायक क्षणः मुख्यमंत्री

खबर मन्त्र संवाददाता

रवि प्रकाश के पुत्र प्रतीक ने दिवंगत पिता को हरमू मुक्तिधाम में मुखाग्नि दी

रांची। रांची प्रेस क्लब में सीएम हेमंत सोरेन ने वरिष्ठ पत्रकार स्व. रवि प्रकाश के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सीएम ने कहा कि पत्रकारिता के क्षेत्र में बहुमूल्य योगदान देने वाले वरिष्ठ पत्रकार रवि प्रकाश का निधन काफी पीड़ादायक है। यह पत्रकारिता जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उनके बारे में जितना कहा जाये, वह कम होगा। शोक की इस घड़ी में उनके परिजनों के प्रति उन्होंने अपनी संवेदनाएं प्रकट की। श्री सोरेन ने

ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति एवं उनके शोक संतप्त परिजनों को दुःख सहन करने की शक्ति

प्रदान करने की कामना की। सीएम ने रवि प्रकाश के पिता और पत्नी को ढांढस भी बंधाया। इससे पहले बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल, सांसद महुआ मांझी, कृषि मंत्री दीपिका सिंह पांडेय, समाजसेवी रमेश सिंह समेत कई लोगों ने श्रद्धांजलि दी। रांची प्रेस क्लब कमेटी के अध्यक्ष, सचिव सहित सम्पूर्ण कार्यकारिणी और कई पत्रकारों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

दिल्ली में चल रहे वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 में झारखंड की धूम

30 से अधिक कंपनियों ने झारखंड में निवेश की जतायी इच्छा : सुशांत

फूड प्रोसेसिंग के क्षेत्र में लगभग 1000 करोड़ रुपये की निवेश की संभावना

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 में झारखंड पवेलियन में आने वाली कंपनियों के प्रतिनिधियों ने झारखंड में निवेश को लेकर इच्छा जतायी है। उद्योग निदेशक सुशांत गौरव ने कहा कि वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 में झारखंड में निवेश के लिए 30 से अधिक कंपनियों ने निवेश की इच्छा जतायी है। इससे झारखंड में फूड प्रोसेसिंग के क्षेत्र में लगभग 1000 करोड़ रुपये की निवेश की संभावना है तथा इससे तकनीकी आदान प्रदान एवं सहभागिता भी बढ़ेगी। इसके अलावा इससे 5000 से अधिक लोगों को आजीविका उपार्जन में मदद मिलेगी। श्री गौरव ने कहा कि इससे आधारभूत संरचना में विकास एवं सप्लाई चेन में भी मजबूती आयेगी।

इन कंपनियों ने निवेश की जतायी इच्छा

अमूल, एफसपीओ बगीना, सविष्णु हरि हरि बोल, विस्ता फूड, फूड चेन आईडी सांझ, आयस्टो एनर्जी, बाडगो, होरिका एक्स्पो, कांजी मंजरी प्योर ऑर्गेनिक फूड, बजाज फूड्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, रामांजलि ऑर्गेनिक, लीगल किचेन फूड्स लिमिटेड, कलमा टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड, टेंजेंट ओवरसीज, इनोवेटिव फूड्स, प्रो एग्रो, प्राइम फूड्स, जे एम गाउरमेट आदि।

राज्यपाल ने झारखंड पैवेलियन का किया अवलोकन : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने नयी दिल्ली में वर्ल्ड फूड इंडिया फेस्टिवल-2024 में झारखंड पवेलियन का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र से जुड़े लोगों को एक मंच पर लाने का वर्ल्ड फूड इंडिया की अच्छी पहल है।

झाप्रसे के 18 अफसर बने एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड प्रशासनिक सेवा (झाप्रसे) के 18 पदाधिकारी का स्थानांतरण पदस्थापन किया गया है। प्रतीक्षारत बाल किशोर महतो को अंचल अधिकारी के पद पर पदस्थापन के लिए सेवा राजस्व भूमि सुधार विभाग को दी गई। ट्रेनी उपसमाहर्ता पूर्वी सिंहभूम राजेश कुमार को अगले आदेश तक कार्यपालक दंडाधिकारी गढ़वा सदर के पद पर पदस्थापित किया गया। उपसमाहर्ता लातेहार बाल किशन नाथ शाहदेव को अगले आदेश तक कार्यपालक दंडाधिकारी धनबाद सदर के पद पर पदस्थापित किया गया। त्रिभुवन कुमार को अगले आदेश तक कार्यपालक दंडाधिकारी पाकुड़ सदर के पद पर पदस्थापित किया गया। जयंत कुमार तिवारी को अगले आदेश तक कार्यपालक दंडाधिकारी राजमहल के पद पर पद स्थापित किया गया। ओम प्रियदर्शी गुप्ता को अगले आदेश तक कार्यपालक दंडाधिकारी देवघर के पद पर पद स्थापित किया गया। आशुतोष ठाकुर को अगले आदेश तक कार्यपालक दंडाधिकारी डूंगरी भेजा गया।

वहीं, सुदर्शन ठाकुर को अगले आदेश तक कार्यपालक दंडाधिकारी महुआदंड के पद पर पदस्थापित किया गया। संजय कुमार को कार्यपालक दंडाधिकारी जामताड़ा बनाया गया। मनोरंजन झा को कार्यपालक दंडाधिकारी चतरा सदर के पद पर पद स्थापित किया गया। कमलेश कुमार दास को अगले आदेश तक कार्यपालक दंडाधिकारी सरायकेला-खरसावां के पद पर स्थापित किया गया। बिपिन चंद्र विश्वास को अगले आदेश तक कार्यपालक दंडाधिकारी खूंटी सदर के पद पर पदस्थापित किया गया। मनोज कुमार रवि को कार्यपालक दंडाधिकारी कोडरमा की सदर के पद पर स्थापित किया गया। अंबिका कुमारी को अगले आदेश तक कार्यपालक दंडाधिकारी रामगढ़ सदर के पद पर पदस्थापित किया गया।

प्रभात रंजन ज्ञानी को अगले आदेश तक कार्यपालक दंडाधिकारी सिमडेगा बनाया गया। प्रेम कुमार को अगले आदेश तक कार्यपालक दंडाधिकारी सदर हजारीबाग के पद पर स्थापित किया गया। जया कुमारी को कार्यपालक दंडाधिकारी चैस सदर के पद पर स्थापित किया गया।

विजय लक्ष्मी सिंको को अगले आदेश तक कार्यपालक दंडाधिकारी चांडिल के पद पर पदस्थापित किया गया। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दिया है।

झाप्रसे के आठ अधिकारियों की सेवा भू-राजस्व और 18 की ग्रामीण विकास को

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राज्य सरकार ने झाप्रसे के 8 अधिकारियों की सेवा भू-राजस्व और 18 की ग्रामीण विकास को सौंप दी गयी है। इससे संबंधित नोटिफेकशन भी जारी कर दिया है।

रेल्नयू को भेजी गयी इनकी सेवा

झारखंड प्रशासनिक सेवा के आठ पदाधिकारी की सेवा पदस्थापन के लिए राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग को दी गई है। मनोज कुमार गोप, मनोज कुमार, मनोज कुमार चौरसिया, मोहम्मद हुसैन, खोप लाल राम, संजय कुमार शुक्ला, मुरारी नायक, दीपक कुमार मिश्रा।

ग्रामीण विकास में भेजी गयी इनकी सेवा

राज्य सरकार ने 18 झारखंड प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी की सेवा प्रखंड विकास पदाधिकारी के पद पर पदस्थापन के लिए ग्रामीण विकास विभाग को दिया है। इनमें मुकेश कुमार, प्रमोद कुमार गुप्ता, नितेश कुमार गौतम, कांचन मुखर्जी, ललित नारायण तिवारी कलिंद्र साहू, शिवबालक प्रसाद, लक्ष्मण यादव, रवि नंदन उरांव श्रवण कुमार भगत, विजय उरांव विजय रंजन तिर्की, सुनील कुमार मुरमू, विजय राम, प्रधान हांस दक देवलाल करमाली, नेमन कुजूर सोमनाथ उरांव शामिल है।

11 आइएएस की पोस्टिंग, कई अनुमंडल के एसडीओ बदले

रवि कुमार देवघर और दीपेश कुमारी बनीं खूंटी की एसडीओ

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के 11 पदाधिकारी का स्थानांतरण पदस्थापन किया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दिया है। अनुमंडल पदाधिकारी मधुपुर देवघर आशीष अग्रवाल को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक परियोजना निदेशक समेकित जनजातीय विकास अभिकरण सरायकेला खरसावां के पद पर नियुक्त एवं पद स्थापित किया गया है। अनुमंडल पदाधिकारी खूंटी अनिकेत सचान को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक अपर जिला दंडाधिकारी विधि-व्यवस्था पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है। अनुमंडल पदाधिकारी हुसैनाबाद पीयूष सिन्हा को स्थानांतरित करते हुए अपर जिला दंडाधिकारी विधि-व्यवस्था धनबाद के पद पर नियुक्त एवं पद स्थापित किया गया है।

अनुमंडल पदाधिकारी चक्रधरपुर रीना हंसदा को स्थानांतरित करते हुए परियोजना निदेशक समेकित जनजातीय विकास अभिकरण गुमला के पद पर नियुक्त एवं पद स्थापित किया गया है। अवर सचिव वित्त विभाग शताब्दी मजूमदार को स्थानांतरित करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम के पद पर नियुक्त किया गया है। प्रतीक्षारत श्रुति राज लक्ष्मी को अगले आदेश तक अनुमंडल पदाधिकारी चक्रधरपुर के पद पर नियुक्त किया गया है। प्रतीक्षारत रवि कुमार को अगले आदेश तक अनुमंडल पदाधिकारी देवघर के पद पर नियुक्त एवं पद स्थापित किया गया है। प्रतीक्षारत दीपेश कुमारी को अगले आदेश तक अनुमंडल पदाधिकारी खूंटी के पद पर नियुक्त किया गया है। प्रतीक्षारत कृष्णकांत कांवरिया को अगले आदेश तक हुसैनाबाद का अनुमंडल पदाधिकारी बनाया गया है। सुलोचना मीणा को अगले आदेश तक अनुमंडल पदाधिकारी मेदिनी नगर सदर के पद पर नियुक्ति एवं पदस्थापित किया गया है। प्रतीक्षारत प्रांजल ढाडा को अगले आदेश तक अनुमंडल पदाधिकारी जगन्नाथपुर के पद पर नियुक्त एवं पद स्थापित किया गया है।

इंटरनेट बंद करने को लेकर सरकार पर बरसे रक्षा राज्य मंत्री, कहा

अघोषित आपातकाल थोप रही है सरकार

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। जेएसएससी की परीक्षा को लेकर झारखंड में इंटरनेट सेवा बंद किए जाने पर रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने कड़ी आपत्ति जताई है। सांसद श्री सेठ ने कहा है कि कांग्रेस और झामुमो के गठबंधन वाली यह सरकार भ्रष्टाचार और अपराध रोकने में विफल रही है। यह सरकार उसी तर्ज पर काम कर रही है कि यदि अपराध बढ़ गया है तो जनता को घरों में कैद कर दो। सड़क पर दुर्घटना बढ़ गई है तो लोगों को सड़क पर निकलने से ही मना कर दो। दो दिनों के लिए झारखंड में इंटरनेट सेवा बंद करना उसी का उदाहरण है।

श्री सेठ ने कहा कि वर्तमान समय में इंटरनेट की उपयोगिता हम सबको पता है। वह भी तब जब राज्य भर के लाखों युवा परीक्षा के सिलसिले में एक दूसरे शहरों का आवागमन कर रहे हैं। उन्हें ट्रेन का स्टेटस देखना होता है। बस का टिकट बनवाना होता है। यूपीआई से भुगतान करना होता है। यहां तक की कई बार उनके दस्तावेज मोबाइल में होते हैं और उसका प्रिंट लेना होता है। परीक्षा केंद्रों की लोकेशन तक देखनी हो तो इंटरनेट

का ही उपयोग किया जाता है। यह बात समझ से परे है कि इतनी उपयोगिता होने के बाद भी सरकार इतनी अव्यावहारिक क्यों हो गई है ? रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि यह वही लोग हैं, जो जम्मू कश्मीर में पत्थरबाजी और आतंकवादी घटनाओं के कारण इंटरनेट बंद करने पर हल्ला मचाते थे। अभिव्यक्ति की आजादी की दुहाई देते थे। आज रांची में अकारण इंटरनेट बंद करना विशुद्ध रूप से राज्य सरकार की विफलता का परिणाम है। राज्य सरकार भ्रष्टाचार और कदाचार रोकने में विफल रही है तो उन्होंने इंटरनेट ही बंद कर दिया। रक्षा राज्य मंत्री ने यह भी कहा कि इससे भ्रष्टाचार नहीं रुकता। भ्रष्टाचार रोकने के लिए मन में दृढ़ इच्छाशक्ति होनी चाहिए। यह हास्यास्पद लगता है कि जो पूरी सरकार ही भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हो, उस सरकार के लोग इंटरनेट बंद करके भ्रष्टाचार और कदाचार रोकने का प्रयास कर रहे हैं। रक्षा राज्य मंत्री ने इस बात से भी इनकार नहीं किया कि इसके पीछे भी एक बड़ी गहरी साजिश हो सकती है। संभावना यह भी हो सकती है कि इंटरनेट बंद करने के कारण कई युवा परीक्षा देने से भी वंचित हो जाए। कई युवा समय पर परीक्षा केंद्र नहीं पहुंच सके और फिर इसके पीछे का जो खेल होना है, वह हम इस सरकार के इतिहास में देख चुके हैं।

शिवराज सिंह से मिलकर 11 सूत्री मांग पत्र सौपा

रांची। ओबीसी एकता अधिकर मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्र२देव प्रसाद के नेतृत्व में शनिवार को केंद्रीय कृषी मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिलकर 11 सूत्री माँग पत्र सौपा। इस मौके पर ओबीसी एकता अधिकार मंच के अध्यक्ष ने केंद्रीय कृषी मंत्री से जातीय जनगणना कराकर देश में सभी क्षेत्रों में राजनैतिक, सामाजिक, शैक्षणिक और नौकरी में आरक्षण बढ़ाने का माँग रखी इसके साथ ही कई अन्य मांगों को रखा। इस मौके पर केंद्रीय महासचिव श्रवण कुमार, केंद्रीय महिला मोर्चा अध्यक्ष शकुंतला जयसवाल, केंद्रीय सदस्य पंकज साहू, केंद्रीय सदस्य शुभम् कुमार, अम्बर कुमार, पवन साहू केंद्रीय कार्यालय प्रभारी हिमालय कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे।

राज्य प्रशासनिक सेवा के तीन दर्जन से अधिक अफसर बदले

एके तिवारी रामगढ़ और बेसरा बने बुंडू के एसडीओ

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड सरकार ने राज्य सेवा के 54 अफसरों की ट्रांसफर और पोस्टिंग कर दी है। इसका आदेश कार्मिक विभाग ने जारी कर दिया है। इसके तहत अशोक कुमार को एसडीओ, हजारीबाग सदर, किस्टो कुमार बेसरा को एसडीओ बुण्डू (रांची), साईमन मराण्डी को एसडीओ, पाकुड़, संतोष गुप्ता को एसडीओ बगोदर-सरिया (गिरिडीह), अनुराग कुमार तिवारी को एसडीओ रामगढ़, बिपिन कुमार दुबे को एसडीओ महुआडांड़ (लातेहार), सदानन्द महतो को एसडीओ सरायकेला, सुशील कुमार राय को एसडीओ बंशीधर नगर (नगर उंटारी), गढ़वा, मुकेश मछुवा को एसडीओ बेरमो (तेनुघाट), आलोक वरण केसरी को एसडीओ महागामा (गोड्डा), संजय कुमार को एसडीओ गढ़वा, महेन्द्र छोटन उरांव को एसडीओ सिमडेगा, मो० जहुर आलम को एसडीओ चतरा, विकास कुमार राय को एसडीओ चाण्डिल (सरायकेला-खरसावा), सुनील चन्द्र को एसडीओ घाटशिला, राजेश कुमार को एसडीओ धनबाद बनाया गया है। इनके अलावा प्रवीण केरकेप्ता को अपर उपायुक्त, पि्रमी सिंहभूम, चाईबासा, पुष्पक रजक को भू-सम्पदा पदाधिकारी, आरआरडीए, गौतम प्रसाद साहु को उप नगर आयुक्त, रांची नगर निगम, राहुल जी आनन्द जी को अपर नगर आयुक्त, आदित्यपुर नगर निगम, फिलवियुस बारला को अपर नगर आयुक्त, रांची नगर निगम, संजय कुमार को अपर नगर आयुक्त, रांची नगर निगम, अतिरिक्त प्रभार सचिव आरआरडीए, रंजीत लोहरा को उप सचिव, स्वास्थ्य, प्रशांत कुमार लायक को उप नगर आयुक्त, गिरिडीह नगर निगम, महेन्द्र कुमार को उप सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, प्रेमलता मुर्मू को अपर समाहर्त्ता, गोड्?डा, अजय कुमार साव को सचिव, प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार, सिंहभूम (कोल्हान), लाल ज्योतिनाथ शाहदेव को राज्य ग्रामीण विकास संस्थान (सर्ड), कुमुदिनी टुडू को अवर सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, शंकरा चार्य समाद को जिला कल्याण पदाधिकारी, जमशेदपुर (पूर्वी सिंहभूम), अनिता केरकेप्ता को कार्मिक, बिजय कुमार को सचिव, प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार, हजारीबाग प्रमण्डल, हरिवंश पंडित को सचिव, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल, रांची, मनीष कुमार को सचिव, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, पलामू प्रमण्डल, उत्तम प्रसाद को उप निदेशक, (भू-संरक्षण) भूमि संरक्षण निदेशालय, रांची, प्रभाकर ओझा को मुख्य प्रशासी पदाधिकारी, झारखण्ड भवन, नई दिल्ली, आलोक कुमार को आयुक्त के सचिव, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल, रांची, सुशान्त कुमार मुखर्जी को निगरानी पदाधिकारी, आरआरडीए, एजाज अनवर को संयुक्त सचिव, स्वर्णरेखा परियोजना, जमशेदपुर, शहंशाह अली खान को उप सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, सौरभ प्रसाद को अवर सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, अमरेन डांग को उप नगर आयुक्त, चाईबासा नगर परिषद, कीर्तिबाला लकड़ा को अवर सचिव, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग और कमलेश्वर नारायण को अपर नगर आयुक्त, धनबाद नगर निगम के पद पर पदस्थापित किया जाता है। इनके अलावा वैसे पदाधिकारी जिनके स्थान पर किसी अन्य का पदस्थापन हो गया है एवं उनका पदस्थापन कहीं नहीं किया गया है, वे कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग में योगदान देना सुनि्रि्चत करेंगे। इससे संबंधित आदेश कार्मिक विभाग ने जारी कर दिया है।

झारखंड में फिर से बहाल होंगे 1991 के छंटनीग्रस्त जनगणना कर्मी

रांची। सरकार ने 1991 के छंटनीग्रस्त जनगणना कर्मियों का समायोजन करने का फैसला लिया है। स्नातक उत्तीर्ण सभी जनगणना कर्मियों का राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग रांची नियंत्रणाधीन रांची जिला में वर्ग तीन के अंतर्गत चिंह्ति पद राजस्व उप निरीक्षक के वेतनमान 5200-20200 ग्रेड पे- 2000 सातवें पुनरीक्षित वेतनमान-21700 पे मैट्रिक्स लेबल-3 के पद पर शर्तों के साथ समायोजन किया जायेगा। इस संबंध में राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने संकल्प जारी किया है। उपायुक्त रांची द्वारा वर्ष 1991 के जनगणना छंटनीग्रस्त कर्मियों के शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य आवश्यक प्रमाण-पत्रों की जांच करते हुए समायोजन की कार्रवाई करेंगे। हालांकि, यह स्पष्ट किया गया है कि नियुक्ति की तिथि से पूर्व अवधि के लिए किसी प्रकार का राशि तथा लाभ नहीं देय होगा। समायोजित कर्मियों के सेवानिवृति के उपरांत सेवांत लाभ वित्त विभाग के संकल्प के अनुसार मिलेगा। समायोजित कर्मियों के राजस्व उप निरीक्षक पद पर योगदान की तिथि से उनकी सेवा अवधि की गणना की जायेगी। दरअसल, तत्कालीन बिहार सरकार के समय मुकेश कमार, विकास कुमार सिन्हा, अक्षय प्रसाद सिंह, संतोष कुमार, मुरारी कुमार सिन्हा इत्यादि की छंटनी कर दी गयी थी। जिसके विरूद्ध हाइकोर्ट में वाद दायर हुआ। कोर्ट ने छंटनीग्रस्त कर्मियों के हक में फैसला सुनाया। बाद में सरकार ने पूरे मामले में त्रिसदस्यीय कमेटी गठित की। कमेटी ने भी छंटनीग्रस्त कर्मियों के दावा को सही पाया। इसके बाद सरकार ने इनका समायोजन करने का फैसला लिया है।

झारखण्ड सरकार,
गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग

झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।

67वीं औपबंधिक सूची
जिला–लोहरदगा (पार्ट–1)

क्र0	आवेदनकर्ता की विवरणी	गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका
	विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी जलेश्वर उराँव एवं एतवा उराँव द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर।	
1.	1. आवेदन क्र0–189/24 2. आवेदक–सुकरा उराँव , पिता–स्व0 मधु उराँव 3. ग्राम– खवास खिजरी , पोस्ट– बढ़ागाई , थाना–भण्डरा , प्रखण्ड–भण्डरा 4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया हाथ में कटे टीका का दाग।	कंडिका–2(ix)
2.	1. आवेदन क्र0–190/24 2. आवेदक–सोमनाथ उराँव , पिता–स्व0 लंगो उराँव 3. ग्राम– खवास खिजरी , पोस्ट– बढ़ागाई , थाना–भण्डरा , प्रखण्ड–भण्डरा 4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया हाथ में तील का दाग।	कंडिका–2(ix)
3.	1. आवेदन क्र0–191/24 2. आवेदक–कुजा उराँव , पिता–एतवा उराँव 3. ग्राम– खवास खिजरी , पोस्ट– नगजुवा , थाना–भण्डरा , प्रखण्ड–भण्डरा 4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया हाथ में तील का चिन्ह।	कंडिका–2(ix)
4.	1. आवेदन क्र0–192/24 2. आवेदक–मंगरा उराँव , पिता–स्व0 लाल उराँव 3. ग्राम– डुमरी , पोस्ट– बालसोता , थाना–भण्डरा , प्रखण्ड–भण्डरा 4. लिंग–पुरूष , आयु–72 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर के घुटना के नीचे तील का दाग।	कंडिका–2(ix)
5.	1. आवेदन क्र0–193/24 2. आवेदक–भूषण कुजूर , पिता–स्व0 लाउस कुजूर 3. ग्राम– डुमरी , पोस्ट– बालसोता , थाना–भण्डरा , प्रखण्ड–भण्डरा 4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर के घुटना में घाव का चिन्ह।	कंडिका–2(ix)
6.	1. आवेदन क्र0–194/24 2. आवेदक–बंधना उराँव , पिता–स्व0 चरवा उराँव 3. ग्राम– जमगाई , पोस्ट– जमगाई , थाना–भण्डरा , प्रखण्ड–भण्डरा 4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–बिकलांग है।	कंडिका–2(ix)
7.	1. आवेदन क्र0–195/24 2. आवेदक–जितु उराँव , पिता–स्व0 मंगरा उराँव 3. ग्राम– जमगाई , पोस्ट– जमगाई , थाना–भण्डरा , प्रखण्ड–भण्डरा 4. लिंग–पुरूष , आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह– बाये पैर के घुटना के निचे घाव का चिन्ह।	कंडिका–2(ix)
8.	1. आवेदन क्र0–196/24 2. आवेदक–गोबर्धन बढ़ाईक , पिता–हरिमोहन बढ़ाईक 3. ग्राम– जमगाई , पोस्ट– जमगाई , थाना–भण्डरा , प्रखण्ड–भण्डरा 4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह– गाल के बाये तरफ तील का दाग।	कंडिका–2(ix)
9.	1. आवेदन क्र0–197/24 2. आवेदक–जतरू उराँव , पिता–बिरसा उराँव 3. ग्राम– डुमरी , पोस्ट– बालसोटा , थाना–भण्डरा , प्रखण्ड–भण्डरा 4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह– बाये आँख के सामने घाव का चिन्ह।	कंडिका–2(ix)
10.	1. आवेदन क्र0–198/24 2. आवेदक–खुदरू उराँव , पिता–जुरा उराँव 3. ग्राम– भीठा , पोस्ट– भीठा , थाना–भण्डरा , प्रखण्ड–भण्डरा 4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
11.	1. आवेदन क्र0–199/24 2. आवेदक–रामा उराँव , पिता–अगनु उराँव 3. ग्राम– कोटा , पोस्ट– बालसोता , थाना–भण्डरा , प्रखण्ड–भण्डरा 4. लिंग–पुरूष , आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह– दाहिने हाथ में तील का चिन्ह।	कंडिका–2(ix)
	विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी जुगल उराँव एवं विजय भगत द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर।	
12.	1. आवेदन क्र0–200/24 2. आवेदक–तेजा भगत , पिता–पन्नु भगत 3. ग्राम– गोपालगंज , पोस्ट– कैरो , थाना–कैरो , प्रखण्ड–कैरो 4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाति में तील दाग।	कंडिका–2(ix)
13.	1. आवेदन क्र0–201/24 2. आवेदक–देवराज उराँव , पिता–तुरिया उराँव 3. ग्राम– चरिमा , पोस्ट– नगजुवा , थाना–कैरो , प्रखण्ड–कैरो 4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाया कनपट्टी में तील कादाग।	कंडिका–2(ix)
	विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री अभय कुजूर , अश्विनी कुजूर एवं बिनोद भगत द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर।	
14.	1. आवेदन क्र0–326 2. आवेदक–जीवन कुजूर , पिता–स्व0 एग्नेश कुजूर 3. ग्राम–जीमा गोपी टोली , पोस्ट–जीमा , थाना–कुडू , प्रखण्ड–कुडू 4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष , पहचान चिन्ह–बांया हाथ में कटा का चिन्ह।	कंडिका–2(ix)
15.	1. आवेदन क्र0–312 2. आवेदक–एमलेन कुजूर , पति–जीवन कुजूर 3. ग्राम–जीमा गोपी टोली , पोस्ट–जीमा , थाना–कुडू , प्रखण्ड–कुडू 4. लिंग–महिला , आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–बांया हाथ में तिल का निशान।	कंडिका–2(ix)
16.	1. आवेदन क्र0–328 2. आवेदक–मनोनीत कुजूर , पिता–स्व0 एग्नेश कुजूर 3. ग्राम–जीमा गोपी टोली , पोस्ट–जीमा , थाना–कुडू , प्रखण्ड–कुडू 4. लिंग–महिला , आयु–56 वर्ष , पहचान चिन्ह–बांया गाल में तिल का निशान।	कंडिका–2(ix)
17.	1. आवेदन क्र0–70 2. आवेदक–जगेश्वर गंझू , पिता–स्व0 दुईयाँ गंझू 3. ग्राम–बन्दुवा , पोस्ट–बढ़कीचाँपी , थाना–कुडू , प्रखण्ड–कुडू 4. लिंग–पुरूष , आयु–67 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने पैर के सुपली में तिल।	कंडिका–2(ix)
	विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री अभय कुजूर , आयता उराँव , महाबीर लोहरा एवं छेदी अंसारी द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर।	
18.	1. आवेदन – 202/24 2. आवेदक–बुधराम उराँव , पिता–स्व0 बिशु उराँव 3. ग्राम–जिंगी , पोस्ट–जिंगी , थाना–कुडू , प्रखण्ड–कुडू 4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
19.	1. आवेदन क्र0–203/24 2. आवेदक–अजीज अंसारी , पिता–स्व0 जहूर अंसारी 3. ग्राम–जोंजरो , पोस्ट–जिंगी , थाना–कुडू , प्रखण्ड–कुडू 4. लिंग–पुरूष , आयु–64 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिना पीठ में माशा का दाग।	कंडिका–2(ix)
20.	1. आवेदन क्र0–741 2. आवेदक–समसाद खाँ , पिता–स्व0 सिकन्दर खाँ 3. ग्राम–टाटी , पोस्ट–कुडू , थाना–कुडू , प्रखण्ड–कुडू 4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष , पहचान चिन्ह–गर्दन में माशा।	कंडिका–2(ix)
21.	1. आवेदन क्र0–एन/183 2. आवेदक–मकबुल अंसारी , पिता–जाबिर अंसारी 3. ग्राम–जोंजरो , पोस्ट–जिंगी , थाना–कुडू , प्रखण्ड–कुडू 4. लिंग–पुरूष , आयु–63 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में कटे का निशान।	कंडिका–2(ix)
22.	1. आवेदन क्र0–एन/177 2. आवेदक–समुदीन अंसारी , पिता–स्व0 बेगादर अंसारी 3. ग्राम–जोंजरो , पोस्ट–जिंगी , थाना–कुडू , प्रखण्ड–कुडू 4. लिंग–पुरूष , आयु–59 वर्ष , पहचान चिन्ह–चेहरा में कटे का निशान।	कंडिका–2(ix)
23.	1. आवेदन क्र0–660 2. आवेदक–सारू उराँव , पिता–गन्दु उराँव 3. ग्राम–जिंगी , पोस्ट–जिंगी , थाना–कुडू , प्रखण्ड–कुडू 4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें बांह के नीचे तिल का निशान।	कंडिका–2(ix)
24.	1. आवेदन क्र0–एन/176 2. आवेदक–हकीम अंसारी , पिता–स्व0 सफदर अंसारी 3. ग्राम–जोंजरो , पोस्ट–जिंगी , थाना–कुडू , प्रखण्ड–कुडू 4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष , पहचान चिन्ह–छाती पर तिल का निशान।	कंडिका–2(ix)
25.	1. आवेदन क्र0–633 2. आवेदक–महादेव भगत , पिता–स्व0 गंदूर भगत 3. ग्राम–टीको , पोस्ट–कुडू , थाना–कुडू , प्रखण्ड–कुडू 4. लिंग–पुरूष , आयु–71 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का निशान।	कंडिका–2(ix)
26.	1. आवेदन क्र0–185 2. आवेदक–मजीद अंसारी , पिता–जहूर अंसारी 3. ग्राम–जोंजरो , पोस्ट–जिंगी , थाना–कुडू , प्रखण्ड–कुडू 4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें हाथ में घाव का निशान।	कंडिका–2(ix)
	विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री आयता उराँव एवं छेदी अंसारी द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर।	
27.	1. आवेदन क्र0–204/24 2. आवेदक–रंजीत लकड़ा , पिता–स्व0 बेनेदिक लकड़ा 3. ग्राम–दोबा , पोस्ट–कुडू , थाना–कुडू , प्रखण्ड–कुडू 4. लिंग–पुरूष , आयु–72 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
28.	1. आवेदन क्र0–205/24 2. आवेदक–प्रेम चन्द लकड़ा , पिता–स्व0 बेनेदिक लकड़ा 3. ग्राम–दोबा , पोस्ट–कुडू , थाना–कुडू , प्रखण्ड–कुडू 4. लिंग–पुरूष , आयु–77 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिना गाल में तिल का दाग।	कंडिका–2(ix)
29.	1. आवेदन क्र0–206/24 2. आवेदक–चन्दा उराँव , पिता–स्व0 शिबा उराँव 3. ग्राम–उमरी , पोस्ट–कुडू , थाना–कुडू , प्रखण्ड–कुडू 4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिना पैर विकलांग।	कंडिका–2(ix)
30.	1. आवेदन क्र0–207/24 2. आवेदक–बुधवा उराँव , पिता–स्व0 बाजु उराँव 3. ग्राम–टाकू , पोस्ट–कुडू , थाना–कुडू , प्रखण्ड–कुडू 4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिना पैर के जांघ में तिल।	कंडिका–2(ix)
	विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी सधनु भगत एवं चैतु मुण्डा द्वारा आयोग के मा0 सदस्य के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पार्टी बैठक पंजी में नाम के आधार पर।	
31.	1. आवेदन क्र0–208/24 2. आवेदक–परमेश्वर भगत , पिता–स्व0 धुन्धा भगत 3. ग्राम–झांडु , पोस्ट–झांडु , थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा 4. लिंग–पुरूष, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–दोनो आंखो के भौं के बीच एक गढ़ा।	कंडिका–2(ix)
32.	1. आवेदन क्र0–209/24 2. आवेदक–संतेश्वर भगत , पिता–स्व0 धुन्धा भगत 3. ग्राम–झांडु , पोस्ट–झांडु , थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा 4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने गाल पर कट का निशान।	कंडिका–2(ix)
33.	1. आवेदन क्र0–210/24 2. आवेदक–महवारी उरांव , पिता–स्व0 पुन्ना उरांव 3. ग्राम–झांडु , पोस्ट–झांडु , थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा 4. लिंग–पुरूष, आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ के बांह में तिल का दाग।	कंडिका–2(ix)
34.	1. आवेदन क्र0–211/24 2. आवेदक–सावित्री भगत , पति–परमेश्वर भगत 3. ग्राम–झांडु , पोस्ट–झांडु , थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा 4. लिंग–महिला , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का दाग।	कंडिका–2(ix)
35.	1. आवेदन क्र0–214/24 2. आवेदक–विनय उरांव , पिता–स्व0 बिरसा उरांव 3. ग्राम–झांडु , पोस्ट–झांडु , थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा 4. लिंग–पुरूष, आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हथेली में तिल का निशान।	कंडिका–2(ix)
36.	1. आवेदन क्र0–215/24 2. आवेदक–लक्ष्मण उरांव , पिता–सनिया उरांव 3. ग्राम–झांडु , पोस्ट–झांडु , थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा 4. लिंग–पुरूष, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में लहसन का निशान।	कंडिका–2(ix)
37.	1. आवेदन क्र0–216/24 2. आवेदक–कमला एक्का , पति–निरंजन लकड़ा 3. ग्राम–बाघा सिंगपुर टोली , पोस्ट–बाघा , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा 4. लिंग–महिला , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ के मध्यमा अंगुली में तिल है।	कंडिका–2(ix)
38.	1. आवेदन क्र0–217/24 2. आवेदक–कृपाल उरांव , पिता–बन्धैया उरांव 3. ग्राम–भटकपुर (बरही) , पोस्ट–सिठियों , थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा 4. लिंग–पुरूष, आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पाव में कटे का निशान।	कंडिका–2(ix)
39.	1. आवेदन क्र0–218/24 2. आवेदक–सुनीता भगत , पति–रामेश्वर भगत 3. ग्राम–झांडु , पोस्ट–झांडु , थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा 4. लिंग–महिला , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आंख के पास कटे का निशान।	कंडिका–2(ix)
40.	1. आवेदन क्र0–219/24 2. आवेदक–नीता उरांव , पति–देवपाल उरांव 3. ग्राम–बरवा टोली , पोस्ट–लोहरदगा , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा 4. लिंग–महिला , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक पर तिल।	कंडिका–2(ix)
41.	1. आवेदन क्र0–220/24 2. आवेदक–फुलकुमारी खलखो , पति–अनुप केरकेट्टा 3. ग्राम–सेरेंहातु , तोढार , पोस्ट–जुरिया , थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा 4. लिंग–महिला , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ पर तिल।	कंडिका–2(ix)
42.	1. आवेदन क्र0–221/24 2. आवेदक–गन्दुर भगत , पिता–सोहराई भगत 3. ग्राम–झांडु , पोस्ट–झांडु , थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा 4. लिंग–पुरूष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में घाव का निशान।	कंडिका–2(ix)
43.	1. आवेदन क्र0–222/24 2. आवेदक–अनूप केरकेट्टा , पिता–चैतु केरकेट्टा 3. ग्राम–सेरेंहातु ,तोढार, सरना टोली , पोस्ट–जुरिया , थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा 4. लिंग–पुरूष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आंख के नीच तिल।	कंडिका–2(ix)
44.	1. आवेदन क्र0–224/24 2. आवेदक–रुदन उराँव , पति–स्व0 जयश्री राम उराँव 3. ग्राम–झखरा जितिया टोली , पोस्ट–बुटी , थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा 4. लिंग–महिला , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना कान में काला निशान।	कंडिका–2(ix)
	विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री अभय कुजूर , क्यूम खाँ , महबूब अंसारी एवं कृष्णा महतो द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू द्वारा स्थानीय जांच शिविर में आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर।	
45.	1. आवेदन क्र0–229/24 2. आवेदक–प्रमोद कुमार जायसवाल , पिता–स्व0 बालेश्वर प्रसाद भगत 3. ग्राम–राजाबंगला जुरीया रोड , पोस्ट–लोहरदगा , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा 4. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
46.	1. आवेदन क्र0–230/24 2. आवेदक–मनोवर अंसारी , पिता–स्व0 युसूफ अंसारी 3. ग्राम–इस्लाम नगर, लोहरदगा , पोस्ट–लोहरदगा , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा 4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
47.	1. आवेदन क्र0–231/24 2. आवेदक–प्रवेज शाह , पिता–स्व0 सैयद मकबुल शाह 3. ग्राम–थाना चौक, लोहरदगा , पोस्ट–लोहरदगा , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा 4. लिंग–पुरूष, आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
48.	1. आवेदन क्र0–232/24 2. आवेदक–छेदी अंसारी , पिता–स्व0 सुभान अंसारी 3. ग्राम–थाना टोली, वार्ड नं0 17 , पोस्ट–लोहरदगा , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा 4. लिंग–पुरूष, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
49.	1. आवेदन क्र0–233/24 2. आवेदक–आसीम अंसारी , पिता–स्व0 जमीरूद्दीन अंसारी 3. ग्राम–थाना टोली, वार्ड नं0 17 , पोस्ट–लोहरदगा , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा 4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
50.	1. आवेदन क्र0–234/24 2. आवेदक–एनामुल अंसारी , पिता–स्व0 सबदर अंसारी 3. ग्राम–राहत नगर, वार्ड नं0 01 , पोस्ट–लोहरदगा , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा 4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
51.	1. आवेदन क्र0–235/24 2. आवेदक–अब्दुल रशीद अंसारी , पिता–स्व0 जलील अंसारी 3. ग्राम–नारी नवाडीह , पोस्ट–लोहरदगा , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा 4. लिंग–पुरूष, आयु–72 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
3. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 336245 (Home) 24-25 (D)

सुप्रभात

रविवार 22.09.2024

धनबाद, वर्ष 01, अंक 155

epaper.khabarmantra.net

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

स्पीड न्यूज

सिजुआ मोड़ में सकलदेव सिंह की मनाई गई जयंती

कतरास। सिजुआ 10 नम्बर मोड़ स्थित शहीद सकलदेव सिंह चौक पर रविवार को शहीद सकलदेव सिंह को 71 वीं जयंती समारोह धूमधाम से मनाई गई. इस मौके पर उपस्थित लोगो ने नारा लगाकर अपनी आवाज बुलंद की। मौके पर मुख्य रूप से बिहार जनता खान मजदूर संघ के महामंत्री सह कांग्रेस नेता रणविजय सिंह, एरिया 4 सेक्टरी छोटू सिंह, एरिया 4 के जीएम राजकुमार अग्रवाल, भूमि कंपनी जीएम रंजीत उपाध्याय, आर .के कंपनी के जीएम आनंद सिंह, जेएमएम नेता सुमित महतो, हलीम अंसारी, आजाद मुखिया, रमेश सिंह, रविंद्र सिंह, सतेंद्र सिंह, सुलेंदर सिंह, प्रीतम रवानी ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

विद्यायक की माता की पुण्यतिथि मनी

कतरास। पेमिया ऋषिकेश मेमोरियल पब्लिक स्कूल मे टुंडी के विधायक मथुरा प्रसाद महतो की माताजी स्व. पेमिया देवी की 24 वीं पुण्यतिथि मनाई गई. इस मौके पर उपस्थित जनों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया. इस मौके पर दयाल महतो, संजय राय, चंद्रिका सिंह यादव, सुकुमार मुखर्जी, बाबूनाथ महतो,मंटू महतो, बसंत महतो, राजेश महतो, आनंद महतो, डा.अशोक वर्मा, गफुर अंसारी इत्यादि उपस्थित थे।

कतरास में भाजपा का मिलन समारोह

कतरास। कतरास बाजार आनंद नगर में भाजपा का मिलन समारोह मनाया गया. अध्यक्षता मनोज दत्ता व संचालन मुकेश भट्ट ने किया. समारोह में मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि शत्रुध्न महतो ने उपस्थित जनों से आगामी विधानसभा चुनाव के लिए तैयार रहने को कहा. उन्होंने कहा की बाघमारा की जनता के लिये उनका परिवार हर समय खड़ा रहते है. मौके पर उन्होंने डबल इंजन की सरकार बनाने का आह्वान किया. उन्होंने कहा की जबतक झारखंड में भाजपा सत्ता में नहीं आयेगी. तबतक इस राज्य का कल्याण नहीं होगा. इस मौके पर डॉ मधुमाला, डॉ स्वतंत्र कुमार, मंडलध्यक्ष सूर्यदेव मिश्रा, श्रीकांत चटर्जी, उमाकांत रिवारी, कुमार विशाल इत्यादि उपस्थित थे।

बिनोद बिहारी महतो की 101वीं जयंती की तैयारी शुरू

धनबाद। आगामी 23 सितंबर को बिनोद बिहारी महतो की 101 वीं जयंती बिनोद बिहारी महतो जन जागरण ट्रस्ट द्वारा भेलाटांड़ में मनाई जाएगी। इस संदर्भ में शनिवार को भेला टांड़ में आयोजित बैठक में मुख्य रूप से ट्रस्ट के अध्यक्ष दामोदर प्रसाद,सचिव इंद्र नारायण महतो व सचिव अरुण प्रसाद,कोषाध्यक्ष राजकिशोर महतो, उपाध्यक्ष गणपत महतो, गोपाल यादव,ए दिगंबर, सुदीस्ट कुमार,दिगंबर महतो, रामचंद्र महतो, समाजसेवी बसंत यादव, ट्रस्टी बीके सिन्हा,नवल प्रसाद, रामस्वरूप प्रसाद, मदन महतो शक्ति महतो ने अपने अपने विचार रखें और बिनोद बिहारी महतो का जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया बैठक में नंदलाल महतो, गोलक बिहारी महतो, राजेश महतो, तुलसी महतो,अनिल महतो, रमेश महतो, मगाराम महतो, गोरा चंद महतो उपस्थित थे।

धनबाद में शांतिपूर्वक संपन्न हुई परीक्षा : डीसी

●हिंदी में कुछ आउट आफ सिलेबस प्रश्न ने बढ़ाई परेशानी

खबर मंत्र संवाददाता

धनबाद। जिले में शनिवार को कड़ी सुरक्षा के बीच झारखण्ड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा (जेएसएससी सीजीएल) ली गई। सभी 74 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण रही। उक्त जानकारी समाहरणालय में पत्रकारवार्ता आयोजित कर उपायुक्त माधवी मिश्रा ने दी। उन्होंने बताया कि परीक्षा को लेकर सुबह 8 बजे से 1:30 बजे तक इंटरनेट सेवा बंद रही। परीक्षा सुबह साढ़े आठ बजे से शाम पांच बजे तक तीन शिफ्ट में ली गई। कदाचार मुक्त परीक्षा कराने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर परिक्षेत्र में निषेधाज्ञा जारी की गई थी। परीक्षा केंद्रों पर 540 से अधिक पुलिस जवान व पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। पुलिस की सख्ती के कारण कहीं से भी हो हंगामें की खबर सामने नहीं आयी है। परीक्षा का दूसरा चरण रविवार को भी जारी रहेगा।

इंटरनेट बंद रखने के फैसले की सराहना

परीक्षार्थियों ने सरकार के निर्णय की सराहना

शहर के हीरापुर स्थित अभ या सुंदरी उच्च विद्यालय में परीक्षा देने पहुंची महिला अभयर्थियों ने इस परीक्षा को स्वच्छ और निष्पक्ष बताया। परीक्षा के दौरान सरकार द्वारा इंटरनेट सेवा बंद रखने के फैसले की सराहना की। अभीयर्थियों ने बताया कि पिछली बार पेपरलीक जैसे मामले को देखते हुए सरकार नही सही फैसला किया है। इससे मेहनत करने वाले परीक्षार्थियों का रिजल्ट अच्छा आयेगा। अड्डयर्थियों ने बताया कि पेपर थोड़ा कठिन था। कुछ ने कहा कि लगातार पढ़ाई करने वालों के लिए प्रश्न हल करना मुश्किल नहीं था। हिंदी में कुछ आउट आफ सिलेबस प्रश्न पूछे गए थे। कहानियां ज्यादा थी, व्याकरण से कम प्रश्न पूछे गए थे।

परीक्षा केंद्र पर पंखा और पीने के पानी का दिखा अभाव

प्रश्नपत्र में त्रुटियों के संबंध में अभयार्थियों ने बताया कि यह पूरी तरह सीलबंद था। पांच अभूयर्थियों के सामने सील खोला जा रहा था। पांचों अभूयर्थियों से हस्ताक्षर भी कराए जा रहे थे। प्रश्नपत्र में कोई त्रुटी नहीं नजर आयी। लेकिन परीक्षा केंद्र में पंखा और पानी की सुविधा का अभाव दिखा। उमस भरी गर्मी के कारण पश्नों का उत्तर देखने में कठिनाईयां हो रही थी। पानी की किल्लत ड्डभी देखने को मिली। इतना ही नहीं परीक्षा केंद्र के अंदर प्रयाप्त रौशनी का भी अभाव था। परीक्षा समाप्त होंने के बाद शहर की सभी मुख्य सड़कों पर लंबा जाम देखने को मिला। इससे अड्डयार्थी सहित आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

जे.जी.जी.एल.सी.सी.ई.- 2023 परीक्षा केंद्रों का डीसी ने किया निरीक्षण

खबर मंत्र संवाददाता

धनबाद। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा ने आज जिले में आयोजित झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा - 2023 (जे.जी.जी.एल.सी.सी.ई. - 2023) के दौरान लुबी सर्कुलर रोड स्थित श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट (एसएसएलएनटी) महिला महाविद्यालय, हिरक रोड स्थित माउंट लिटेरा जी स्कूल सहित अन्य परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।इस क्रम में उन्होंने ऑब्जर्वर, सेंटर सुपरीटेंडेंट, स्टेटिक दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी से सुरक्षा, विधि व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे, मोबाइल जैमर सहित अन्य सुविधाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त की। साथ ही कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

मुरली पहाड़ी से आजसू का नवनिर्माण संकल्प यात्रा आज

गांवों का होगा भ्रमण

खबर मन्त्र संवाददाता

जामताड़ा। 22 सितंबर से 25 सितंबर तक चलने वाली झारखंड नवनिर्माण संकल्प यात्रा मुरली पहाड़ी से प्रारंभ होकर के पूरे जामताड़ा विधानसभा का भ्रमण करते हुए मिहिजाम नगर में यह 25 तारीख को समाप्त होगी। आजसू पार्टी सदैव झारखंड के नवनिर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निरवाहन करते आ रही है। झारखंड बनने से लेकर आज तक आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो ने अपनी इच्छा शक्ति से झारखंड में विकास के कई मापदंडों को खड़ा करने का प्रयास किया। इसी झारखंड नवनिर्माण की कड़ी को आगे बढ़ते हुए जामताड़ा विधानसभा के गांव में रहने वाले जनमानस से सीधा संवाद करके जामताड़ा में परिवर्तन के हेतु आग्रह करेगी। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव तरुण गुप्ता ने कहा कि झारखंड बनने के समय झारखंड के लोगों ने जो सपना देखा था। आज कहीं ना कहीं वह अधूरा रह गया है। खास तौर पर जामताड़ा विधानसभा में जिस इच्छा शक्ति की जरूरत थी उसे जनप्रतिनिधि ने कुचलने का कार्य किया। यहां के नौजवानों को शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य और रोजगार जो मिलना चाहिए था उससे उनको वंचित कर दिया गया। आज भी आदिवासी, दलित, पिछड़े अल्पसंख्यकों के गांव में सड़कों के साथ-साथ हर विकास की किरण से उसे मरहूम कर दिया गया है ।आजसू पार्टी जामताड़ा के नवनिर्माण के लिए यह यात्रा प्रारंभ किया है ,जो लगातार चार दिनों तक चलकर जामताड़ा की जनमानस को जगाने का काम करेगी की आने वाले समय आपका धर्म और कर्तव्य बनता है यहां पर परिवर्तन के इस बेला में अपनी भूमिका का निर्माण करने का प्रयास करिए, अगर आने वाले समय अगर हम गलत करते हैं, तो निश्चित तौर पर हमें 5 सालों तक फिर परेशानियों का सामना करना पड़ेगा ।कल होने वाली संकल्प यात्रा की तैयारी पूरी हो गई है और लोग बेसरबी से इस यात्रा को स्वागत करने के लिए तैयार है। इस मौके पर पार्टी के कार्यकारी जिला अध्यक्ष निमाई चंद्र सेन ,वासुदेव गोस्वामी, जितेंद्र मंडल, बम शंकर दुबे सलाउद्दीन अंसारी, इमामुद्दीन अंसारी, परमेश्वर रजवार ,रोहित गुप्ता के साथ दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

ट्रांसफर्मर जलने से छाताबाद में अंधेरा पसरा, लोग परेशान

कतरास। कतरास कोयलांचल के छाताबाद इलाके में एक साथ तीन ट्रांसफर्मर जलने से यहाँ छाताबाद, ऑफिसर कॉलोनी, छाताबाद बस्ती एवं आसपास अंधेरा पसर गया है. बिजली नहीं रहने से इस उमस भरी गर्मी में लोग परेशान हो गए हैं. छात्रों की पढ़ाई बाधित हो गई है. घरों में गृहनियां परेशान है. बिजली के साथ पानी संकट उत्पन्न हो गया है. बताते चले की प्रभावित क्षेत्र में करीब 15 हजार की आबादी के समक्ष घोर संकट उत्पन्न हो गया है. इस समस्या को लेकर वार्ड संख्या 2 के पार्षद प्रतिनिधि मासूम खान ने शुक्रवार को बीसीसीएल के गोविंदपुर महाप्रबंधक जीसी साहा से भेंट कर उन्हें वस्तु स्थिति से अवगत कराया. महाप्रबंधक ने जल्द बिजली व्यवस्था दुरूस्त कराने का आश्वासन दिया।

एक नजर में

उपायुक्त ने किया डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण

धनबाद। झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा – 2023 को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा ने जिला कोषागार स्थित डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने प्रश्न पत्रों को आयोग द्वारा निर्धारित एसओपी के तहत समय पर और सुरक्षित तरीके से संबंधित परीक्षा केंद्रों में पहुंचाने का निर्देश दिया।साथ ही संबंधित परीक्षा केन्द्र के कोड का प्रश्न पत्र के बॉक्स में लगे कोड के साथ अच्छे से मिलान करने, निर्धारित वाहन और निर्धारित रूट से गंतव्य तक पहुंचने का निर्देश दिया। डिस्पैच सेंटर में उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्रीमती हेमा प्रसाद, जिला शिक्षा पदाधिकारी श्रीमती निशु कुमारी के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

जेएसएससी, सीजीएल परीक्षा गड़बड़ी को देख पुलिस ने दो संदिग्ध को दबोचा

परीक्षार्थियों से जुड़े 21 दस्तावेज, तीन मोबाइल, तीन एटीएम, बैंक का चेक बरामद पकड़े गए युवकों से हो रही कड़ी पूछताछ

धनबाद। जेएसएससी, सीजीएल परीक्षा – 2023 के दौरान गड़बड़ी की आशंका को देखते हुए पुलिस ने झरिया थाना क्षेत्र से दो संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया है। हिरासत में लिए गए दोनो युवकों के पास से 21 परिक्षार्थियों से जुड़ी जानकारी के दस्तावेज, तीन मोबाइल फोन, तीन एटीएम कार्ड व बैंक से संबंधित चेक लीफ को बरामद किया गया है। उक्त जानकारी शनिवार को समाहरणालय में प्रेसवार्ता के दौरान एसएसपी एचपी जर्नादनन ने दी। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्यवाई की गई है। एसडीओपी सिंदरी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर झरिया थाना क्षेत्र में छापेमारी करते हुए एक मकान से दो संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है। पकड़े गए युवक झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 को प्रड्डभावित करने के उद्देश्य से धनबाद पहुँचे थे। इन दोंनो को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न कराने के लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रही। रेलवे स्टेशन, बसडीपो एवं होटल पर कड़ी नजर रखी जा रही है। रविवार को होंने वाली परीक्षा को लेकर पूरी सर्तकर्ता बरती जा रही है। किसी भी विपरीत परस्थितियों से निपटने के लिए पुलिस तैयार है।

परिवर्तन यात्रा को ले गोविंदपुर में भाजपा की बैठक में हुई चर्चा

गोविंदपुर। गोविंदपुर पूर्वी मंडल के अंतर्गत हरदेवराम स्मृति भवन में किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष समीर कुमार साव जी के अध्यक्षता में बैठक हुई ।बैठक के मुख्य अतिथि प्रदेश किसान मोर्चा के अध्यक्ष एवं सिंदरी विधानसभा चुनाव के प्रभारी पवन साहू थे। परिचयात्मक बैठक व झारखंड से भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेकने के लिए परिवर्तन यात्रा की तैयारी को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा हुई । बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्य समिति के सदस्य ज्ञान रंजन सिन्हा, वर्तमान ग्रामीण जिला अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर प्रदेश कार्य समिति के सदस्य धर्मजीत सिंह, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष विक्रांत उपाध्याय, ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष बलदेव महतो एवं राजेश चौधरी किसान मोर्चा प्रदेश कार्य समिति की सदस्य श्री संजीव मिश्रा टुंडी किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह प्रभारी सुरेश महतो ग्रामीण जिला के उपाध्यक्ष श्री मोहन कुमार अमरदीप सिंह गोविंदपुर पूर्व मंडल के अध्यक्ष श्री तालेश्वर साव उपस्थित थे।

एसबेस्टस तोड़कर दो दुकानों में चोरी

खबर मन्त्र संवाददाता

महुदा। शुक्रवार की देर रात चोर ने एक साथ दो दुकानों में चोरी की घटना को अंजाम दिया। महुदा थाना क्षेत्र स्थित हाइवे के नजदीक संचालित मिठाई दुकान एवं कपड़े की दुकान के अल्बेस्टर को तोड़कर चोर दुकान में अंदर घुसे। इसके बाद चोर ने दुकान के गल्ले को तोड़कर नकदी सहित अन्य सामान चोरी किए। इस दौरान चोर ने पूरे दुकान के सामान को अस्त-व्यस्त कर दिया। वहीं घटना को अंजाम दे रहे चोर दुकान में लगे सीसीटीवी से अनजान चोरी में इस कदर लीन थे कि उन्हें तनिक भी भनक नहीं हुआ की उनकी तमाम चहलकदमी दुकान में लगे सिसिटीवी कैमरे में कैद हो रही है। घटना को अंजाम दे रहे चोर की सारी करतूत दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। दुकानों में हुई चोरी की भनक लगते ही दुकानदारों ने घटना की सुचना पादुगोड़ा पंचायत के मुखिया महेश पटवारी को दिया। खबर पाकर मुखिया घटनास्थल पहुंचे और घटना की सुचना तत्काल महुदा थाना प्रभारी धीरज कुमार को दिया। सुचना पाकर महुदा थाना प्रभारी सदलबल घटनास्थल पहुंचे और दुकानदारों से मामले की जानकारी लेते सीसीटीवी फुटेज अपने साथ ले गए। और फुटेज की मदद से आरोपियों की तलाश में जुट गए।

मुखिया महेश पटवारी ने बताया कि चोर दुकान का अल्बेस्टर तोड़कर अंदर घुसे थे। इसके बाद गल्ला तोड़कर नकदी सहित अन्य सामान चोरी किए। इस दौरान चोरों ने पूरे दुकान का सामान को अस्त-व्यस्त कर दिया। मामले की सूचना महुदा पुलिस को दे दी गईं हैं।

जीवन को निखारती है सत्संगति : संत विज्ञान देवजी महाराज

वाराणसी में 25000 कुंडीय ज्ञान महायज्ञ दिसंबर में

खबर मंत्र संवाददाता

धनबाद। अध्यात्म मानव जीवन की अपरिहार्य आवश्यकता है। इसके द्वारा हमारे जीवन का संपूर्ण विकास होता है। विहंगम योग का सैद्धान्तिक सद्ग्रन्थ स्वर्वेद अध्यात्म जगत की एक अन्यतम कृति है। यह हमारी आध्यात्मिक यात्रा को सदैव जागृत रखता है। उक्त उद्गार स्वर्वेद कथामृत के प्रवर्तक संत विज्ञान देव जी महाराज ने संकल्प यात्रा के क्रम मे शहर के टाउन हॉल मे आयोजित जय स्वर्वेद कथा एवं ध्यान साधना सत्र में व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सत्संगति हमारे जीवन को निखारती है। शरीर की पुष्टि और इन्द्रियों की तृप्ति मानव जीवन का उद्देश्य नहीं हो सकता। शरीर का ध्यान रखना है, जितना आवश्यक है। शरीर को सबकुछ समझ कर आत्मकल्याण के मार्ग से दूर हो जाना ये श्रेष्ठ जीवन नहीं है। संत प्रवर ने बताया कि आज मन पर नियंत्रण न होने से समाज में विसंगतियाँ बढ़ रहीं हैं। युनेस्को की एक प्रस्तावना कहती है कि युद्ध की प्राचीरें कुत्सित मन से निकलती हैं। अतः मन पर नियंत्रण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमारे मन में असीम शक्ति है। ईश्वर ने हमें बड़ी शक्तियों वाला अन्तःकरण दिया है। मानव के मन में अशांति है और जब तक यह अशांति है तब तक विश्व में शांति की कल्पना नहीं की जा सकती। मन की अशांति को विहंगम योग की ध्यान साधना के द्वारा दूर किया जा सकता है। उन्होंने जय स्वर्वेद कथा के क्रम में कहा कि भारत की आत्मा का नाम अध्यात्म है। आध्यात्मिक महापुरुषों के बदौलत ही भारत विश्व गुरु रहा है, विश्वगुरु है और मैं कहता हूं भारत विश्व गुरु रहेगा। उन्होंने श्रद्धालुओं को विहंगम योग के क्रियात्मक योग साधना को सिखाया। कहा कि यह साधना खुद से खुद की दूरी मिटाने के लिए है। स्वर्वेद के दोहों की संगीतमय प्रस्तुति से श्रोता मंत्रमुग्ध हो उठे।दिव्यवाणी के पश्चात मुख्य आगंतुकों को संत प्रवर जी के हाथों विहंगम योग का प्रधान सद्ग्रन्थ स्वर्वेद भेंट किया गया।

मौके पर ये लोग थे मौजूद

मौके पर प्रमुख रूप से जीपी सिंह, रत्नेश कुमार सिंह, रवीन्द्र अम्बष्ट, आशुतोष शेखर, डब्ल्यू सिंह, आरबी कुमार, आरडी शर्मा, संजीव सिंह, दयकांत, सती केशरी, हिमांशु शेखर सिंह, श्रीनाथ यादव, किशोरी गुप्ता, बिजेन्द्र सिंह, अरूण पाण्डेय, गुलाब सिंह, एमपी सिंह, मुन्ना बर्णवाल, मुकुंद राम, भरत सिंह, रवीन्द्र सिंह, बह्मदेव सिंह, ओपी सिंघम, अशोक महतो, सुरेन गोप, अंजू सिंह, रामलाल महतो, माणिक भंडारी, कोकिला गोराई, लालदेव महतो, सुखेन आदि लोग उपस्थित रहे।

विज्ञान देवजी कर रहे हैं पदयात्रा

आयोजकों ने बताया कि विहंगम योग सन्त समाज के शताब्दी समारोह महोत्सव एवं 25000 कुण्डीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ के निमित्त संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज का 7 जुलाई से संकल्प यात्रा का शुभारंभ कन्याकुमारी से हुआ है। यात्रा के प्रथम चरण में दक्षिणभारत के सभी राज्यों के विभिन्न शहरों के पश्चात छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, उड़ीसा, मध्यप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, बिहार के बाद झारखण्ड के गढ़वा, डालटनगंज, लातेहार, गुमला, रांची, जमशेदपुर, बोकारो,रामगढ़, हजारीबाग, बेरमो, देवघर के बाद धनबाद में पहुंची है ।आगामी 6 एवं 7दिसंबर 2025 को विशालतम ध्यान – साधना केंद्र (मेडिटेशन सेंटर) स्वर्वेद महामंदिर, वाराणसी के पावन परिसर में 25000 कुंडीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ होना है। उसी क्रम में यह संकल्प यात्रा हो रही है जिससे अधिक से अधिक लोगों को पूरे भारत वर्ष में लाभ मिले।

ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

मैथन। थापरनगर एवं मुगमा रेलवे स्टेशन के बीच सेंट्रल पुल के रेलवे के कांटा घर के समीप डाउन लाइन पर अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से खुदिया कोलियरी शांति कॉलोनी निवासी 30 वर्षीय साजन भुइयां की मौत घटना स्थल पर ही मौत हो गई। शनिवार की सुबह लोग जब उधर शौच के लिए गए, तो लोगों ने शव को रेलवे ट्रैक के किनारे देखा। स्थानीय लोगों ने मामले की जानकारी निरसा पुलिस एवं जीआरपी को दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया है। पुलिस एवं जीआरपी ने आसपास के लोगों से उसकी जानकारी लेने का काफी प्रयास किया, परंतु कोई भी मृतक के संबंध में जानकारी नहीं दे पाया। पुलिस ने मृतक को अज्ञात मानकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शनिवार की शाम को मृतक के स्वजनों को मामले की जानकारी मिली। मृतक के कपड़े से स्वजनों ने उसकी पहचान की। हालांकि मृतक के स्वजन उसकी खोज भी कर रहे थे। इस संबंध में मृतक के पिता रुदल भुइयां ने बताया कि साजन मानसिक बीमारी से ग्रस्त था। मृतक 6 भाई बहनों में चौथे नंबर पर था। मानसिक रूप से बीमार रहने के कारण उसकी शादी नहीं हुई थी। मृतक ब्लू एवं सादे रंग का चेकदार शर्ट एवं ट्राउजर पहने हुए था। मृतक का सर रेलवे ट्रैक से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। जिसके कारण उसका चेहरा पहचान में नहीं आ रहा था।

भाजपा नेत्री से मिले जौनपुर के पूर्व सांसद

धनबाद। उत्तर प्रदेश जौनपुर के पूर्व सांसद कृष्ण प्रताप सिंह ने अपने धनबाद प्रवास के दौरान शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह से उनके आवासीय कार्यालय में औपचारिक मुलाकात की। श्रीमती सिंह ने शॉल व पुस्तक भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। दोंनो के बीच पारिवारिक एवं संगठनात्मक विषयों पर बातचीत हुई।

स्पीड न्यूज

एसएनएमएमसीएच के नये अधीक्षक ने लिया पद भार

धनबाद। शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एण्ड अस्पताल के नये अधीक्षक के रूप में शनिवार को डॉ. संजय कुमार चौरसिया ने पदभार संभाल लिया। वर्तमान अधीक्षक ज्योति रंजन ने उन्हें अपना बुके देकर उनका स्वागत किया। वहीं नये अधीक्षक ने बताया कि एसएनएमएमसीएच में पहले भी सर्जरी का विभागाध्यक्ष रह चुका है। इसके अलावा मैं रेसिडेंस चिकित्सक, एसोसिएट प्रोफेसर भी रह चुका हूं। इसके बाद आज अधीक्षक का प्रभार लिया हूं। अपनी क्षमता का पूरा उपयोग करते हुए यहां कि कमियों को दूर करने का प्रयास करूंगा। यहां पारा मेडिकल स्टॉफ कि कमी दूर हो, मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिले, इन सभी विषयों पर ध्यान देने का काम किया जायेगा।

दुष्कर्म के आरोपी को दस वर्ष कैद

धनबाद। युवती के साथ दुष्कर्म करने के मामले में आज अदालत ने फैसला सुनाया धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजनीकांत पाठक की अदालत ने मामले के नामजद आरोपी सिंगारडिह पूर्वी टुंडी निवासी कृष्णा हेंब्रम को दस वर्ष कैद एवं दस हजार रुपए जुमार्ना से दंडित किया है। प्राथमिकी पीड़िता की शिकायत पर पूर्वी टुंडी थाने में 4 सितंबर 21 को दर्ज की गई थी । प्राथमिकी के मुताबिक पीड़िता 30 जनवरी 21 को 7:00 बजे सुबह तालाब में नहाने जा रही थी कि पीछे से आकर कृष्णा ने उसे पकड़ लिया, घसीट कर जंगल मे ले गया तथा उसके साथ दुष्कर्म किया था ।अनुसंधान के बाद पुलिस ने 30 सितंबर 21 को कृष्णा के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था . 18 मई 22 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी। लोक अभियोजन अवधेश कुमार ने कुल 10 गवाहों का परीक्षण कराया था।

राजगंज में परिवर्तन रैली आई तैयारी

राजगंज। राजगंज मंडल के ठाकुरबारी राम जानकी मंदिर में भाजपा की बैठक हुई जिसमे 23 तारीख की परिवर्तन यात्रा रथ के कार्य क्रम को सफल बनाने को लेकर चर्चा हुई ।विधानसभा चुनाव निमित्त विशेष रूप से टुंडी विधानसभा चुनाव प्रभारी सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री रमेश कुमार राही ने कार्यकताओं का मार्गदर्शन देते हुए भाजपा राजगंज मंडल से परिवर्तन यात्रा में भारी संख्या में बराकर नदी पहुंचने का आवाहन किया। सभी शक्ति केंद्र में बैठक कर बूथ सत्यापन करना, हर बूथ का व्हाट्सएप ग्रुप बनाना है। हर बूथ का जातीय समीकरण का आंकड़ा निकालना, अभी तक जिस बूथ की बैठक नहीं हुई है ।बूथ कमेटी की सत्यापन नहीं हुई उसे जल्द से जल्द करना है। एवं 29 तारीख को प्रधानमंत्री की मन की बात को सभी बूथ में बूथ कमेटी के साथ कार्यक्रम करना है।

झारखंड होम गार्ड एसो. का सम्मेलन आज

धनबाद। झारखंड होम गार्ड वेलफेयर एसोसिएशन का रविवार को गांधी सेवा सदन में महासम्मेलन होगा। जिसमें झारखंड सहित अन्य राज्यों के पदाधिकारी शामिल होंगे। उक्त जानकारी शनिवार को सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता आयोजित कर संगठन के अधिवक्ता अभूय कांत मिश्रा ने दी। उन्होंने बताया कि होमगार्ड जवानों से पुलिस की तरह ही काम लिया जाता है। लेकिन उनकी जैसी सुविधाएं इन्हें नहीं मिलती है। इन्हें काफी कम वेतन मिलता है। अभी सरकार ने समान काम का समान वेतन देने की बात कही है। अब देखना है कि सरकार अपने वादे पर कितना खरा उतरती है। इन्हें पीएफ, महंगाई भाता आदि जैसी कोई सुविधा नहीं मिलती है। महासम्मेलन में इन्हीं सब मुद्दों को लेकर रणनीति तैयार की जायेगी।

शताक्षी महिला मंडल ने कुमारधुबी कोलियरी में किया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

स्वास्थ्य को लेकर रहें जागरूक

खबर मन्त्र संवाददाता

मैथन। शताक्षी महिला मंडल की मुगमा शाखा द्वारा शनिवार को कुमारधुबी कोलियरी के स्वास्थ केंद्र में स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर ईसीएल मुगमा एरिया के महाप्रबंधक एसके चौधरी, अभिकर्ता दिलीप राय, प्रबंधक सुनिल कुमार दास आदि मौजूद थे। शिविर में मधुमेह जांच, एनीमिया जांच व हीमोग्लोबिन जांच भी किया गया। शिविर में 125 लोगों की जांच की गई। शिविर का उद्घाटन शताक्षी महिला मंडल मुगमा शाखा की अध्यक्षा शाश्वति चौधरी ने फीता काटकर की। उसके बाद स्वास्थ शिविर का निरीक्षण कर सभी को स्वास्थ के प्रति जागरूक रहने तथा बीच-बीच में स्वास्थ जांच कराने की सलाह दी।

उन्होंने कहा की शताक्षी महिला मंडल लगातार क्षेत्र में सामाजिक कल्याण के लिए विभिन्न तरह के कार्यक्रम करती रहती है। आने वाले समय में रक्तजांच शिविर, खाद्य सामग्री वितरण सहित अन्य तरह के सामाजिक कल्याण के लिए कार्यक्रम का आयोजन करेगी। मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि ईसीएल मुगमा एरिया के महाप्रबंधक एसके चौधरी ने कहा की मनुष्य का जीवन सबसे बेहतर प्राणियों में है, परन्तु इसे अगर सात्विक रूप से जिया जाय तब। स्वास्थ के प्रति सभी को सजग रहना चाहिए। आज के दौर में लोग शारीरिक कार्य नहीं करते। जिसके चलते समय से पहले ही कई बीमारियों के चपेट में आ जाते है। इसलिए स्वस्थ रहने के लिए रोजाना व्यायाम करना आवश्यक है। उन्होंने महिलाओं को स्वास्थ के प्रति विशेष ध्यान देने पर जोर दिया। कहा कि स्वास्थ के प्रति सजग नहीं होने के कारण ज्यादातर महिलाएं एनीमिया के शिकार हो रहे है। वहीं कोलियरी प्रबंधन द्वारा सभी अतिथियों एवं शताक्षी महिला मंडल के सदस्यों को बुके एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। शिविर में काफी संख्या में महिला उपस्थित थी।

मौके पर थे मौजूद

मौके पर जीएम एसके चौधरी, अंजुकान्त, अर्चना शर्मा, रश्मि प्रकाश, रानी सिंह, रेखा सिंह, बुलबुल, सुगम भूषण, दिलीप राय, सुनील कुमार दास, डॉ. प्रदीप कुमार, रति मोहन शर्मा, डॉ. कल्याणी मंडल, डॉ. मोनिका सिंह, रामजी यादव, हरेंद्र मिश्रा, राजेंद्र नाथ घोष, अंकुश यादव, सुभम विश्वकर्मा, अभिषेक राय, रामानंद राजभर उपस्थित थे।

सांसद ढुलू महतो को एक वर्ष के लिए यात्रा करने की छूट

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो को एक वर्ष तक के लिए सशर्त यात्रा करने की छूट अदालत ने दी है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत ने ढुल्लू महतो को मोबाइल फोन पर उपलब्ध रहने, नंबर ना बदलने तथा आधार नंबर अदालत में जमा करने की शर्त लगाई है। डोमन महतो पर जानलेवा हमला करने के मामले में ढुल्लू महतो की ओर से अदालत में आवेदन देकर कहा गया था कि वह अपनी बेटी प्राची कुमारी का केलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी मैं नामांकन करना है। वह अपनी पुत्री का गार्जियन है। उसकी पुत्री को केलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी फ्रेसनो के राजनीतिक विज्ञान के कार्यक्रम में भाग लेना है। जिसमें उन्हें अपनी पुत्री के साथ कैलिफोर्निया जाना है इसकी अनुमति दी जाए। अदालत ने ढुल्लू महतो के आवेदन को स्वीकार करते हुए एक वर्ष तक के लिए यात्रा पर जाने की छूट दी है।

एक नजर में

पुटकी के लोगों को टैंकर से मिला पानी

धनबाद। पिछले दो हप्ते से पेजयल संकट से जूझ रहे पटकी के लोगों ने शनिवार को राहत की सांस ली। कांग्रेस नेता मयूर शेखर झा ने अपने सहयोगियों के साथ लोगों को टैंकर से पानी उपलब्ध कराया। उन्होंने स्थानीय लोगों को आश्वस्त कराया कि जब तक जलापूर्ति शुरू नहीं हो जाती, आपलोगों को टैंकर से पानी उपलब्ध कराया जाता रहेगा। साथ ही उन्होंने झमाडा प्रबंधन से बातकर जल्द जलापूर्ति बहाल कराने की बात कही। ज्ञात हो विगत दो हफ्तों से मोटर खराब होने से इस क्षेत्र के लोग परेशानी का सामना कर रहे है।

भाजपा की परिवर्तन यात्रा को लेकर राज ग्राउंड का निरीक्षण, शुभेंदु अधिकारी रहेंगे मौजूद

कुमारधुबी। आगामी 23 सितंबर को परिवर्तन यात्रा को सफल बनाने को लेकर शनिवार निरसा विधायक अपर्णा सेन गुप्ता ने उपचुरिया पंचायत राज ग्राउंड का मुआयना किया। 23 सितंबर को परिवर्तन यात्रा के दौरान यहां होने वाली सभा में पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष शुभेनदु अधिकारी और जमशेदपुर के भाजपा सांसद विधुवरण महतो शामिल होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में भाजपा कार्यकर्ता जोरशोर से लगे हैं। विधायक अपर्णा गुप्ता ने पत्रकारों से बातचीत में कहा की राज्य की जनता हेमंत सरकार को बदलने का मन बना चुकी है, और इस बार सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाने के उद्देश्य के तहत ही भाजपा राज्यभर में परिवर्तन यात्रा निकाल रही है।

आंदोलनकारी झामुमो के बलदेव सिंह का निधन

मैथन। मैथन निवासी झारखंड आंदोलनकारी, क्रांतिकारी झामुमो के अगुआ नेता सरदार बलदेव सिंह (62) का निधन शुक्रवार हो गया। स्वर्गीय बलदेव सिंह निरसा में शिबू सौरेन और सूरज मंडल के काफी नजदीकी में से रहे हैं। वें अपने दो पुत्रों, पत्नी और भरा पुरा परिवार छोड़ कर गये। मैथन आजाद नगर स्थित आवास पर उनके पार्थिव शरीर पर अशोक मंडल और पूर्व केंद्रीय समिति सदस्य काजल चक्रवर्ती, उपेंद्र नाथ पाठक, झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष रामनाथ सोरेन, भोला साव, राजू झा, बिरेंद्र अटल, शंकर गांगुली, द्वारिकानाथ मंडल, अविनाश महतो सहित दर्जनों झामुमो कार्यकर्ता पहुंच कर उनके पार्थिव शरीर पर पार्टी का झंडा, फुल माला पहनाकर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। श्री अशोक मंडल ने सभी साथियों को बताया कि बलदेव सिंह झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता थे। उनके नेतृत्व आंदोलन को सफलता मिली। वे झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता शिबू सोरेन और सूरज मंडल के काफी नजदीकियों में से रहे।

बिना चालान बालू लदा 2 हाइवा और एक टाटा 407 जब्त

एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया जारी

धनबाद। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई जारी रखते हुए अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक के नेतृत्व में बीती रात टुंडी और बलियापुर थाना क्षेत्र में जांच अभियान चलाया गया। इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी श्री रजक ने बताया कि जांच के क्रम में टुंडी थाना क्षेत्र के घुरनीबेड़ा से एक हाइवा संख्या जेएच 10 सी.एल. 1226 तथा लोधरीया मोड़ के पास एक टाटा 407 संख्या जेएच 01 ए.पी. 1445 को बिना परिवहन चालान बालू का परिवहन करते पकड़ा गया। अभियान की दूसरी कड़ी में बलियापुर थाना क्षेत्र में बिना परिवहन चालान बालू का परिवहन करते हाइवा संख्या जेएच 10 सी.वी. 7760 को पकड़ा गया। सभी वाहनों को संबंधित थाना को सुपुर्द कर एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है ।अभियान में अनुमंडल पदाधिकारी श्री उदय रजक, अंचल अधिकारी गोविंदपुर श्री धर्मेन्द्र दुबे, अंचल अधिकारी टुंडी श्री जितेन्द्र प्रसाद, अंचल अधिकारी बलियापुर श्री सुदीप एक्का तथा आवंटित पुलिस बल शामिल थे।

शिवलीबाड़ी पहुंची आपकी सरकार आपके द्वारा, शिविर में लोगों के पड़े 200 आवेदन

खबर मन्त्र संवाददाता

कुमारधुबी। एगारकुण्ड प्रखंड के शिवलीबाडी दक्षिण पंचायत में शनिवार को आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर लगाया गया। शिविर में राज्य सरकार की सभी योजनाओं का स्टॉल लगाकर जनता को सीधा लाभ दिया गया। मौके पर एग्यारकुण्ड सीओ कृष्ण कुमार मरांडी, पंचायत की मुखिया चंचल देवी, मुखीया प्रतिनिधि पप्पू यादव सहित अन्य महिलाओं ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। सीओ ने बताया सरकार की सभी योजना का लाभ दिया जा रहा है। अंतिम पायदान पर खड़े सभी लाभुकों का पेंशन, आवास, ऋण , राशन व अन्य वैसे योजनाएं जो सरकार दे रही है उसका फार्म भरा जा रहा है। जो भी कमी है उसे पूरा किया जा रहा है। हमारा लक्ष्य है कि जो भी लाभुक इस शिविर में आ रहे है उसके कार्यो को तुरंत निष्पादन किया जाय। वही पंचायत की मुखिया चंचल देवी ने कहा शिविर कि मईया सम्मान योजना का लाभ लेने के लिए अधिक से अधिक महिलाओं को इस योजना का लाभ मिल रहा है जिसके लिए यहां शिविर में पहुंची है, अबुआ आवास को लेकर लाभुक आ रहे है। लाभुकों के जमीन का कागजात निजी नही है। सरकारी जमीन पर है जिस कारण उन्हें अबुआ आवास का लाभ नही मिल पा रहा है। सरकार कोई वैकल्पित व्यवस्था निकाले, ताकि जो कई सालों से सरकारी जमीन पर रह रहे है, वैसे गरीबों को अबुआ आवास मिल सके। ग्रामीणों ने कहा कि राज्य सरकार की यह अच्छी पहल है। आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम से ब्लॉक का चक्कर लगाने से आम जनों को राहत मिली है।

जानवरों की चर्बी से प्रसाद को लेकर पीएम को लिखा पत्र

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासंघ (राष्ट्रीय) ने आंध्र प्रदेश के तिरुपति मंदिर में जानवरों की चर्बी से बनाए जाने वाले प्रसाद को लेकर गहरी चिंता जताई है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने इस तथ्य को उजागर कर करोड़ों हिंदुओं की भावना और धर्म की रक्षा की है। महासंघ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह किया है। महासंघ की राष्ट्रीय समिति के मुख्य संरक्षक चंद्रशेखर मिश्र, संरक्षक वाराणसी के प्रो. पतंजलि मिश्र, आचार्य लक्ष्मी नारायण पांडेय,राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक उपाध्याय, महासचिव आचार्य कृष्ण, उपाध्यक्ष स्वामी दिव्य ज्ञान, आर के शर्मा, राजस्थान, चतुर्भुज शर्मा छत्तीसगढ़, राजेंद्र शर्मा भिलाई,चंपालाल शर्मा राजस्थान, संगठन महामंत्री चंदन मिश्र, ओड़ीसा आशीष नायक,बिहार के अध्यक्ष सतीश पांडेय,झारखंड अध्यक्ष संजीव मिश्र,सहित कई विद्वानों ने सामूहिक रूप से प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में इसे करोड़ों हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ संज्ञान लेकर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। महासंघ के विद्वानों ने देश के प्रमुख धमार्चार्यों के नेतृत्व में सनातन धर्म आयोग के गठन की भी मांग की है। महासंघ ने कहा है कि देश के अंदर कई विध्वंसक ताकतें हैं जो सनातन संस्कृति और हिंदू धर्म समाज को तहस नहस करने में लगा है। ऐसी ताकतों के साथ केंद्र सरकार को सख्ती से पेश आना चाहिए। तिरुपति मंदिर में प्रसाद के साथ जानवरों की चर्बी मिलाने वालों के खिलाफ अविलंब कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार कराना चाहिए।

चार नामजद सहित दो सौ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

टाटा जीएम कार्यालय में तोड़फोड़ का मामला

खबर मन्त्र संवाददाता

जोड़ापोखर । टाटा कंपनी के डुमरी मौजा के लीज होल्ड एरिया में रह रहे ग्रामीणों को आपूर्ति की जानेवाली बिजली पानी कि आपूर्ति में कटौती किए जाने के विरोध में ग्रामीणों द्वारा पिछले दिनों जीएम कार्यालय में किए हंगामा के दौरान तोड़फोड़ के मामले में टाटा के निजी सुरक्षा अधिकारी सुजीत कुमार झा ने शुक्रवार को जोड़ापोखर थाना में चार नामजद सहित दो सौ अज्ञात लोगों के खिलाफ लिखित शिकायत करते हुए कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने मामले की प्राथमिकी दर्ज कर जांच कर रही है । सुरक्षा अधिकारी श्री झा ने पुलिस से की गई शिकायत में कहा है कि पिछले दिन डुमरी ,काली मेला एवम लालबांगला निवासी राम प्रसाद सिंह, संतोष महतो, दिनेश सिंह , जवाहर महतो के नेतृत्व में लगभग दो सौ ग्रामीणों ने टाटा प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जीएम कार्यालय परिसर में मुख्य गेट को तोड़कर सुरक्षाकर्मियों के साथ दुर्बयवहार करते हुए जबरन घुसकर जमकर हंगामा किया और तोड़फोड़ की । ग्रामीणों आंदोलन के चलते कार्यालय परिसर में लगभग एक घंटा तक अफरा तफरी की माहोल रहा । उन्होंने कहा की पुलिस ने मामले में हस्तक्षेप कर आंदोलन को नियंत्रण किया नहीं तो बड़ी घटना घट सकती थी इसलिए घटना को देखते हुए तथा ग्रामीणों को उकसाने वाले राम प्रसाद और संतोष महतो की टाटा कंपनी के प्रति कुत्सित मानसिकता को देखते हुए भविष्य में उनकी हरकतों पर अंकुश लगाने को आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी करना अतिआवश्यक हो गया है । दूसरी ओर टाटा कंपनी द्वारा ग्रामीणों के खिलाफ की गई प्राथमिकी से भड़के ग्रामीणों ने शनिवार को डुमरी में बैठक कर टाटा कंपनी के खिलाफ आंदोलन करने का निर्णय लिया है।

भाजपा की परिवर्तन यात्रा 23 को पहुंचेगी टुंडी

दिलीप घोष व डॉ रविंद्र राय होंगे शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। भाजपा कि परिवर्तन यात्रा 23 सितंबर को दोपहर साढ़े बारह बजे टुंडी के बराकर पुल के पास पहुंचेगी। जहां आदिवासी रीति रिवाज के साथ यात्रा में शामिल प्रतिनिधियों का स्वागत किया जाएगा। यह जानकारी टुंडी विधानसभा क्षेत्र के संयोजक सह प्रथम दिवस प्रभारी ज्ञान रंजन सिन्हा ने शनिवार को टुण्डी में भाजपा कार्यकताओं के साथ हुई बैठक के बाद दी। उन्होंने बताया कि परिवर्तन यात्रा रथ का स्वागत जिलाध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर के नेतृत्व में किया जाएगा। प्रतापपुर, जियाजोरी, कोलहर मोड़, लाला टोला, गादी टुंडी, लोधरिया, संग्रामदीह,भीजुडीह मोड़, बादलपुर मोड़ और रामपुर मोड़ में भाजपा कार्यकर्ता स्थानीय ग्रामीणों के साथ मिलकर पुष्प वर्षा करते हुए सभी का स्वागत करेंगे। यात्रा के क्रम में टुंडी के थाना मोड़ और महाराजगंज बाजार में नुक्कड़ सभा का आयोजन होगा। जहां पश्चिम बंगाल से पूर्व सांसद भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र राय नुक्कड़ ग्रामीणों को संबोधित करेंगें। बैठक में रमेश कुमार राही, विक्रम पांडेय, राम प्रसाद महतो, विकास महतो,मनीष साव ,महादेव कुम्हार आदि उपस्थित थे।

595 लाभुकों में परिसंपत्तियों का वितरण

धनबाद। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शनिवार को 980 आवेदनों का निष्पादन किया गया। वहीं शिविरों में 6731 आवेदन प्राप्त हुए। इसमें फोकस स्कीम के 4289 आवेदनों में 170 तथा बेनेफिशियरी ओरिएंटेड स्कीम के 1333 में 114 आवेदन निष्पादित किए गए। वहीं 595 लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। शिविरों में विभिन्न प्रकार की 101 शिकायतों का निवारण ऑन द स्पॉट किया गया। जबकि शनिवार को प्राप्त आवेदनों में 265 आवेदन निष्पादन की प्रक्रिया में है ।राज्य सरकार की *फोकस स्कीम* में अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के 256, अबुआ आवास के 3467, सर्वजन पेंशन 274, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना 166, जाति प्रमाण पत्र के 51, आवासीय 46 व आय प्रमाण पत्र के 29 आवेदन प्राप्त हुए। इसमें सर्वजन पेंशन के 68, जाति प्रमाण पत्र के 26, आवासीय प्रमाण पत्र 23 तथा आय प्रमाण पत्र के 21 आवेदन को निष्पादित किया गया। वहीं *बेनेफिशरी ओरिएंटेड स्कीम* में वृद्धा पेंशन के 65, विधवा पेंशन 12, दिव्यांगजन पेंशन 11, आयुष्यमान कार्ड वितरण के 30 तथा 1122 अन्य आवेदन प्राप्त हुए।

पार्वती मुर्मू के आत्महत्या कांड का उद्भेदन

खबर मन्त्र संवाददाता

गोविंदपुर। गोविंदपुर थाना अंतर्गत बरियो आदिवासी टोला की पार्वती मुर्मू ने अपने प्रेमी बानेश्वर मरांडी उर्फ सगेन द्वारा शादी से इनकार करने पर अपनी दुपट्टा के सहारे घर की छत के लकड़ी से झूल कर आत्महत्या कर ली थी । यह घटना 19 सितंबर की है। आत्महत्या करने के पूर्व उसने अपने प्रेमी को 525 बार कॉल किया था, परंतु प्रेमी ने फोन नहीं उठाया। उसने 84 बार मैसेंजर से भी मैसेज दिया था और कहा था कि जल्दी शादी नहीं करोगे तो मैं मर जाऊंगी। इसके बाद उसने अपनी बड़ी बहन से बात की थी और कहा था कि बानेश्वर उसका फोन रिसीव नहीं कर रहा है । इसके बाद बड़ी बहन ने भी बानेश्वर से बात की थी। आत्महत्या के पूर्व उसने 112 नंबर पर भी कॉल करने का प्रयास किया था, परंतु फोन नहीं लग पाया। इसके बाद उसने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उक्त बातें शनिवार को गोविंदपुर थाना में नगर पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय वन शंकर कामती एवं थाना प्रभारी सह पुलिस इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी मृत्यु का कारण हैंगिंग और दम घुटना बताया गया है। उन्होंने कहा कि पार्वती मुर्मू की मौत की जांच के लिए पुलिस इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था और इस टीम ने इस कांड का उद्वेदन कर लिया है । उन्होंने कहा कि घर में फांसी से झूल रहे पार्वती को उसके भाई देवचंद मुर्मू ने उतारा था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार कोई बाहरी चोट नहीं है। बिसरा रिजर्व रखा गया है । पुलिस अधीक्षक ने कहा कि प्रेमी बानेश्वर ने यह स्वीकार किया है कि 2021 से ही दोनों में प्रेम संबंध था। दोनों में शारीरिक संबंध भी था। इस क्रम में दोनों में लड़ाई- झगड़ा भी होती रहती थी और दोनों एक दूसरे के फोन को कभी-कभी ब्लॉक भी कर देते थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पार्वती के हाथ में नस काटने के 13 पुराने निशान थे। इसके पूर्व भी वह प्रेमी से झगड़ कर कई बार नस काट चुकी थी और आत्महत्या का भी प्रयास किया था । उसने प्रेमी को चेतावनी दी थी कि शादी नहीं करने पर मर जाऊंगी। घटना के समय हुआ घर पर अकेली थी। माता-पिता मजदूरी करने गए थे तथा भाई फुटबॉल मैच देखने गया था। इस बीच उसने अपने प्रेमी को लगातार फोन किया। बीच में तीन मेहमानों के आने के दौरान ही मात्र 13 मिनट तक प्रेमी को फोन नहीं किया था ।बीच में तीन मेहमान मुकेश किस्कू, अजय मुर्मू एवं प्रकाश मुर्मू उसके घर आए थे और 13 मिनट तक रहने के बाद तीनों चले गए थे। उन्होंने कहा कि पहले इस घटना को दबाने की कोशिश की गई। फिर मुखिया ने 19 सितंबर की रात करीब 11:00 बजे गोविंदपुर थाना प्रभारी रविकांत प्रसाद को मामले की जानकारी दी।

प्रेम प्रसंग में फांसी लगाकर की आत्महत्या

त्वरित अनुसंधान के क्रम में यह बात सामने आयी है कि बानेश्वर मरांडी का पार्वती से प्रेम प्रसंग चल रहा था । 3 वर्षों तक लगातार दोनों में बातचीत हो रही थी दोनों एक दूसरे से मिलते जुलते भी थे। बाद में अभियुक्त बानेश्वर मरांडी उर्फ सगेन मरांडी द्वारा शादी करने से इनकार कर दिया गया। इसी कारण दबाव में मृतका ने आत्महत्या कर ली पुलिस ने बानेश्वर मरांडी उर्फ सगेन मरांडी, उम्र 23 वर्ष, पिता स्वर्गीय शिवलाल मरांडी, साकिम बागदुडीह, थाना गोविंदपुर, जिला धनबाद को गिरफ्तार कर लिया है । पुलिस ने घटनास्थल पार्वती के घर से फांसी लगाने में उपयोग किया गया मृतका का दुपट्टा और दो एंड्रॉयड फोन जप्त किया है। छापामारी टीम में पुलिस अवर निरीक्षक शैलेंद्र कुमार, अमृता खलको, जे अंसारी, मनीता कुमारी, संजय सिंह, प्रमोद मिज एवं नंदलाल शाह शामिल थे । इस संबंध में गोविंदपुर थाना कांड संख्या 243/ 2024, दिनांक 19 सितंबर 2024, धारा 103(1)/ 3(5) बीएनएस तथा परिवर्तित धारा 108 के तहत कांड अंकित किया गया है।

बच्चों को नियमित विद्यालय भेजे और ध्यान रखे : डालसा

अधिवक्ता मृगेन्द्र कुमार झा ने कहा कि समय-समय पर स्कूल पहुंचकर भी बच्चों के संबंध में जानकारी प्राप्त करें कि वह नियमित विद्यालय आते है या नहीं

विधिक साक्षरता कक्षा का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

गोड्डा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सह पीडीजे राजेश कुमार वैश्य के मार्गदर्शन में एवं सचिव डॉ प्रदीप कुमार के निर्देश पर शनिवार को चित्रगुप्त नगर के सभागार में विधिक साक्षरता कक्षा का आयोजन किया गया। इस दौरान डालसा की टीम ने ग्रामीणों को कानून से संबंधित विविध जानकारी दी।

डालसा टीम में शामिल पैनल अधिवक्ता मृगेन्द्र कुमार झा ने नालसा स्कीम वात्सल्य पर प्रकाश डाला। कहा कि वात्सल्य का मुख्य उद्देश्य समाज के नौनिहालों के उत्थान की दिशा में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करना है। वर्तमान सामाजिक परिप्रेक्ष्य में स्कूल में पढ़ने वाले नौनिहाल किसी कारणवश नशा व अन्य गलत संगत में चले जाते हैं। उसे बचाने के लिए विशेष ध्यान देने की जरुरत है। खासकर अपने बच्चों को स्कूल भेजने व ताकित करने की जरुरत है। बच्चे अगर नियत समय पर विद्यालय से नहीं पहुंचे हैं तो उसकी तहकीकात करें।

समय- समय पर स्कूल पहुंचकर भी बच्चों के संबंध में जानकारी प्राप्त करें कि वह नियमित विद्यालय आता है या नहीं। मध्यस्थ दिलीप कुमार झा ने अनाथ बच्चों को मिलने वाली स्पानशरशिप व फास्टर केयर की जानकारी दी। कहा कि इसके तहत ऐसे बच्चों को सरकारी लाभ मिलता है जिनके माता या पिता का निधन हो गया है। जिनकी गरीबी व लाचारी के कारण बच्चों का विकास अवरुद्ध हो गया है। वैसे बच्चों के लिए आर्थिक सहायता व पुनर्वास की व्यवस्था है। वहीं प्रदीप कुमार साह ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण से ही समाज में व्याप्त कुरीतियों का सफाया हो सकेगा। इसके लिए बालिकाओं को सतर्क रहने की जरुरत है। सही उम्र में ही करें शादी। शादी की उम्र लड़की के लिए 18 एवं लड़कों के लिए 21 वर्ष निर्धारित है। इससे पहले शादी करना कानूनी जुर्म है। संचालन पीएलवी नवीन कुमार कर रहे थे। मौके पर पीएलवी बासुदेव मणीनंदन कुमार एवं मो नवाज उपस्थित थे।

बीएसएल में स्टील उत्पादों की प्रोसेसिंग पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता

बोकारो। बीएसएल के ज्ञानार्जन एवं विकास केंद्र में बोकारो स्टील प्लांट तथा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेटल्स बोकारो चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय फ्लैट स्टील उत्पादों की प्रोसेसिंग टेक्नोलॉजी में प्रगति विषय पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन एपीटीएफएस 2024 का शुभारम्भ हुआ। सम्मलेन में बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी बीके तिवारी बतौर मुख्य अतिथि एवं ईडी सीआर महापात्रा सुरेश रंगानी राजन प्रसाद एसके कार जयदीप दासगुप्ता आईआईएम कोलकाता के टी गोस्वामी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। सम्मलेन में बीएसएल के सीजीएम मनोहर लाल सहित अन्य सीजीएम व वरीय अधिकारी उपस्थित थे। सम्मलेन के उदघाटन सत्र को ऑनलाइन संबोधित करते हुए सेल अध्यक्ष अमरेन्दु प्रकाश ने कहा कि पिछले 6-7 वर्षों में देश में प्रति व्यक्ति इस्पात खपत लगभग 50 किलोग्राम प्रति व्यक्ति से बढ़कर वर्तमान में लगभग 95 किलोग्राम प्रति व्यक्ति के स्तर पर पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2030 तक देश की इस्पात उत्पादन क्षमता 300 मिलियन टन प्रति वर्ष के स्तर तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने सम्मेलन की सफलता की शुभकामना देते हुए इस्पात उद्योग की सस्टेनेबिलिटी हेतु ग्रीन स्टील उत्पादन से संबंधित तकनीकी पहलुओं पर भी विशेषज्ञों को मंथन करने का आह्वान किया। उद्घाटन सत्र में ईडी राजन प्रसाद के स्वागत भाषण के उपरांत भारतीय धातु संस्थान के अध्यक्ष सज्जन जिंदल के सम्बोधन का वीडियो रिकॉर्डिंग दिखाया गया। आईआईएम के टी गोस्वामी ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेटल्स की गतिविधियों एवं योगदान पर चर्चा की।

आरभीआई जारंगडीह शाखा ने मनाया 14वां स्थापना दिवस, मोर्चा को मजबूत करने का लिया शपथ

खबर मन्त्र संवाददाता

बेरमो। शनिवार को रैयत विस्थापित मोर्चा जारंगडीह शाखा कार्यालय में एक सादे समारोह का आयोजन कर मोर्चा का 14 वां स्थापना दिवस मनाया गया। मौके पर उपस्थित नेताओं व विस्थापित कार्यकताओं ने मोर्चा को मजबूत करने व संघर्ष तेज करने की शपथ भी ली। जबकि इस कार्यक्रम की अध्यक्षता रैयत विस्थापित मोर्चा जारंगडीह शाखा अध्यक्ष मो इस्लाम अंसारी द्वारा किया गया। इस आयोजन में विभिन्न प्रस्तावों को पारित किया गया जिसमें भूमि के बदले भूमि, सभी विस्थापितों को नौकरी व मुआवजा, सभी विस्थापितों के लिए चिकित्सा कार्ड, विधालयो मे विस्थापितों के बच्चों को प्राथमिकता के आधार पर नामांकन, सीसीएल प्रबंधन द्वारा विस्थापितों को मान व सम्मान, उपरी कमेटी तक विस्थापितों के मांगों को पहुंचना, पारदशीर्ता के आधार पर अधिकार अधिनियम 2013 के तहत विस्थापितों के अधिकारों को लागू करना आदि शामिल है। इस मौके पर मोर्चा के उपरोक्त नेताओं के अलावे मो बेहाल, मो रशीद, फुरकानुल्ल होदा, यासीन अंसारी, मो इमरान अहमद, दिलकश अंसारी, मो खालिद, मो तस्लीम, मुकेश मुंडा, मो मोकीम, कलाम अंसारी, मनोज मुंडा, रमजान अंसारी, रहमतुल्ला अंसारी, सिराज अंसारी, इम्तियाज अंसारी, मो शेर अली, एकबाल अहमद, मो कुदूस आदि के अलावे सैकड़ों की संख्या में रैयत विस्थापित उपस्थित थे।

एसकेएमयू के दीक्षांत समारोह के सफल आयोजन को लेकर बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

दुमका। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय मुख्यालय में शनिवार को स्नातकोत्तर राजनीति विज्ञान विभाग में विभिन्न छात्र संघों के प्रतिनिधियों के साथ दीक्षांत समारोह के आमंत्रण समिति ने बैठक की। बैठक आमंत्रण समिति के समन्वयक डॉ अजय सिंह की अध्यक्षता में हुई। जिसमें 24 सितंबर को होने वाले दीक्षांत समारोह के सफल आयोजन पर चर्चा हुई। बैठक में उपस्थित छात्र संघ के प्रतिनिधियों ने टॉपरों की उत्तर पुस्तिका और कुछ पीएचडी शोधार्थियों की थीसिस सार्वजनिक करने की मांग किया। जिससे शिक्षक और छात्र उसे देख सकें और मूल्यांकन प्रक्रिया में पारदर्शिता आये। बैठक में उर्दू विभागाध्यक्ष डॉ शम्स तबरेज खान, छात्र नेता श्यामदेव हेम्ब्रम, अभिषेक गुप्ता, अमन कुमार साह, धनंजय कुमार, मनोज सोरेन, संदीप मिर्धा, अजरुद्दीन अंसारी, राकेश मिश्रा, विमल हेम्ब्रम, राजीव बास्की आदि मौजूद थे।

डीपीएस बोकारो का रूपेश जायेगा जापान

बोकारो। डीपीएस बोकारो का छात्र रूपेश कुमार ने नवोन्मेषता संबंधी भारत सरकार की महत्वाकांक्षी इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के अंतिम चरण में चयनित होकर अपने विद्यालय शहर और राज्य का नाम गौरवान्वित किया है। उसे अब जापान टूर का सुनहरा मौका मिलेगा। इतना ही नहीं पुरस्कार स्वरूप उसे लगभग आठ लाख रुपए का पुरस्कार राशि भी मिलेगी और राष्ट्रपति भवन में चार दिनों तक आतिथ्य का अवसर भी मिलेगा। बीते 17 से 19 सितंबर तक नई दिल्ली में आयोजित इंस्पायर मानक की राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी में बोकारो के रूपेश के साथ-साथ हजारीबाग के अनाश फैजान कोइस अंतरराष्ट्रीय सुनहरे मौके के लिए चयनित किया गया। उन्हें केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ जितेन्द्र सिंह के हाथों पुरस्कृत किया गया।

बोकारो क्लब में हुआ वेबसाइट का शुभारंभ

बोकारो। बोकारो क्लब की नई वेबसाइट पोर्टल का शुभारंभ क्लब के अध्यक्ष बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर ईडी परियोजनाएँ एवं अतिरिक्त प्रभार सामग्री प्रबंधन सीआर महापात्रा ईडी वित्त एवं लेखा सुरेश रंगानी ईडी एचआर व अतिरिक्त प्रभार संकार्य राजन प्रसाद ईडी माइंस जॉयदीप दासगुप्ता क्लब के महासचिव तथा निदेशकगण वरीय अधिशासीगण और सदस्यगण उपस्थित थे। क्लब के जनरल सेकेट्री अशोक कुमार ने वेबसाइट की विभिन्न विशेषताओं के बारे में जानकारी दी जिससे सदस्यों को क्लब की गतिविधियों और सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त हो सकेगी।

बेरमो विधायक अनूप ने इंडोर स्टेडियम की रखी आधारशीला

खबर मन्त्र संवाददाता

बेरमो/फुसरो। बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह ने शनिवार को फुसरो नगर के पुराना बीडीओ आफिस में डीएमएफटी मद के 3.74 करोड़ की लागत से बनने वाला इंडोर स्टेडियम का भूमि पूजन किया। विधायक सिंह ने कहा कि राम रतन उच्च विद्यालय के प्ले ग्राउंग में जल्द ही इनडोर स्टेडियम बनकर तैयार हो जाएगा। इंदौर स्टेडियम बनने से छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के साथ खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। ढोरी ग्राउंड में लगभग 10 करोड़ की लागत से बनने वाला स्टेडियम का भूमि पूजन जल्द किया जाएगा। इंडोर स्टेडियम में बैडमिंटन, वालीबाल कोट, मैट के साथ योगा रूम, टेबल टेनिस, कैरम, जिम सहित छात्राओं के लिए अलग-अलग शौचालय का व्यवस्था रहेगा। जयमंगल सिंह ने कहा कि करगली गेट से बेरमो सिम सड़क पर कारो रेलवे साइडिंग को लेकर नये सीएचपी टावर बनाने का काम किया जा रहा है।

उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग
(जिला भू–अर्जन शाखा)
प्रपत्र VII
समाहर्त्ता या समुचित सरकार

अधिघोषणा

(अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)

अधिघोषणा सं0:– 1640/भू0अ0, हजारीबाग। दिनांक:– 11.09.2024

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा अडानी इन्टरप्राईजेज लि0, गोन्दुलपारा कोयला खान परियोजना हेतु ग्राम गोन्दलपुरा, थाना बड़कागाँव, थाना संख्या 142, अंचल बड़कागाँव, जिला हजारीबाग में कुल 285.715 एकड़ यानि 115.63 हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश 285.715 एकड़ यानि 115.63 हेक्टेयर है और जो ग्राम गोन्दलपुरा, थाना बड़कागाँव, थाना संख्या 142, अंचल बड़कागाँव, जिला हजारीबाग में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है–

क्र0 सं0	खाता सं0	सर्वे प्लॉट सं0	स्वामित्व का प्रकार	भूमि का प्रकार	अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में)	हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता	सीमा (भूखण्ड सं0) उ0	द0	पू0	प0
935	28	997	नीज	धान–II	0.15	मनोहर महतो, सुजित महतो पिता स्व0 गिरधारी महतो वो नन्दकिशोर महतो बालेश्वर महतो पिता स्व0 बोधन महतो वो नन्द कुमार प्रेम कुमार पिता स्व0 किशुन महतो वो फुलु महतो पिता स्व0 महादेव महतो वो बुलु महतो, धनकु महतो, गलु महतो, प्रयाग महतो पिता स्व0 सरकी महतो, जगनाथ महतो, मोती महतो, चिन्तामन महतो पिता स्व0 टुकन महतो वो गालो महतो साहेब महतो, चन्द्रमा महतो, सुरज महतो पिता स्व0 मोहन महतो वो राधो महतो , रामदेव महतो पिता स्व0 बुटन महतो महेन्द महतो बाबुलाल महतो पिता स्व0 देयाल महतो बिगन महतो भीम महतो, अर्जुन महतो, नकुल महतो पिता स्व0 हेमन महतो वो दिनेश्वर महतो पिता स्व0 बालो महतो वो कार्तिक महतो, बालेश्वर महतो पिता बिरसहाय महतो वो जोधी महतो, मनीलाल महतो, रामदशी महतो, जैयनाथ महतो पिता स्व0 सम्पत महतो वो कोमल महतो, दयाल महतो अशोक महतो , ईश्वर महतो जुगेश्वर महतो पिता स्व0 लखपत महतो वो भुनु महतो पिता स्व0 लुरक महतो वो मनोज बिहारी पिता स्व0 नागेश्वर महतो वो ज्योती जलधर महतो पिता स्व0 गोर्वधन महतो, धुजा महतो, प्रमेश्वर महतो, बंसत महतो पिता स्व0 जानकी महतो वो रूपलाल महतो रामावतार महतो मुरलीधर महतो,. ________ पिता स्व0 सुखी महतो साकिन देह।	प्लॉट–998	प्लॉट–990	प्लॉट–999	प्लॉट–996
936	36	999	नीज	धान–I	0.15	रामेश्वर महतो, अकलु महतो, घरका महतो पिता स्व0 जीवलाल महतो वो कोल्हा महतो, धमक महतो पिता स्व0 कृति महतो वो नागो महतो चतुर महतो, पुशन महतो, ईश्वरी महतो पिता स्व0 शिबन महतो कारू महतो, छदु महतो, लंगर महतो पिता स्व0 तेजा महतो वो डुमन महतो, जुगल महतो, रोशन महतो पिता स्व0 तिलक महतो वो सुमेर महतो, रघुनन्दन महतो पिता स्व0 पुरन महतो वो त्रिवेणी महतो, अर्जुन महतो, कारू महतो,________ पिता स्व0 हसराम महतो साकिन देह।	प्लॉट–998	प्लॉट–990	प्लॉट–1000	प्लॉट–997
937	48	1000	नीज	धान–II	0.16	भेखल महतो वो मानिक महतो वो सहेश्वर महतो पिता स्व0 जगन महतो वो हेमराज महतो पिता स्व0 जगदिश महतो वो शशि कुमार सुमन वो बुद्धिनाथ महतो पिता स्व0 नन्हकु महतो वो मो0 ईन्दु पति स्व0 मुरली महतो लोकन महतो पिता स्व0 डोमन महतो, प्रभु महतो पिता रमल महतो वो राजकुमार महतो वो गणेश महतो पिता भुखल महतो वो हीरा महतो वो धुजा महतो पिता चान्दो महतो, रामेश्वर महतो वो अकल महतो वो घरका महतो पिता जीवलाल महतो वो भुनेश्वर महतो वो मोहानी महतो वो केदार महतो वो कुमर महतो पिता स्व0 कोल्हा महतो वो मट्कधारी कुमार दांगी वो रामसेवक महतो पिता करम महतो वो चान्दो देवी पति स्व0 रेवा महतो वो सुरेन्द्र महतो पिता स्व0 धंगरू महतो वो सुरेश महतो पिता स्व0 मुन्शी महतो वो पंचम कुमार वो रविन्द्र कुमार पिता स्व0 लक्ष्मण महतो वो तालेश्वर महतो वो किट्टु महतो पिता स्व0 रंगु महतो निवास ग्राम गोन्दलपुरा।	प्लॉट–998	प्लॉट–1007	प्लॉट–1001	प्लॉट–999
938	36	1001	नीज	धान–I	0.22	रामेश्वर महतो, अकलु महतो, घरका महतो पिता स्व0 जीवलाल महतो वो कोल्हा महतो, धमक महतो पिता स्व0 कृति महतो वो नागो महतो चतुर महतो, पुशन महतो, ईश्वरी महतो पिता स्व0 शिबन महतो कारू महतो, छदु महतो, लंगर महतो पिता स्व0 तेजा महतो वो डुमन महतो, जुगल महतो, रोशन महतो पिता स्व0 तिलक महतो वो सुमेर महतो, रघुनन्दन महतो पिता स्व0 पुरन महतो वो त्रिवेणी महतो, अर्जुन महतो, कारू महतो,________ पिता स्व0 हसराम महतो साकिन देह।	प्लॉट–1002	प्लॉट–1007	प्लॉट–1003	प्लॉट–1000
939	43	1003	नीज	टांड–I	0.21	लक्ष्मण महतो, सुरेश महतो पिता स्व0 मुन्शी महतो वो तालेश्वर महतो, किट्टु महतो पिता स्व0 रंगु महतो वो खुदक महतो, जागेश्वर महतो, लालदेव महतो, गंगाधर महतो,________ पिता स्व0 टिभर महतो सा0 देह।	प्लॉट–1002	प्लॉट–1007	प्लॉट–1004	प्लॉट–1001
940	36	1004	नीज	धान–I	0.14	रामेश्वर महतो, अकलु महतो, घरका महतो पिता स्व0 जीवलाल महतो वो कोल्हा महतो, धमक महतो पिता स्व0 कृति महतो वो नागो महतो चतुर महतो, पुशन महतो, ईश्वरी महतो पिता स्व0 शिबन महतो कारू महतो, छदु महतो, लंगर महतो पिता स्व0 तेजा महतो वो डुमन महतो, जुगल महतो, रोशन महतो पिता स्व0 तिलक महतो वो सुमेर महतो, रघुनन्दन महतो पिता स्व0 पुरन महतो वो त्रिवेणी महतो, अर्जुन महतो, कारू महतो,________ पिता स्व0 हसराम महतो साकिन देह।	प्लॉट–1002	प्लॉट–1007	प्लॉट–1005	प्लॉट–1003
941	43	1005	नीज	टांड–I	0.12	लक्ष्मण महतो, सुरेश महतो पिता स्व0 मुन्शी महतो वो तालेश्वर महतो, किट्टु महतो पिता स्व0 रंगु महतो वो खुदक महतो, जागेश्वर महतो, लालदेव महतो, गंगाधर महतो,________ पिता स्व0 टिभर महतो सा0 देह।	प्लॉट–1002	प्लॉट–1007	प्लॉट–1006	प्लॉट–1004
942	36	1006	नीज	धान–II	0.06	रामेश्वर महतो, अकलु महतो, घरका महतो पिता स्व0 जीवलाल महतो वो कोल्हा महतो, धमक महतो पिता स्व0 कृति महतो वो नागो महतो चतुर महतो, पुशन महतो, ईश्वरी महतो पिता स्व0 शिबन महतो कारू महतो, छदु महतो, लंगर महतो पिता स्व0 तेजा महतो वो डुमन महतो, जुगल महतो, रोशन महतो पिता स्व0 तिलक महतो वो सुमेर महतो, रघुनन्दन महतो पिता स्व0 पुरन महतो वो त्रिवेणी महतो, अर्जुन महतो, कारू महतो,________ पिता स्व0 हसराम महतो साकिन देह।	प्लॉट–1002	प्लॉट–1005	प्लॉट–1007	प्लॉट–1005
943	46	1009	नीज	टांड–III	0.258	मुन्शीया महतो, बलवा महतो माता स्व0 उमरी देवी वो जोधी महतो पिता स्व0 उत्तीम महतो वो जमील महतो, रामटहल महतो, राजेश्वर महतो माता स्व0 मुनीया देवी सा0 देह।	प्लॉट–1011	प्लॉट–1027	प्लॉट–1008	प्लॉट–1014
944	46	1009/I	नीज	टांड–III	0.032	विशेश्वर महतो पिता भीखन महतो वो माधो महतो पिता भीखन महतो निवास ग्राम गोन्दलपुरा।	प्लॉट–1011	प्लॉट–1027	प्लॉट–1008	प्लॉट–1014
945	33	1010	नीज	टांड–I	0.17	भेखन महतो, मानिक महतो, सारू महतो पिता स्व0 जगन महतो वो बाजो महतो उर्फ हेमराज महतो पिता स्व0 जगदिश महतो वो शशि कुमार, बुद्धिनाथ महतो पिता स्व0 नन्हक महतो वो मो0 इन्दु पति स्व0 मुरलीधर महतो साकिन देह।	प्लॉट–1007	प्लॉट–1009	प्लॉट–1008	प्लॉट–1011
946	33	1010/I	नीज	टांड–I	0.05	बलोईया देवी पति भेखल महतो वो भुखली देवी पति मानिक महतो वो गंगीया देवी पति सदेश्वर महतो निवास ग्राम गोन्दलपुरा	प्लॉट–1007	प्लॉट–1009	प्लॉट–1008	प्लॉट–1011
947	29	1011	नीज	टांड–III	0.29	तेतर महतो उर्फ भीमप्रकाश महतो पिता स्व0 मोती महतो, बलकु महतो, शिवनन्दन महतो मोहन महतो पिता स्व0 घनु महतो वो भीखन महतो पिता स्व0 अर्जुन महतो वो मिथलेश महतो पिता स्व0 फागुन महतो वो लोकन महतो पिता डोमन महतो, प्रभु महतो पिता स्व0 रमल महतो, राजकुमार महतो, गणेश महतो पिता स्व0 भुखन महतो वो हिरू महतो धुजा महतो पिता स्व0 चान्दो महतो साकिन देह।	प्लॉट–1007	प्लॉट–1009	प्लॉट–1010	प्लॉट–1012
948	33	1012	नीज	टांड–II	0.49	भेखन महतो, मानिक महतो, सारू महतो पिता स्व0 जगन महतो वो बाजो महतो उर्फ हेमराज महतो पिता स्व0 जगदिश महतो वो शशि कुमार, बुद्धिनाथ महतो पिता स्व0 नन्हक महतो वो मो0 इन्दु पति स्व0 मुरलीधर महतो साकिन देह।	प्लॉट–1007	प्लॉट–1009	प्लॉट–1011	प्लॉट–1013
949	29	1013	नीज	टांड–III	0.34	तेतर महतो उर्फ भीमप्रकाश महतो पिता स्व0 मोती महतो, बलकु महतो, शिवनन्दन महतो मोहन महतो पिता स्व0 घनु महतो वो भीखन महतो पिता स्व0 अर्जुन महतो वो मिथलेश महतो पिता स्व0 फागुन महतो वो लोकन महतो पिता डोमन महतो, प्रभु महतो पिता स्व0 रमल महतो, राजकुमार महतो, गणेश महतो पिता स्व0 भुखन महतो वो हिरू महतो धुजा महतो पिता स्व0 चान्दो महतो साकिन देह।	प्लॉट–1007	प्लॉट–1014	प्लॉट–1012	प्लॉट–1015
950	29	1014	नीज	टांड–III	0.12	तेतर महतो उर्फ भीमप्रकाश महतो पिता स्व0 मोती महतो, बलकु महतो, शिवनन्दन महतो मोहन महतो पिता स्व0 घनु महतो वो भीखन महतो पिता स्व0 अर्जुन महतो वो मिथलेश महतो पिता स्व0 फागुन महतो वो लोकन महतो पिता डोमन महतो, प्रभु महतो पिता स्व0 रमल महतो, राजकुमार महतो, गणेश महतो पिता स्व0 भुखन महतो वो हिरू महतो धुजा महतो पिता स्व0 चान्दो महतो साकिन देह।	प्लॉट–1013	प्लॉट–1020	प्लॉट–1009	प्लॉट–1015
951	20	1015	नीज	टांड–III	0.1425	जनेधर गंझु वो फलेन्द गंझु वो खिरोधर गंझु वो सुरेन्द गंझु पिता स्व0 मोगल गंझु वो अपनु गंझु वो सुखदेव गंझु पिता स्व0 जगनाथ गंझु वो विसु गंझु पिता स्व0 तिलु गंझु निवास ग्राम गोन्दलपुरा।	प्लॉट–1007	प्लॉट–1020	प्लॉट–1013	प्लॉट–1017
952	20	1015/I	नीज	टांड–III	0.1075	दिनेश्वर महतो पिता बालो महतो निवास ग्राम गोन्दलपुरा।	प्लॉट–1007	प्लॉट–1020	प्लॉट–1013	प्लॉट–1017
953	20	1015/II	नीज	टांड–III	0.05	श्री इन्द्रनाथ कुमार मेहता, श्री शिवनारायण कुमार पिता श्री चिन्तामणी महतो निवास ग्राम गोन्दलपुरा।	प्लॉट–1007	प्लॉट–1020	प्लॉट–1013	प्लॉट–1017
954	20	1015/III	नीज	टांड–III	0.56	जीवलाल महतो वो कोल्हा महतो वो धंगरू महतो पिता स्व0 कृति महतो वो नागेश्वर महतो वो ईश्वरी महतो पिता शिवन महतो वो श्यामदेव महतो पिता स्व0 तेजा महतो वो जुगल महतो पिता तिलक महतो वो सुमेर महतो वो रघुनन्दन महतो पिता पुरन महतो वो त्रिवेणी महतो वो दुर्जन महतो पिता हंसराम महतो निवास ग्राम गोन्दलपुरा।	प्लॉट–1007	प्लॉट–1020	प्लॉट–1013	प्लॉट–1017
955	36	1017	नीज	धान–II	0.63	रामेश्वर महतो, अकलु महतो, घरका महतो पिता स्व0 जीवलाल महतो वो कोल्हा महतो, धमक महतो पिता स्व0 कृति महतो वो नागो महतो चतुर महतो, पुशन महतो, ईश्वरी महतो पिता स्व0 शिबन महतो कारू महतो, छदु महतो, लंगर महतो पिता स्व0 तेजा महतो वो डुमन महतो, जुगल महतो, रोशन महतो पिता स्व0 तिलक महतो वो सुमेर महतो, रघुनन्दन महतो पिता स्व0 पुरन महतो वो त्रिवेणी महतो, अर्जुन महतो, कारू महतो,________ पिता स्व0 हसराम महतो साकिन देह।	प्लॉट–990	प्लॉट–1019	प्लॉट–1015	प्लॉट–1018
956	43	1018	नीज	टांड–III	0.41	लक्ष्मण महतो, सुरेश महतो पिता स्व0 मुन्शी महतो वो तालेश्वर महतो, किट्टु महतो पिता स्व0 रंगु महतो वो खुदक महतो, जागेश्वर महतो, लालदेव महतो, गंगाधर महतो,________ पिता स्व0 टिभर महतो सा0 देह।	प्लॉट–990	प्लॉट–1019	प्लॉट–1017	प्लॉट–988
957	2	1019	नीज	टांड–II	0.515	रामेश्वर महतो वो घरकु महतो वो अकल महतो पिता स्व0 जीवलाल महतो वो कोल्हा महतो वो धंगरू महतो पिता स्व0 कृति महतो वो नागेश्वर महतो वो चतुर महतो वो ईश्वरी महतो वो पुखन महतो पिता स्व0 शिवन महतो वो छदु महतो वो श्यामदेव महतो पिता स्व0 तेजा महतो वो डुमन महतो वो जुगल महतो वो रोशमनी महतो पिता स्व0 तिलक महतो वो सुमेर महतो वो रघुनन्दन महतो पिता स्व0 दुखन महतो वो त्रिवेणी महतो वो दुर्जन महतो वो कारू महतो वो देवनाथ महतो पिता स्व0 हंसराम महतो निवास ग्राम गोन्दलपुरा।	प्लॉट–1018	प्लॉट–1020	प्लॉट–1016	प्लॉट–987

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों को सुनने और अधिनियम सं0 30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:

ग्राम चन्दौल, थाना बड़कागाँव, थाना सं0 129, अंचल बड़कागाँव, जिला हजारीबाग क्षेत्रफल 161.99 एकड़ यानि 65.55 हेक्टेयर जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये है:–

1- *RFCTLARR Act- 2013* के अनुसूची– I के अनुसार भूमि एवं परिसम्पति का मुआवजा:–

(क) भूमि का मुआवजा– प्रति एकड़ 24,56,986.00 रूपये (गुणाक घटक–2, सोलेशियम 100 प्रतिशत एवं तीन वर्ष की ब्याज की राशि सहित) देय होगा।

(ख) भूमि पर अवस्थित परिसम्पतियों का मुआवजा–संबंधित विभाग के द्वारा मुल्यांकन के पश्चात् मुल्यांकित राशि सोलिशियम सहित अर्थात मुल्यांकित राशि का दोगुना मुआवजा के रूप में प्रदान की जायेगी।

2- *RFCTLARR Act- 2013* के अनुसूची– II के अनुसार पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन संबंधी उपबंध/हकदारियाँ–

कण्डिका	पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन संबंधी उपबंध/हकदारियाँ।
1.	**विस्थापन की दशा में आवासन इकाईयों की व्यवस्था:–** विकल्प – विस्थापित परिवारों को दिये जाने वाले लाभ विकल्प–1 • 10 लाख रू0 प्रति परिवार स्व: स्थानांतरण (Self Re- location) की स्थिति में। विकल्प–2 • पुनर्वास कॉलोनी में निर्मित मकान। विकल्प–3 • पुनर्वास कॉलोनी में उपलब्धता के अनुसार एक प्लॉट। • 7,00,000/- रू0 पुनर्वास कॉलोनी में मकान के बदले।
2.	**भूमि के लिए भूमि :– लागू नहीं**
3.	**विकसित भूमि के लिए प्रस्थापना :–लागू नहीं।**
4.	**रोजगार/वार्षिक वृति:–** ➤ प्रभावित परिवार के एक सदस्य को समुचित प्रशिक्षण एवं कौशल विकास करने के पश्चात् योग्यता, अहर्ता एवं कम्पनी की आवश्यकता अनुसार नियोजित किया जायेगा। अथवा ➤ प्रभावित परिवार को एक मुश्त 5,00,000/- (पांच लाख रूपये) देय होगा। अथवा ➤ प्रभावित परिवार को नियमानुसार 2,000/- (दो हजार रूपये) प्रतिमाह 20 वर्ष तक वार्षिक वृति देय होगा।
5.	**विस्थापित कुटुंबों के लिए एक वर्ष की अवधि तक जीवन–निर्वाह अनुदान:–** ➤ प्रत्येक विस्थापित कुटुंबों को एक वर्ष तक 3,000/- रू0 प्रति माह जीवन निर्वाह अनुदान प्रदान किया जायेगा।
6.	**विस्थापित कुटुंबों के लिए परिवहन खर्च:–** ➤ प्रत्येक विस्थापित कुटुंबों को 50,000/- रू0 प्रति परिवार परिवहन खर्च देय होगा।
7.	**पशुबाड़ा खर्च:–** ➤ पशुबाड़ा हेतु प्रत्येक विस्थापित कुटुम्ब को वित्तीय सहायता के रूप में 35,000/- रू0 देय होगा।
8.	**कारीगरों, छोटे व्यापारियों, छोटी दुकान और कतिपय अन्य को एक बारगी अनुदान:–** ➤ कारीगर, छोटे व्यापारी, छोटे दुकान रखने वाले या स्वनियोजित व्यक्ति के प्रत्येक प्रभावित परिवार या ऐसे परिवार जिसके स्वामित्वधीन प्रभावित क्षेत्र में गैर–कृषिक भूमि या वाणिज्यक, औद्योगिक या संस्थागत ढांचा है तो ऐसे प्रभावित व्यक्ति को एक बारगी वित्तीय सहायता के रूप में प्रोत्साहन राशि 25,000/- (पच्चीस हजार रूपये) दिया जायेगा।
9.	**मछली पकड़ने का अधिकार:– लागू नहीं।**
10.	**एक बारगी पुनर्व्यवस्थापन भत्ता:–** ➤ प्रत्येक प्रभावित परिवार को एक बारगी पुनर्व्यवस्थापन भत्ता के रूप में 50,000/- (पचास हजार रूपये) एक मुश्त भुगतान किया जायेगा।
11.	**स्टांप शुल्क और रजिस्ट्रीकरण शुल्क:–** ➤ प्रभावित परिवारों को आबंटित भूमि या मकान के रजिस्ट्रीकरण के लिए संदेय स्टांप शुल्क और अन्य फीस का वहन अडानी इन्टरप्राईजेज लि0 के द्वारा किया जायेगा। ➤ प्रभावित परिवारों को आबंटित मकान के लिए भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होगी। ➤ आबंटित भूमि या मकान प्रभावित परिवार की पत्नी और पति दोनों के संयुक्त नाम में हो सकेगा।

3. पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन कॉलोनी में अवसंरचनात्मक सुविधाएँ/सहुलियतें एवं संसाधान:– *RFCTLARR Act- 2013* के अनुसूची– III के अनुसार उपलब्ध कराये जायेगें।

अन्य लाभ:– उपर्युक्त मुआवजा/सुविधाओं के अलावा अन्य लाभ भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 के अनुसार प्रभावित परिवारों को प्रदान किया जायेगा।

ह0/–
उपायुक्त सह समुचित सरकार,
हजारीबाग।

PR 336136 (Land Reforms) 24-25 (D)

दवा के बिना इलाज की विधि फिजियोथेरेपी

समय संवाद

फजियोथैरेपी की उपयोगिता सबसे अधिक आथोर्पैडिक व न्यूरोलॉजी में पड़ती है। आथोर्पैडिक के अन्तर्गत हड्डी की सभी बमारियों, अर्थराइटिस, गठिया, स्पांडलाइटिस, लो बैकपेन, स्लिपडिस्क, टेनिस एल्बो, पोस्ट सर्जिकल व प्री-सर्जिकल में भी फिजियोथैरेपी की महत्वपूर्ण भूमिका है। वर्तमान में स्पांडिलाइटिस व स्लिप डिस्क, लो बैकपेन की शिकायत अधिक बढ़ रही हैं। इनमें दर्द अधिक होता है, लेकिन जनता में भी जागरूकता बढ़ रही है इसलिए लोग पेन किलर खाने के बजाय फिजियोथैरेपी करना अधिक उचित समझने लगे हैं।

अंकुर वर्मा

प्राचीनकाल से दवाओं के बिना ही शरीर के रोगों की चिकित्सा का प्रचलन है। राजा-महाराजाओं के यहां युध्द के बाद आयी शिथिलता, चोटों व शरीर के अन्य रोगों को ठीक करने हेतु वैद्य व अन्य चिकित्सक रहते थे जो हड्डी बैठाने व अंगों को पुनः कार्य करने योग्य बनाते थे।

रामायण व महाभारत काल में

इस थैरेपी का प्रचलन गांवों व कस्बे में पहले से ही था। जहां जोड़ों में दर्द, घुटनों, कमर, पीठ, कंधे, जांघों, छाती इत्यादि अंगों में दर्द का, मालिश एवं व्यायाम के जरिये उपचार किया जाता था। महाभारत व रामायण काल में भी बड़े-बड़े ऋषि व मुनि भी इस चिकित्सा में पारंगत थे। अंजनी पुत्र हनुमान व विश्वमित्र भी इस विद्या में पारंगत थे, जो युध्द में हुए घायलों को अपने स्पर्श मात्र से ठीक करते थे। श्री हनुमान ने शनि को युध्द में हराने के बाद उसकी फिजियोथैरेपी की थी तथा इसी प्रकार विश्वमित्र ने भी अपने यज्ञ की रक्षा के बाद श्रीराम की फिजियोथैरेपी के बाद उन्हें दिव्य शस्त्रों का ज्ञान दिया था। लंका के सुषेण वैद्य व अन्य राक्षस भी फिजियोथैरेपी के ज्ञान में पारंगत थे। जैसे-जैसे समय बीतता गया, इस विद्या का ह्रास होता चला गया। आधुनिक काल में इस विद्या ने वैज्ञानिक रूप ले लिया है, जिससे युवाओं व युवतियों का रूझान इस ओर बढ़ता जा रहा है।

खेलकूद से जुड़ी समस्याएं खेलकूद से जुड़ी समस्याओं की फिजियोथैरेपी करने वाले विशेषज्ञ इस क्षेत्र में पूरी तरह से सफल होते जा रहे हैं। शरीर को अनेक जटिल बीमारियों जैसे स्पांडिलाइटिस, अर्थराइटिस, साइटिक पेन, स्लिप डिस्क इत्यादि की फिजियोथैरेपिस्ट बड़ी आसानी से सफल चिकित्सा कर रहे हैं। आज इस पध्दति की बढ़ती उपयोगिता के कारण ही हृदय रोग से जुड़ी समस्याओं की चिकित्सा व्यायाम, खान-पान नियंत्रण आदि से की जाने लगी है। बच्चों की बीमारियों में भी फिजियोथैरेपी का पूरी सफलता के साथ प्रयोग किया जा रहा है। फिजियोथैरेपी की उपयोगिता सबसे अधिक आथोर्पैडिक व न्यूरोलॉजी में पड़ती है। आथोर्पैडिक के अन्तर्गत हड्डी की सभी बमारियों, अर्थराइटिस, गठिया, स्पांडलाइटिस, लो बैकपेन, स्लिपडिस्क, टेनिस एल्बो, पोस्ट सर्जिकल व प्री-सर्जिकल में भी फिजियोथैरेपी की महत्वपूर्ण भूमिका है। वर्तमान में स्पांडिलाइटिस व स्लिप डिस्क, लो बैकपेन की शिकायत अधिक बढ़ रही हैं। इनमें दर्द अधिक होता है, लेकिन जनता में भी जागरूकता बढ़ रही है इसलिए लोग पेन किलर खाने के बजाय फिजियोथैरेपी करना अधिक उचित समझने लगे हैं। वहीं न्यूरोलॉजी में भी इसकी एहमियत कुछ कम नहीं है।

नशे पर कंट्रोल

अब फिजियोथैरेपी के जरिये नशे पर कंट्रोल पाना भी आसान हो जायेगा। वैज्ञानिकों ने खासकर सिगरेट के नशेड़ी व्यक्ति को मामूली ट्रीटमेंट से नशे की आदतों को छुड़ाने के लिये टेक्नोलॉजी विकसित की है। लेजर थैरफ्यूटिक प्रणाली के जरिये अमेरिका ने एक स्टाप स्मोकिंग जस्ट 30 मिनट मशीन का आविष्कार किया है। एक्यूपंचर वेस्ट मशीन से मनुष्य के शरीर पर स्पर्श होते ही महज छह मिनट में असर होना शुरू हो जाता है। मशीन की नोव 10 से.मी. त्वचा के अंदर जाकर व्यक्ति के अंदर इंडोरफीन, केमिकल को अप कर देता है, जिससे मनुष्य को लगने वाली सिगरेट की तलब जीरो हो जाती है। चिकित्सा शिक्षा का क्षेत्र रोजगारपरक होने के साथ-साथ एक संतोष भी प्रदान करता है। जिन युवाओं को चिकित्सा क्षेत्र में कार्य करने की अभिलाषा है, उनके लिये फिजियोथैरेपिस्ट एक अच्छा कैरियर हो सकता है। क्योंकि आजकल मेडिकल कॉलेज में प्रवेश लेना ही काफी दुष्कर होता जा रहा है।

धर्म की समझ की पात्रता विकसित करना जरूरी

स्वामी सत्यानंदजी परमहंस

भगवान, कृपा करके यह बताया जाए क्या हमारे हिंदू धर्म में मंदिर और मूर्ति पूजा का प्रावधान क्यों किया गया और इसका रहस्य क्या है? हिंदू धर्म में जो भी कर्मकांड का प्रावधान किया गया है वह वैज्ञानिक है और हमारे प्राचीन ऋषि मुनियों द्वारा बहुत ही सोच समझ कर बनाया गया है। जरा सोचिए यदि यह मंदिर और उसके अंदर देवी देवता का प्रावधान नहीं होता तो क्या हम समझ पाते कि भगवान भी कोई है उनकी पूजा भी होती है और पूजा का पूजा का तरीका इस प्रकार है। मंदिर नहीं होता तो हमारे अंदर भगवान की कल्पना भी नहीं होती यह प्रथम पाठशाला है बिना इस पाठशाला से गुजरे कोई भी अध्यात्म की अगले सीढ़ी पर नहीं चढ़ सकता। यह मंदिर ही है जो हमारे अंदर श्रद्धा और भगवान के प्रति विश्वास का बीज डालता है। कितना बड़ा विद्वान हो या डॉक्टर इंजीनियर हो या उच्च अधिकारी हो सबको प्राथमिक स्कूल से होकर ही गुजारना पड़ता है।

मगर प्राइमरी में पड़े बिना कोई भी आगे नहीं पढ़ सकता। हमारे मंदिर मस्जिद अध्यात्म का प्राइमरी पाठशाला है इसके खिलाफ बोलने वाला व्यक्ति न धार्मिक हो सकता है और ना अध्यात्मिक हो सकता है। आप कहेंगे कि बहुत से संतो ने मूर्ति पूजा का विरोध किया है इसकी आलोचना की है। लेकिन बात ऐसी नहीं है। हमारे धर्मो को संकेतों के माध्यम से समझने की की जरुरत होती है। उन संतो का इशारा उन लोगों के तरफ होता है जो सुर दुर्लभ मनुष्य शरीर पाकर अपने जीवन को अध्यात्म की अगली शिर्डी पर नहीं ले जाते अपनी पूरी आयु को प्राइमरी स्कूल में ही मिटा देते हैं। कोई भी समझदार आदमी कभी या नहीं कहेगा उसका बच्चा प्राइमरी स्कूल में नामांकन नामांकन कर वही पाठ जिंदगी भर पढ़ता रहे। हमारे धर्म ग्रंथों में बार-बार यह जिक्र किया गया है कि आगे का खोजो यदि तुम्हारी खोज होगी तो वह राह दिखाने वाले महापुरुष जरूर मिल जाएंगे।

इसीलिए हिंदू धर्म में गुरु करने का प्रावधान किया गया है। गू का अर्थ होता है अंधकार और रू का अर्थ होता है प्रकाश यानी जो अंधकार से प्रकाश के तरफ ले जाए यानि जो भाव बंधन से मुक्ति के तरफ ले जाए। यह भी कहा गया है कि किसी ब्राह्मण से ही गुरु मंत्र लेना चाहिए। ब्रह्म को जानने वाले को अध्यात्म में ब्राह्मण कहा गया है। अध्यात्मिक की दूसरी श्रेणी वहीं से शुरू होती है महापुरुषों का इशारा इसी तरफ था।

(ब्रम्ह विद्यालय सह आश्रम छोटका राजपुर बक्सर शाखा कुटी रांची)

मुझे इंसाफ दो



परी कुमारी

बड़ी मुश्किल से मां की कोख से आई थी मां बाप पे बोझ ना बन बेटी से बेटा बनकर दिखाऊंगी ,ऐसा संकल्प उठाई थी और इसी संकल्प को पूरा करने के लिए मां के पास जाकर थोड़ी सी हिम्मत जुटाई थी । और बोली मां मैं डॉक्टर बनना चाहती हूं मां ने ये बात जाकर पापा को बताई थी ,पापा ने बोला जा बेटी तुझे जो बनना है ,तू बन मुझे पता है तू बहुत आगे जाएगी ।

दिन रात मेहनत कर मैने ठएएळ जैसी टफेस्ट एग्जाम निकाली थी, सात साल की मेहनत के बाद मैंने अपने नाम के आगे डॉक्टर लगवाई थी ।

पापा ने ये देख बोला बेटी तू बेटी नही खुदा के द्वारा दिया गया हमारा वो अनमोल तोफा है जो डॉक्टर बन हमारे घर को दीपक से रोशन कर दिया।

अब मेरी बारी मरीजों को बचाने की आई थी नाइट ड्यूटी था मेरा अपना सारा वक्त अपने काम में लगाई थी लगातार तेरह से चौदह घंटे काम करने के बाद अब मैं भी थक गई थी।

आराम के लिए थक कर मैं अब सोने चली गई थी ,फिर अचानक आराम करते वक्त मेरे शरीर के अंगों को किसी ने काफी दर्द और चोट पहुंचाया था।

मैं रोती चिल्लाती बिलखती रही पर मुझे कोई ना बचाने आया था अब मैंने दम भी तोड़ दिया था, क्योंकि उन जालिमों ने मेरा गला तक दबाया था।

सुसाइट है, कहकर उन लोगों ने मेरे मां- बाबा को बुलाया था तीन-चार घंटे खड़े रहने के बाद जब उन्हें मेरी लाश दिखाया था ,तो वह समझ गए यह सुसाइड नहीं बल्कि मेरी बेटी को रेप सहित तड़पाया गया था।

उनके पैरों तले जमीन खिसक गई थी उन्हें जब यह पता चला की जो उनके जिगर का टुकड़ा थी, जो उनके बुढ़ापे की लाठी थी और जो बीमार लोगों को ठीक करने के लिए डॉक्टर बनी थी ,उसे ही कुछ जालिमों ने घायल कर मार दिया।

और गंगा जी में बहती हुई मेरी अस्थियां और तड़पती हुई मेरी आत्मा अभी भी यही सोच रही है ,कि क्या लड़की होना श्राप है या डॉक्टर होना पाप है।

मैं मोमिता देवनाथ

मुझे इंसाफ दो मुझे इंसाफ दो।

(झुमरी तिलैया कोडरमा)

पिंपल से छुटकारा के उपाय

कुसुम पी

पिंपल्स आज के समय की एक आम समस्या है। कई बार तो ये इतना ज्यादा परेशान करते हैं कि एक के बाद एक पिंपल्स से पूरा चेहरा भर जाता है। साथ ही चेहरे पर दाग-धब्बे भी हो जाते हैं। पिंपल्स की समस्या के पीछे कई कारण हो सकते हैं जैसे खराब खान-पान, शरीर में अंदरूनी चीज की कमी, धूल, मिट्टी।

इसके अलावा स्किन को हेल्दी रखने के लिए हेल्दी डाइट भी बहुत मायने रखती है। ज्यादा तेल मसाले के सेवन से पेट सही से साफ नहीं होता जिसके चलते भी पिंपल्स की समस्या हो सकती है। लेकिन धबराएं नहीं अगर आप भी पिंपल्स की समस्या से परेशान हैं तो कुछ आयुर्वेदिक नुस्खों की मदद से इससे छुटकारा पा सकते हैं। शहद में एंटी बैक्टीरियल गुण होते हैं जो पिंपल्स से छुटकारा दिलाने में मदद कर सकते हैं। रोजाना शहद का सेवन करने से, या शहद को फेस में लगाने से पिंपल्स की समस्या से राहत पा सकते हैं।

ग्रीन टी पीने से शरीर को कई लाभ मिलते हैं। ग्रीन टी को वजन घटाने के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। इसमें एंटी इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं जो सूजन और रेडनेस को कम करने में मदद कर सकते हैं। ग्रीन टी के सेवन से पिंपल्स की समस्या को कम किया जा सकता है इसके लिए आप इसके बैग को ठंडा करके पिंपल्स वाली जगह पर इस्तेमाल कर सकते हैं।

ऐलोवेरा को आयुर्वेद में औषधीय गुणों से भरपूर माना जाता है। ऐलोवेरा को सेहत और सुंदरता दोनों के लिए इस्तेमाल किया जाता है। ऐलोवेरा जूस के सेवन से शरीर के खराब पदार्थों को बाहर निकालने में मदद मिलती है। ऐलोवेरा जूस पिंपल्स की समस्या को दूर करने में मदद कर सकता है।

लो ब्लड प्रेसर से बचाये प्राकृतिक फल, सब्जियां

निधि सिंह

लो बल्ड प्रेशर के कारण हार्ट, ब्रेन और शरीर के कई जरूरी अंगों के बीच ब्लड सकुर्लेशन में दिक्कत आती है। 120` ल्ँ से कम और 80` ल्ँ से ज्यादा ब्लड प्रेशर को सामान्य माना जाता है। नॉर्मल रेंज से कम ब्लड का प्रेशर आपके शरीर के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। ऐसे में कई बार चक्कर आना, हाथ-पैरों में झुंझलाहट होना, आंखों के सामने धुंधलापन के अलावा मितली और कमजोरी महसूस होती है। लो ब्लड प्रेशर होने पर घबराना नहीं चाहिए क्योंकि इसे कुछ आसान आयुर्वेदिक नुस्खों को अपनाकर भी नॉर्मल किया जा सकता है। जानिए ऐसे 7 आयुर्वेदिक नुस्खे जिनसे लो ब्लड प्रेशर की समस्या से निजात पाने में मदद मिल सकती है।

लो ब्लड प्रेशर के लक्षण

थकान, डिप्रेशन, जी मचलाना, प्यास लगना, त्वचा में पीलापन, शरीर ठंडा पड़ जाना, आधी-अधूरी और तेज सांस लेना, सीने में दर्द, अनियमित धड़कन, गर्दन अकड़ जाना लो ब्लड प्रेशर सामान्य लक्षण हैं। अगर ज्यादा लंबे समय तक लो ब्लड प्रेशर की समस्या रही तो उल्टी, बेहोशी, अत्यधिक थकान, कुछ समय के लिए धुंधला या कुछ दिखाई न देना आदि भी इसके लक्षण हैं।

आयुर्वेदिक नुस्खे

अदरकः अदरक के छोटे-छोटे टुकड़े करें, इसमें नींबू का रस और सेंधा नमक मिलाकर एक जार में रख दें। रोजाना इसे थोड़ी-थोड़ी मात्रा में दिन में 3-4 बार खाएं। कुछ ही दिनों में ब्लड प्रेशर नॉर्मल हो सकता है।

टमाटरः टमाटर के रस में काला नमक, काली मिर्च डालकर पिएं। कुछ दिनों के लगातार सेवन से इसका असर दिख सकता है।

चुकंदर का रसः लो ब्लड प्रेशर में चुकंदर का रस काफी फायदेमंद है। रोजाना सुबह शाम इसका जूस पिएं। आपको अंतर दिख सकता है।

खजूर :खजूर को दूध में उबाल लें और रोज पिएं। आप चाहें तो ब्रेकफास्ट में खजूर खा सकते हैं। यह आपके ब्लड प्रेशर को नॉर्मल बनाने में बहुत फायदेमंद है।

दालचीनी :कुछ टुकड़े दालचीनी पानी में उबाल लें और इसे सुबह शाम पिएं। यह लो ब्लड प्रेशर में बहुत काम आता है। छाछ :छाछ में नमक, भूना जीरा, हींग मिलाकर इसका सेवन रोजाना करें। यह आपके ब्लड प्रेशर को सामान्य रखेगा।

आंवलाःआंवला के ताजे रस में अगर आप शहद डालकर खाते हैं तो यह लो ब्लड प्रेशर में काफी फायदा पहुंचाता है। आंवला को आप मुरब्बा या कैंडी के रूप में भी रोजाना खा सकते हैं।

किशमिशः लो ब्लड प्रेशर होने पर किशमिश खाना भी बहुत फायदेमंद होता है। रात में थोड़ा किशमिश भिगो दें और सुबह खाली पेट इसका सेवन करें। इससे लो प्रेशर में लाभ मिलेगा।

गाजरः लो ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने में गाजर भी बहुत मदद करता है। गाजर के रस में एक चौथाई पालक का रस मिलाकर पिएं तो यह और भी फायदेमंद बन जाता है।

युवाओं के लिये प्रातः काल उठना आवश्यक , बौद्धिकता में वृद्धि

प्रशांत झा

प्रकृति से हम हैं, प्रकृति हमसे नहीं है । विश्व में लाखों किस्म के जीव, पेड़-पौधे, पहाड़, नदियां, झील, पोखर, बादल, हवाएं और सागरीय तरंगें प्रकृति के अंग हैं । इन लाखों हिस्सों में से एक हिस्सा अपना यानी मानव समुदाय का भी है । मनुष्य अपने आपको ब्रह्मांड का सबसे समझदार प्राणी मानता है । इस नाते प्रकृति की रक्षा का सबसे बड़ा दायित्व भी मानव समुदाय पर ही है । कहा भी जाता है प्रकृति रक्षति रक्षिताः । यानी यदि हम प्रकृति की रक्षा करेंगे तो प्रकृति हमारी रक्षा करेगी ।

विकास की आंधी में उड़ान भरने की चाहत के कारण मनुष्य का प्रकृति से जुड़ाव कम हुआ है । प्रकृति की कीमत पर हमने विकास के महल खड़े किए हैं । यह महल आराम तो दे रहे हैं लेकिन सुख और आनंद की प्राप्ति इन महलों में नहीं हो पा रही । प्रकृति का अंग होने के कारण मनुष्य को असली सुख और शांति प्रकृति के सामंजस्य के साथ जुड़ा हुआ है ।

प्रकृति और पर्यावरण की रक्षा के लिए राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर की अनगिनत संस्थाएं अपने-अपने ढंग से प्रयास कर रही है । हमें अपने ढंग से प्रयास करना है । प्रकृति से अपना जुड़ाव बढ़ाकर हम धरती के सच्चे सेवक बन सकते हैं । प्रातः काल प्रकृति से जुड़ने का सबसे माकूल समय है । इस समय प्रकृति के सान्निध्य में मौन का सृजन हो सकता है । मौन की अनुभूति से हमारे बुद्धि-विवेक, स्मरण शक्ति और विचार करने की क्षमता में वृद्धि होती है ।

इसलिए आवश्यक है कि प्रातः काल में हम घर के आरामदायक वातावरण को छोड़कर प्रकृति से जुड़ने के लिए काम करें । आवासीय परिसर में यदि पौधे लगाए गए हैं तो उन्हें सुबह-सुबह पानी देना चाहिए । उसके बाद

आसपास के किसी बाग-बगीचे, पार्क या उद्यान में प्रातः भ्रमण करते हुए प्रकृति के प्रति आभार प्रकट करना चाहिए । यदि आपके घर से किसी नदी की दूरी पांच किलोमीटर से कम है, तो प्रातः भ्रमण करते हुए नदी तट तक जाना और नदी के साथ संवाद करना भी एक अच्छी आदत है । नदी के किनारे सुबह का योगाभ्यास और प्राणायाम भी प्रकृति से जुड़ने का एक अच्छा विकल्प है । गांव में रहने वाले लोग प्रातः काल में अपने खेत-खलिहान और बागान का चक्कर लगाते ही हैं । बचपन में मैं भी गांव में रहता था । खेत-खलिहान और बाग-बगीचा में प्रातः भ्रमण प्रायः हर व्यक्ति का सामान्य रूटीन रहता था । गांवों में कमोबेश वैसी स्थिति आज भी बनी हुई है ।

लेकिन शहरी जीवन में समय की कमी को लेकर एक आभासी समस्या पैदा कर दी गई है । आलतू-फालतू के कामों में व्यस्त हो कर हम देर रात तक जागते रहते हैं और सुबह देर देर से बिस्तर छोड़ते हैं । फिर कार्यालय जाने की हड़बड़ी में अपने स्वास्थ्य को दरकिनार कर देते हैं और सुबह का जो समय स्वास्थ्य संवर्द्धन करते हुए प्रकृति के साथ जुड़ाव का होता है, उसे व्यर्थ गंवा देते हैं । हमें इस आदत को बदलना होगा । इलेक्ट्रॉनिक गैजेट या कोई और कार्य हमें अपनी ओर आकर्षित करे, उससे पहले ही हमें प्रकृति से जुड़ जाना है ।

(लेखक, मोटिवेशनल स्पीकर करियर काउंसलर है ब्रदर्स एकेडमी रांची से जुड़ें हैं।)

श्री सर्वेश्वरी समूह के 64 वें स्थापना दिवस पर गोष्ठी, प्रभात फेरी और प्रसाद वितरण

शनिवार को श्री सर्वेश्वरी समूह का 64वा स्थापना दिवस रांची शाखा में हर्षोल्लास से मनाया गया। बड़ा तालाब स्थित आश्रम परिसर में कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः 5.30 बजे समूह संस्थापक परम पूज्य अघोरेश्वर महाप्रभु के तैल चित्र के नगर भ्रमण प्रभात फेरी से हुई जिसमें समूह सदस्य भारी संख्या में लगभग एक सौ छोटे बड़े वाहनों में शामिल हुए और आश्रम परिसर से विश्वनाथ शाहदेव चौक, धुर्वा तक गए।

तत्पश्चात श्रद्धालुजन द्वारा अघोर पथ स्थित आश्रम परिसर में गुरु पूजन एवं ध्वज पूजन के साथ सफल योनि सद्ग्रन्थ का पाठ सम्पन्न किया गया ।

इस पुनीत दिवस के महात्म्य पर आश्रम सभागार में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता शाखा प्रयागराज से पधारे परम पूज्य के विशेष प्रतिनिधि हरीश कुमार तिवारी जी ने किया। सभाध्यक्ष ने अपने संबोधन में समूह के स्थापना के उद्देश्य पर प्रकाश डाला साथ ही उन्होंने आश्रम परिसर की पवित्रता एवं वातावरण की विशेषता बतलाई।

अन्य वक्ताओं में कर्नल रामचंद्र नाथ शाहदेव जी ने कहा की परमपूज्य एवं पुराने सदस्यों के अथक

परिश्रम से श्री सर्वेश्वरी समूह ने अपने आरंभिक कठिनाइयों को ठीक उसी प्रकार से पार कर लिया है जिस प्रकार से पहाड़ के चट्टानों को काटती हुई नदी अंततः मैदानों में उतर आती हो और अब यह समूह नई पीढ़ी के हाथों में और निखरेगी।

श्रीमती किरण द्विवेदी जी ने माता पिता के प्रति बच्चों के कर्तव्य पर प्रकाश डाला।

श्रीमती नयन मंजरी जी ने कहा कि गुरु हमे अज्ञान से प्रकाश की ओर ले जाते हैं। सौरभ राज जी ने कहा कि जिनपर गुरुकृपा हो जाती है वो असंभव कार्य भी आसानी से कर पाते हैं।

वरिष्ठ पत्रकार श्री नंदकिशोर मुरलीधर जी ने अपने संस्मरण साझा करते हुए सहजता, सरलता एवं गुरुसत्ता की महत्ता को समझाया।

डॉ रोहित सिंह जी ने कहा कि अपने शरीर के मंदिर को स्वस्थ रखने से ही हम बड़े लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

श्री यदुनाथ शाहदेव जी ने श्री सर्वेश्वरी समूह की स्थापना के लिए 21 सितंबर ही दिन चुनने की महता को बतलाया।श्रीमती मुक्ता सिंह जी ने आश्रम के स्थापना एवं उद्देश्य के महत्व को बताते हुए अघोर साहित्य के गहन अध्ययन एवं उनके मनन की आवश्यकता पर बल दिया। श्री राजेश शरण जी ने आश्रम में युवाओं के कर्तव्य के साथ संरचना को और बढ़ाने के लिए जोर दिया। मंगलाचरण यशवंत नाथ शाहदेव जी , मंच संचालन हर्षवर्धन नाथ शाहदेव जी एवं धन्यवाद ज्ञापन श्री अभय सहाय जी ने किया । दोपहर में सामूहिक प्रसाद वितरण में पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय सहित गणमान्य लोग शामिल हुए। देश-विदेश में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

गरीबी और शोषण...

साभार कॉर्टूनमूवमेंट

स्पीड न्यूज

मृतक प्रीतम के परिजनों से मिले सांसद व पूर्व विधायक मनीष जायसवाल

बरही। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बरही विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चौपारण प्रखण्ड के बहुचर्चित ट्रेलर दुर्घटना में 17 वर्षीय प्रीतम कुमार की मौत के चौथे दिन हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल और बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव उनके परिजनों से मिले। सांसद श्री जायसवाल ने कहा यह दु:खदाई घटना है। इस संकट की घड़ी में हम सभी भाजपा परिवार आपके साथ खड़े हैं। कहा प्रसाशन नियम संगत परिजनों को सहयोग करें। पूर्व विधायक ने कहा कि चौपारण में सड़क निर्माण कंपनी की लापरवाही एवं प्रसाशन के विधि व्यवस्था में लचीलेपन के कारण आये दिन वाहन दुर्घटना में लोग मौत के शिकार बन रहे हैं। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, पिंटू केशरी, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि बिनोद सिंह, भाजपा नेता दिनेश सिंह राठौर, नरेंद्र कुमार, नारायम यादव, भाजपा नेता राजदेव यादव, अजय मेहता, सियाराम सिंह, शिक्षक शिवकुमार यादव, अशोक केशरी, प्रदीप केशरी, राहुल केशरी, दीपक केशरी, नंदू केशरी, राजेश केशरी, राजा केशरी, संजय केशरी, गोपाल केशरी, पवन सिंह, ईश्वरी यादव, मंटू सिंह, प्रमोद सिंह, रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

आजसू पार्टी का चूल्हा प्रमुख सम्मेलन शपथ ग्रहण समारोह आज

बड़कागांव। प्रखंड के प्लस टू हाई स्कूल उच्च विद्यालय के खेल मैदान में आजसू पार्टी का विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन होगा जिसमें पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो,वरीय उपाध्यक्ष सह गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो,रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, केंद्रीय उपाध्यक्ष पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता, केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी सहित कई केंद्रीय नेता सम्मेलन में शामिल होंगे। जिसको लेकर बड़कागांव प्रखंड आजसू कमेटी पिछले एक सप्ताह से लगातार तैयारी में जुटी हुई है पूरा प्रखंड आजसू पार्टी के झंडा बैनरों से पाट दिया गया है। इस संबंध में बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में यह ऐतिहासिक कार्यक्रम होगा। इस सम्मेलन में 20000 से भी अधिक कार्यकर्ता पहुंचकर वर्तमान विधायक और झारखंड सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए शपथ लेंगे। स्थानीय विधायक और झारखंड सरकार के दमनकारी नीतियों के खिलाफ पूरा जनता एकत्रित हो रही है और 2024 विधानसभा चुनाव में इसे उखाड़ फेंकने का मन बना चुकी है।

बीएमएस ने सहायक लोडिंग क्लर्क की परीक्षा रद्द करने की मांग, परीक्षा आज

चरही। सीसीएल हजारीबाग कोयला क्षेत्र के तापीन साउथ परियोजना में एक पद सहायक लोडिंग क्लर्क के लिए आज परीक्षा होनी है। उक्त परीक्षा को रद्द करने की मांग भारतीय मजदूर संघ, तापीन साउथ यूनिट के द्वारा की गई है। बीएमएस के कार्यकर्ताओं को कहना है कि जिस एक पद के लिए परीक्षा आज ली जा रही है, उसके विरुद्ध परियोजना पदाधिकारी को लिखित शिकायत की जा चुकी है। बीएमएस नेता दामोदर पांडेय का कहना है कि यह परीक्षा कार्मिक विभाग के पत्रांक संख्या 306 दिनांक 9.7.2024 को दोबारा आवेदन मांगा गया था, जिसकी अंतिम तिथि 15.7.24 थी। 7.9.24 के पत्रांक 572 के माध्यम से बीते 9 सितंबर को परीक्षा निर्धारित की गई थी, लेकिन उसी तिथि को पत्रांक संख्या 582 के माध्यम से होने वाली परीक्षा रद्द कर दिया जाना कई संदेह पैदा करने के कारण पीओ से लिखित शिकायत की गयी। पीओ से यह पूछा गया कि किस आधार पर तिथि निर्धारित कर उसी दिन परीक्षा रद्द कर दिया जाना कितना उचित था। किस विशेष कारण से परीक्षा रद्द हुई और आवेदन की तिथि बढ़ाई गई। परीक्षा के लिए आवेदन तिथि बढ़ाने के पूर्व बीएमएस के दो सदस्य ही आवेदक थे। जान बूझकर तिथि बढ़ा कर अभ्यर्थियों की संख्या बढ़ाना, कार्मिक विभाग की मंशा पर सवाल उठना स्वाभाविक है। इस विषय पर पीओ ने आश्वासन दिया था कि नियम संगत परीक्षा ली जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसके लिए आज की होने वाली परीक्षा को बीएमएस तापीन साउथ यूनिट ने विरोध किया है। साथ ही परीक्षा रोकने की मांग की है।

कुरहागड़ा में चल रही थी प्रतिबंधित मांस की तस्करी, ग्रामीणों ने पकड़ा, आक्रोश

हजारीबाग/कटकमसांडी। जिले के कटकमसांडी प्रखंड के कुरहागड़ा गांव में ग्रामीणों ने एक गौ तस्कर को पकड़ा है, गौ तस्कर के कब्जे से लगभग 20 किलो प्रतिबंधित मांस बरामद किया है। इस मामले में स्थानीय थाने में ग्रामीणों ने आवेदन भी दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि शेरघाटी निवासी मोहम्मद इरफान उर्फ छोटू पिता असरफ शाह के द्वारा प्रतिबंधित गौ मांस बांटा जा रहा है। जिसमें अल्पसंख्यक समुदाय कुरहागडा के लोग पिछले एक वर्ष से प्रतिबंधित गौ मांस ले रहे थे। जब इसकी जानकारी ग्रामीणों को हुई तो उन्होंने उसे प्रतिबंधित मांस के साथ धर दबोचा। ग्रामीणों के द्वारा पूछताछ के दौरान उसने बताया कि कई महीनो से वह इस व्यवसाय से जुड़ा है और इस कार्य को कर रहा है। उसने कहा कि इस कार्य में कुरहागुड़ा गरवा निवासी बबलू, समीम, सुभान उसके सहयोगी रहे हैं। बताया कि इस व्यवसाय से 20-25 अन्य लोग भी जुड़े हुए हैं। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस उसे गिरफ्तार कर थाने ले गयी। बताते चलें कि उक्त व्यक्ति के द्वारा प्रतिबंधित गौ मांस अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को बांटने के दौरान नीचे गिर जाने के क्रम में कुछ ग्रामीणों ने देखा था जिसके बाद उसकी धरपकड़ की गयी। इस घटना के बाद ग्रामीण आक्रोशित हैं। ग्रामीणों ने आवेदन देते हुए उपरोक्त मामले में जांच कर सम्मिलित सभी लोगों पर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

चरही में जेएसएससी सीजीएल परीक्षा के लिए दो परीक्षा केंद्र बनाए गए

चरही। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा आयोजित हो रहे जेएसएससी सीजीएल परीक्षा 2024 के सफल संचालन के लिए चरही में दो परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय चरही और मासी मारसल उच्च विद्यालय चरही को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जिसमें पहले दिन परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय चरही में कुल 228 परीक्षार्थी में 73 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। जबकि 155 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वही मासी मारसाल उच्च विद्यालय चरही में पहले दिन कुल 228 परीक्षार्थियों में 82 परीक्षार्थी शामिल हुए। जबकि 146 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के सफल संचालन हेतु परीक्षा केंद्र के 100 मीटर कि परिधि में निषेधाज्ञा लागू किया गया है। वही दोनों परीक्षा केदो में सीसीटीवी निगरानी रखी जा रही है।

युवा कांग्रेस अध्यक्ष मंजीत यादव ने की स्थानीय उम्मीदवार की मांग

बरही। युवा कांग्रेस अध्यक्ष मंजीत यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि बरही टाउन हॉल आयोजित कांग्रेस के बैठक में शामिल उन्होंने स्थानीय उम्मीदवार की मांग रखी। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के राज्यसभा सांसद पूर्व छाया वर्मा, हजारीबाग कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव आदि उपस्थित रहें। बताया कि उम्मीदवार चयन को लेकर बरही टाउन हॉल में बैठक रखा गया। साथ ही साथ पार्टी को जीतने के लिए संकल्प लिया गया। बरही विधानसभा से कांग्रेस पार्टी की जीत को लेकर संकल्प लिया गया।

राज नर्सिंग होम में लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने लगाया वैक्सीनेशन शिविर

भुरकुंडा (रामगढ़)। लायंस क्लब ऑफ ने परमानेंट प्रोजेक्ट वैक्सीनेशन के तहत भुरकुंडा ट्रेकर स्टैंड स्थित राज नर्सिंग होम में शनिवार को टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जोन चेयरपर्सन एमजेएफ लायन डॉ. राजेंद्र महतो की देखरेख में स्वास्थ्यकर्मियों टीकाकरण किया गया। मौके पर जोन चेयरपर्सन एमजेएफ डॉ. राजेंद्र महतो ने बताया कि परमानेंट प्रोजेक्ट वैक्सीनेशन के तहत ट्रेकर स्टैंड भुरकुंडा स्थित राज नर्सिंग होम में गर्भवती महिलाओं व दर्जनों शिशुओं का टीकाकरण किया गया है। मौके पर लायंस क्लब की अध्यक्ष रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी, कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद, जोन चेयर पर्सन एमजेएफ डॉ. राजेंद्र महतो, जिला चेयरपर्सन अशोक सिन्हा, जिला चेयरपर्सन अखिलेश शर्मा, विजय वर्णवाल, एमजेएफ सोनाराम मांझी, एमजेएफ संजय जयसवाल, डॉ एमके मंजुल, विजयंत कुमार, रेखा मंजुल, सूबेदार एचएन यादव, निर्मल अग्रवाल, मुमताज, निर्मल यादव मौजूद थे।

जेएसएससी सीजीएल परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न

परीक्षा के संपादन के लिए की गयी है पुलिस प्रशासन की चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था

- उपायुक्त नैंसी सहाय ने परीक्षा केन्द्रों का लिया जायजा

खबर मन्त्र संवाददाता

हजारीबाग। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा 21 एवं 22 सितंबर को आयोजित होने वाली जेएसएससी सीजीएल 2024 परीक्षा पहले दिन शनिवार को शांतिपूर्वक संपन्न हुई। अभ्यर्थी अपने सेंटर पर समय पर पहुंचे और वैध पहचान पत्र व आयोग के सभी दिशानिर्देशों का पालन करते हुए एग्जामिनेशन हाल में प्रवेश किया। हजारीबाग जिला में सभी 70 परीक्षा केंद्रों पर एचएचएमडी के द्वारा परीक्षार्थियों को चेकिंग कर परीक्षा केंद्र में प्रवेश कराया गया। कहीं से भी किसी तरह के व्यवधान की सूचना नहीं है। इस दौरान जिले की उपायुक्त नैंसी सहाय परीक्षा केन्द्रों पर जायजा लेने पहुंची। उन्होंने कहा कि पहली पाली की एग्जाम शांतिपूर्वक चल रही है। कहीं से भी किसी तरह का व्यवधान की सूचना नहीं है। सब कुछ नार्मल है। ज्ञात हो कि परीक्षा के सफल व पारदर्शी संचालन के लिए जिला प्रशासन पूरी मुस्तैदी से हर बिंदुओं पर कार्य कर रहा है। कदाचार मुक्त परीक्षा के संचालन के लिए उपायुक्त नैंसी सहाय ने जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को अलर्ट मोड पर रहने को लेकर निर्देशित किया है। सीजीएल की परीक्षा के लिए हजारीबाग जिला में कुल 70 केंद्र बनाए गए हैं तथा हर केन्द्रों की निगरानी के लिए 29 गश्ती दल सह उड़न दस्ता दल को क्रियाशील किया गया है। उपायुक्त ने बताया परीक्षा का संचालन बेहतर तरीके से करने तथा सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की कोई कमी ना हो, इसके लिए जिला प्रशासन के द्वारा प्रत्येक परीक्षा केंद्रों पर स्टैटिक मेजिस्ट्रेट के रूप में एक-एक पुअनि/सअनि के स्तर के कुल 70 पुलिस पदाधिकारी एवं तीन-तीन पुलिस बल को प्रतिनियुक्त किया गया है तथा कुल 140 लाठी बल/गृहरक्षक की तैनाती की गई है। वहीं गश्ती-सह-उड़न दस्ता दल में पुअनि/सअनि स्तर के कुल 29 पुलिस पदाधिकारी एवं 87 पुलिस बल को प्रतिनियुक्त किया गया है। परीक्षा के संचालन के दौरान असामाजिक तत्वों के द्वारा किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो इसके लिए परीक्षा केंद्र के 100 मीटर की परिधि में धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गयी है। जिला प्रशासन के द्वारा हजारीबाग जिला में परीक्षा के एक दिन पूर्व ही शहर के अलावे बरही, पदमा एवं अन्य सभी होटल, रेस्टोरेंट, गेस्टहाउस, लॉज, हॉस्टल की गहनता से जांच की गई है साथ इनके मालिक, मैनेजर को नोटिस देकर आवश्यक दिशानिर्देश दिये गये हैं। जिला प्रशासन के द्वारा हर एक परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है, जिसे कंट्रोल रूम के द्वारा मॉनिटरिंग किया जाएगा। 22को भी परीक्षा का आयोजन किया जायेगा।

एनटीपीसी चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना ने एक बार फिर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को साबित किया

खबर मन्त्र संवाददाता

केरेडारी। एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) के चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना ने एक बार फिर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को साबित किया है। शनिवार को, परियोजना के प्रमुख श्री नवीन गुप्ता ने वन विभाग हजारीबाग पश्चिम डिवीजन के डिप्टी फॉरेस्ट ऑफिसर (उत्क्रह्ड) श्री मौन प्रकाश को ?2.42 करोड़ का चेक सौंपा। इस मौके पर परियोजना के कोयला डिस्पैच एवं बिलिंग विभाग के अपर महाप्रबंधक श्री पवन रावत भी मौजूद थे।यह राशि 64,000 वृक्षारोपण के लिए निर्धारित की गई है, जो कोयला परिवहन मार्ग के आसपास किया जाएगा।

पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 तक, 33,000 पेड़ों के रोपण के लिए 6.74 करोड़ रुपये की राशि वन विभाग को जमा की जा चुकी है, जिसके लिए वन विभाग द्वारा वृक्षारोपण किया जा चुका है। इस कार्यक्रम मे परियोजना के उप महाप्रबंधक श्री प्रवीण अखोरी, और श्री मनोज कुमार बेहेरा सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति ने इस पहल के महत्व को और बढ़ा दिया। यह चेक पर्यावरणीय मंजूरी के अनुपालन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो दशार्ता है कि चट्टी बरियातू परियोजना खनन और पर्यावरण के बीच संतुलन स्थापित करने के लिए गंभीरता से काम कर रही है।

कार्यक्रम के दौरान, परियोजना अधिकारियों ने खनन और उरफ गतिविधियों पर भी चर्चा की। उन्होंने वन विभाग के साथ मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जताई ताकि परियोजना से प्रभावित स्थानीय समुदायों और क्षेत्र के पर्यावरण को लाभ पहुंचाया जा सके।इस पहल से न केवल पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलेगी, बल्कि यह स्थानीय लोगों के लिए भी दीर्घकालिक लाभ सुनिश्चित करेगी। एनएमएल का यह कदम स्पष्ट करता है कि औद्योगिक विकास और पर्यावरण संरक्षण एक साथ चल सकते हैं, और यह सभी के लिए एक सकारात्मक भविष्य का आधार बना सकता है।

आठ वर्षों से बंद कुजू कोलियरी के खुलने के बढ़े आसार

- खुली खदान चालू करने को लेकर रैयतों व ग्रामीणों के साथ प्रबंधन ने की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

कुजू। सीसीएल कुजू कोलियरी रेस्ट हाउस में शनिवार को विस्थापित प्रभावित ग्रामीण रैयतों के साथ प्रबंधन ने विगत आठ वर्षों से बंद पड़ी सीसीएल कुजू कोलियरी अंतर्गत खुली खदान को पुनः सुचारू रूप से चालू करने और आरएंडआर संबंधी विषयों को लेकर की बैठक की। बैठक की अध्यक्षता पीओ अभिमन्यु सिंह एवं संचालन सर्वेयर वकील साव ने किया। बैठक के दौरान पीओ ने पोखरिया मौजा डूमरबेड़ा और मुरपा के ग्रामीणों से कोलियरी को सुचारू रूप से चालू करने को लेकर राय देने एवं सहयोग करने का आग्रह किया है। इस दौरान ग्रामीणों ने प्रबंधन को सकारात्मक सहयोग करने का आश्वासन देते हुए नियमानुसार रैयतों को जमीन के बदले नौकरी और मुआवजा देने की बात कही। वहीं, प्रबंधन ने भी ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए नियमानुसार सहयोग करने की बात कही।

ज्ञात हो कि गत 2016 में कुजू कोलियरी खुली खदान में आगलगी की घटना होने से खदान को बंद कर दिया गया था। बैठक में मो. अलाउद्दीन, शिव प्रसाद, मो. इसराइल, मो. ताहिर, बलदेव मुर्मू, जयनंदन पटेल, बादल महतो, रंजीत प्रसाद, अनिल केसरी, विजय केसरी, रघुवीर केसरी, शंकर महतो, मो. जशिम आदि शामिल थे।

कौशल किशोर का संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के माध्यम से हुआ चयन

- कौशल का चयन से ग्रामीणों, दोस्तों एवं परिवारजनों में हर्ष का माहौल

खबर मन्त्र संवाददाता

हजारीबाग। झारखंड राज्य के हजारीबाग जिला, सदर प्रखण्ड के अंतर्गत जगदीश कॉलोनी रामनगर व पैतृक आवास लावालोंग प्रखण्ड के बांदू गांव के मूल निवासी अर्जुन साहू (सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक) के सुपुत्र कौशल किशोर का चयन यूपीएससी द्वारा आयोजित जेटीओ (राजभाषा अधिकारी) इपीएफओ, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार परीक्षा में 32वें रैंक के साथ हुआ है। कौशल किशोर अपने इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, दीदी-जीजा, ईश्वर व गुरुजनों को देते हैं।

कौशल किशोर पूर्व में भी सिविल सेवा के साक्षात्कार के स्तर तक जा चुके हैं एवं उन्हें केंद्र व राज्य के भी विभिन्न परीक्षाओं में अंतिम स्तर तक जाकर कई बार निराशा हाथ लगी है। परन्तु निरंतर प्रयास से आखिरकार देश के प्रतिष्ठित संस्था यूपीएससी के माध्यम से चयन हो सका है। वैसे कौशल किशोर दो माह से प्रभारी प्राचार्य के रूप में एकलव्य आदर्श+2 विद्यालय, हटगम्हरिया पश्चिमी सिंहभूम में कार्यारत हैं। कौशल वर्षो से संघर्ष में अहम भूमिका व सहयोग निभाने वाले कुछ लोगों का विशेष आभार प्रकट करते हैं, जिनमे होरिल साहू (परिवार व गांव के जेठ), सुधांशु भईया (वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी), नितिन भाई (लॉ ऑफिसर), प्रशांत कुमार (डी.एस.पी), अनील भाई (टी.जी.टी.), धीरेंद्र भाई (यूपीएससी फैकल्टी), राहुल सिंह (पी.जी.टी.), सुनील कुमार भैया (सचिव-जिला ग्रामीण विकास समिति, हजारीबाग सह युवा समाजसेवी), प्रियंका जी, जान्हवी जी, आकाश, आनंद, जितेंद्र, चन्दन, प्रभात एवं अन्य शामिल हैं।

रामगढ़ कैंट दशहरा समिति का खुला अकाउंट

रामगढ़ । रामगढ़ कैंट दशहरा समिति के अध्यक्ष दीपक सोनकर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल शनिवार को झंडा चौक स्थित महाराष्ट्र बैंक पहुंचा जहां उन्होंने समिति ने नाम एक अकाउंट खुलवाया। समिति में शामिल वरिष्ठ संरक्षक महेंद्र मुंडा एवं रवि गुप्ता ने संयुक्त रूप से कहा कि दशहरा समिति एक सार्वजनिक संस्था है, जहां पारदर्शिता बहुत जरूरी है। कहा कि पिछले एक दशक से हमारी समिति छावनी फुटबॉल ग्राउंड में रावण दहन का आयोजन भव्यता के साथ संपन्न करवाते आयी है, जिसमें रामगढ़वासी और व्यवसायी वर्गों का सहयोग शामिल होता है। इसके लिए इस नयी कमिटी के गठन के साथ ही सबसे पहले हमने समिति का एक अकाउंट खुलवाना जरूरी समझा, जिसमें समाज से मिली सहयोग राशि का लेखा-जोखा पारदर्शी तरीके से जनता के बीच रखा जा सके। अध्यक्ष दीपक सोनकर ने कहा कि समिति ने मुझ पर जो भरोसा जताया है उसपर मैं खरा उतरने की कोशिश करूंगा और समिति के सारे सदस्यों के सामूहिक प्रयास से इस कार्यक्रम को भव्यता से संपन्न करवाने का विश्वास दिलाता हूं। रामगढ़ कैंट दशहरा समिति का अकाउंट खुलवाने हेतु बैंक के प्रबंधक से मिलने वालों में अध्यक्ष दीपक सोनकर, महासचिव प्रदीप शर्मा, कोषाध्यक्ष मोहन पांडे, मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी शामिल थे।

लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने ए ला एंगलाइज स्कूल में शपथ ग्रहण समारोह का किया आयोजन

भुरकुंडा (रामगढ़)। विश्व शांति दिवस के अवसर पर लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने शनिवार को बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित ए ला एंगलाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय परिसर में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष लायन रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी, कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद के नेतृत्व में क्लब के सदस्यों और विद्यालय परिवार ने विश्व शांति की कामना करते हुए इसमें योगदान देने की शपथ ली। मौके पर अध्यक्ष रेखा वर्णवाल ने कहा कि विश्व के कल्याण के लिए शांति जरूरी है। इसके बगैर कोई राष्ट्र प्रगति नहीं कर सकता। सचिव अंजू देवी ने कहा कि लायंस क्लब शांति का पैगाम पूरी दुनिया को देता है जो आगे भी जारी रहेगा। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य सह लायन विजयंत कुमार, सचिव डॉ. गजाधर महतो प्रभाकर, जोन चेयर पर्सन एमजेएफ डॉ. राजेंद्र महतो, जिला चेयरपर्सन अशोक सिन्हा, जिला चेयरपर्सन अखिलेश शर्मा, विजय वर्णवाल, एमजेएफ सोनाराम मांझी, एमजेएफ संजय जयसवाल, डॉ एमके मंजुल, विजयंत कुमार, रेखा मंजुल, सूबेदार एचएन यादव, निर्मल अग्रवाल, मुमताज, निर्मल यादव आदि दर्जनों सदस्य मौजूद थें। कार्यक्रम मो सफल बनाने में विद्यालय परिवार का विशेष योगदान रहा।

महालक्खी चैरिटेबल ट्रस्ट ने किया बरही में रोजगार मेला का आयोजन

बरही। महालक्खी चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा बरही के गया रोड स्थित होटल एके पैलेस में रोजगार मेला आयोजित किया गया। नेतृत्व ट्रस्ट के संस्थापक सह भाजपा नेता अविनाश आर्या चंद्रवंशी ने किया। जिनका उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर प्रदान करना है ताकि उन्हें बाहरी क्षेत्रों में जाकर नौकरी की तलाश न करनी पड़े। रोजगार मेले का उद्घाटन बरही अनुमंडल पदाधिकारी जोहन टुड्डू, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सह एएसपी सुरजीत कुमार, संस्थापक अविनाश आर्या चन्द्रवंशी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। साथ ही चौपारण मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेंद्र रजक, भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पप्पू चंद्रवंशी भी इस उपस्थित रहे। सभी ने कार्यक्रम की सराहना की।

कोमावयू बरका-सयाल के क्षेत्रीय सचिव ने सीसीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी को भेजा पत्र

जांच के बाद दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की

फोटो नं. 07- डॉ. आशीष कुमार

भुरकुंडा (रामगढ़)। कोल माइंस वर्कर्स यूनियन बरका-सयाल के क्षेत्रीय सचिव डॉ आशीष कुमार ने सीसीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी को पत्र प्रेषित कर सयाल डी के आउटसोर्सिंग कंपनी आरए माईनिंग पर गंभीर आरोप लगाते हुए इसकी निष्पक्ष जांच की मांग की है। पत्र में क्षेत्रीय सचिव डॉ आशीष कुमार ने कहा कि आरए माईनिंग सयाल डी कोल इंडिया खान सुरक्षा अधिनियम का उल्लंघन करते हुए मनमाने तरीके से खदान चला रही है। जिसमें बड़ी दुर्घटना हो सकती है। उन्होंने पत्र में आगे कहा है कि इस कंपनी में मजदूरों का बड़े पैमाने पर शोषण हो रहा है। 8 घंटा के बजाय 12 घंटा काम लिया जा रहा है। साथ ही मजदूरों को कोल इंडिया की हाई पावर कमेटी के न्यूनतम वेतन 26000 रुपया भी नहीं दिया जा रहा है। न ही पीएफ काटा जाता है और न ही मजदूरों को पेमेंट स्लिप दिया जाता है। श्री कुमार ने बताया कि यहां बगैर सीटीओ और फॉरेस्ट विभाग के क्लीयरेंस के बिना ही आउटसोर्सिंग कंपनी माईनिंग का कार्य करा रही है। हजारों पेड़ काट दिये गये जिसके कारण क्षेत्र में काफी प्रदूषण बढ़ गया है। यह कंपनी न तो सड़कों पर पानी का छिड़काव करती है और न ही मजदुरों की सुरक्षा का ख्याल रखती है। यहां बड़े पैमाने पर कोयला का हेराफेरी कर घोटाला किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आरए माईनिंग सयाल डी के महाप्रबंधक टीके राव से वार्ता करने पर कहा जाता है कि हम प्राइवेट माइनिंग चला रहे हैं, हम किसी ट्रेड यूनियन को नहीं जानते। अपने हिसाब से ही कंपनी को चलायेंगे। डॉ. आशीष कुमार ने डीजीएमएस भारत सरकार धनबाद को पत्र भेज पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई करने और आरए माईनिंग सयाल डी को बंद करने का आदेश देने की मांग की है।

डॉ. आशीष कुमार

भाजपा भुरकुंडा मंडल की बैठक में विधानसभा चुनाव व संगठन की मजबूती पर की गयी चर्चा

भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा पंचायत भवन में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी भुरकुंडा मंडल की बैठक हुई। बैठक के दौरान भाजपा महिला मोर्चा की रामगढ़ जिला अध्यक्ष शीतल सिंह और महामंत्री प्रो. पिंकी प्रिया का आगमन हुआ। यहां महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष शीतल सिंह और महामंत्री प्रो. पिंकी प्रिया का जिला मंत्री खुशबू देवी एवं मीना देवी द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित करते हुए जोरदार स्वागत किया गया। बैठक में संगठनात्मक चर्चा की गई। वहीं आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर प्रदेश द्वारा महिला मोर्चा के नेतृत्व में तय कार्यक्रम बेटी माटी रोटी अभियान को लेकर घर-घर तक जाने का दिशा-निर्देश दिया गया। साथ ही परिवर्तन रैली को सफल बनाने का भी आह्वान किया गया। मौके पर भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, योगेश दांगी, महेंद्र सिंह, जुगल नायक, अजय पासवान, ज्योति सिंह, सुभाष दास उर्फ काला बाबू, राजन पांडेय, कन्हैया सिंह यादव आदि मौजूद थे।

cmpdi A Mini Ratna Company
सेन्ट्रल माइन प्लानिंग एण्ड डिजाईन इन्सटीच्यूट लिमिटेड
CENTRAL MINE PLANNING & DESIGN INSTITUTE LIMITED
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी)
गोण्डवाना प्लेस, कांके रोड, रांची-834031, झारखण्ड, इण्डिया

सूचना

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीएमपीडीआई, www.cmpdi.co.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है"।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

शुद्धि-पत्र

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा के अन्तर्गत मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत् ई-अतिअल्पकालीन् निविदा संख्या-9/RI/2024-25/RWD/CHATRA, Identification No.-RWD/CHATRA/40/ 2024-25 (मयुरहण्ड प्रखण्ड के फुलांग पंचायत के ग्राम फुलांग पी.एम.जी.एस.वाई. रोड से तिलेटांड़ तक पथ निर्माण कार्य (लं.-3.000 कि.मी.)), दिनांक-09.09.2024, जिसकी प्राप्ति की अंतिम तिथि 20.09.2024 है तथा P.R. No. 335222 Rural Work Department (24-25):D है, उसमें निम्नलिखित संशोधन किया जाता है :-

निविदा की शर्तें संख्या-

2 वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :- 24.09.2024

3 ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :- 30.09.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।

4 ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 04.10.2024 अपराह्न 3.30 बजे।

अन्य शर्तें यथावत् रहेंगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईटwww.jharkhand tenders.gov.in में देखा जा सकता है।

PR 336505 Rural Work Department(24-25).D — कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, चतरा

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची (ग्रामीण)।

अतिअल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट सूचना
नेशनल कम्पेटेटीभ बिडिंग
ई-टेन्डर रेफरेंन्स नं0-प0नि0वि0/राँची (ग्रामीण)-13/2024-25,
दिनांक :-20.09.2024

1.	कार्य का नाम	राहे-सीता फॉल पथ के 3रें, 5वें एवं 6ठे कि0मी0 में गार्डवाल का निर्माण कार्य।
2.	प्राक्कलित राशि (रू0 लाख में)	रू0 60.00 लाख
3.	अग्रधन की राशि (रू0 लाख में)	रू0 1.20 लाख
4.	कार्य पूर्ण करने की अवधि	2 माह।
5.	वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि	28.09.2024 10:30 बजे पूर्वाह्न
6.	निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/ समय	05.10.2024 12:00 बजे दोपहर तक
7.	निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता	कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल,राँची(ग्रामीण)।
8.	प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या	0651-2361018
9.	ई-प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या	0651-2403007

- प्राक्कलित राशि एवं अग्रधन की राशि घट-बढ़ सकती है, जिसे Tender Online Upload में देखा जा सकता है एवं किसी भी प्रकार का बदलाव http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- नियम एवं शर्तों के लिए http://jharkhandtenders.gov.in पर Login कर देखा जा सकता है।

PR.NO.336358 Road(24-25):D — कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची(ग्रामीण)।

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, लोहरदगा

अति-अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेन्ट सूचना
नेशनल कम्पेटेटिभ बिडिंग
(1st Call) गैर-योजना मद
ई-टेण्डर रेफ्रेंस नं. : प.नि.वि./लोहरदगा-619/2024-25
दिनांक : 20.09.2024

1.	कार्य का नाम	कचहरी मोड़ से लोहरदगा रेलवे स्टेशन पथ का सतह नवीकरण कार्य।
2.	प्राक्कलित राशि (रू. लाख में)	रू. 70.00 लाख।
3.	अग्रधन की राशि (रू. लाख में)	रू. 1.40 लाख।
4.	कार्य पूर्ण करने की अवधि	02 माह।
5.	वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय	01.10.2024 (पूर्वाह 10:30 बजे)
6.	वेबसाईट में निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय	05.10.2024 (अपराह 12:30 बजे)
7.	वेबसाईट में निविदा खोलने की तिथि	07.10.2024 (अपराह 03:00 बजे)
8.	निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता	कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, लोहरदगा।
9.	प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या	7541078156
10.	ई-प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या	0651-2403007

1. प्राक्कलित एवं अग्रधन की राशि घट-बढ़ सकती है जिसे Tender Online Upload में देखा जा सकता है।
2. किसी भी प्रकार का बदलाव/नियम एवं शर्तें http://jharkhand tenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

PR 336547 Lohardaga(24-25).D — कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमंडल, लोहरदगा

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT BUILDING DIVISION, HAZARIBAG

e-Procurement Cell
Very Short e-Procurement Notice(2nd Call)
Tender Reference No:- BCD/EE/ HAZARIBAG/ 24 /2024-25
Date:-20-09-32024

1.	Name of the work	:- Construction of HSC Medkuri, BLOCK- Daru Dist-:Hazaribagh.
2.	Estimated Cost (Rs.)	5549719
3.	Time of Completion	6 Month
4.	Date of Publication of Tender on website	23-09-2024
5	Last date/Time for receipt of bids	29-09-2024 03.00 PM
6.	Name & address of office Inviting tender	Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division,Hazaribag
7.	Contact no. of Procurement officer	9348952485
8.	Helpline number of e-Procurement cell	06546-225723

Further details and subsequent amendments can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Nodal Officer, e-Procurement Cell, Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Hazaribag

PR 336521 Building(24-25).D

पहले दिन 7080 परीक्षार्थियों में से 2413 हुए उपस्थित, 4667 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जेएसएससी सीजीएल प्रतियोगिता परीक्षा पहले दिन शांतिपूर्ण सम्पन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। जिले में तीन पालियों में आयोजित झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा (जेएसएससी सीजीएल) भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पहले दिन शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त वातावरण में सम्पन्न हुआ। जिले के 19 परीक्षा केंद्रों में आयोजित उक्त प्रतियोगिता परीक्षा में 7080 परीक्षार्थियों में से मात्र 2413 परीक्षार्थी शामिल हुए जबकि 4667 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। गौरतलब हो कि प्रतियोगिता परीक्षा को निष्पक्ष, कदाचारमुक्त और शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न करवाने को लेकर उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निर्देश पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किया गया था, प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर सभी केंद्रों में भारी सुरक्षा व्यवस्था के साथ साथ 6 उड़नदस्ता टीम, 19 गश्तीदल और 19 स्टेटिक

दंडाधिकारी, 36 परीक्षा ऑब्जर्वर, 50 पुलिस पदाधिकारी और 200 जवानों को लगाया गया था, इसके अलावे सभी 19 परीक्षा केंद्रों 336 सीसीटीवी कैमरे व 146 जैमर लगाए गए थे, इसके अलावे प्रत्येक केंद्रों पर आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त एजेन्सी के माध्यम से परीक्षार्थियों का बायोमैट्रिक उपस्थिति बनवाया गया। उपायुक्त के निर्देश पर वज्र गृह से परीक्षा केंद्र के लिए सामग्रियों के निकालने, प्रत्येक पाली के सील्ड परीक्षा सामग्रियों को खोले जाने से लेकर परीक्षा समाप्ति के बाद सीलिंग प्रक्रिया आदि का भी वीडियोग्राफी किया गया।

उपायुक्त ने कई परीक्षा केंद्रों का किया औचक निरीक्षण : प्रतियोगिता परीक्षा को शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त वातावरण में सम्पन्न करवाने को लेकर उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर विधि व्यवस्था का जायजा लिया और अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आज कोडरमा में

परिवर्तन यात्रा कार्यक्रम को लेकर लोगों के बीच उत्साह : अन्नपूर्णा देवी

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। भाजपा की परिवर्तन यात्रा को लेकर यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का आगमन 22 सितंबर को कोडरमा में हो रहा है, श्री मौर्य झुमरीतिलैया में आयोजित परिवर्तन यात्रा कार्यक्रम में शामिल होंगे और आमजनों को सम्बोधित करेंगे। वहीं भाजपा के परिवर्तन यात्रा कार्यक्रम को लेकर लोगों में भारी उत्साह देखा जा रहा है, उक्त बातें शनिवार को स्थानीय परिसदन में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान कोडरमा सांसद सह केंद्रीय मंत्री महिला एवं बाल विकास मंत्रालय अन्नपूर्णा देवी और कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव ने संयुक्त रूप से कहा। वहीं केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पहले दिन से ही भाजपा की परिवर्तन यात्रा को लेकर लोगों में भारी उत्साह देखा जा रहा है, राज्य की जनता हेमंत सोरेन सरकार के गलत नीतियों और भ्रष्टाचार से त्रस्त है और वे झारखंड में परिवर्तन का संकल्प ले चुके हैं। वहीं अन्नपूर्णा देवी ने राज्य की हेमंत सोरेन की सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछले चुनाव में हेमंत सोरेन ने जनता से कई वायदे किये थे, जिसमे से एक भी पूरा नही किया, उन्होंने राज्य की भोलीभाली जनता को बरगला कर सत्ता हासिल किया था, उन्होंने कहा कि उत्पाद विभाग की सिपाही बहाली की दौड़ में 15 लोगों की जाने गयी है, इससे कितने माताओं की गोद सुनी हो गयी, दूसरी तरफ मंईयां सम्मान योजना से राज्य की मां बहनों को ठगने का काम किया जा रहा है, परन्तु राज्य की जनता अब इनके जाल में फंसने वाली नही है। वहीं विधायक डॉ.नीरा यादव ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार में भ्रष्टाचार पूरे चरम पर है, आमलोग इससे पूरी तरह त्रस्त हैं, गरीबों और जरूरतमंदों की कहीं कोई सुनवाई नही हो रही है, भाजपा की परिवर्तन यात्रा कार्यक्रम से राज्य की जनता में भारी उत्साह है। वहीं केंद्रीय मंत्री और कोडरमा विधायक ने आमजनों से उक्त कार्यक्रम में भारी से भारी संख्या में शामिल होने की अपील की है। मौके पर अनूप जोशी, रमेश हर्षधर, गोपाल कुमार गुतुल, रामचन्द्र सिंह, शिवेंद्र नारायण, राजकुमार यादव, अजय पांडेय, नरेंद्र पाल, मनोज कुमार झुन्नू आदि मौजूद थे।

झूठ की दीवार पर खड़ी है हेमंत सोरेन की सरकार : सिग्रीवाल

सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने कहा कि झारखंड में बदलाव का लहर चल रहा है, राज्य की जनता वर्तमान सरकार से त्रस्त है और वे इस सरकार से छुटकारा चाह रहे हैं। वहीं उन्होंने हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुए कहा कि झूठ की दीवार पर हेमंत सोरेन की सरकार खड़ी है, केंद्र की मोदी सरकार से राज्य की जनता को योजनाओं का लाभ मिल रहा है और हेमंत की सरकार लूट में व्यस्त है, स्वयं मुख्यमंत्री जेलयात्रा कर आये हैं और फिलहाल वे बेल पर हैं। राज्य की जनता इस सरकार से मुक्ति चाह रहे हैं, भाजपा की परिवर्तन यात्रा से लोगों में उत्साह देखा जा रहा है।

दो जालसाजों ने महिला से दुष्कर्म का झूठा आरोप लगवाकर 5 लाख रुपये ऐंठे

चतरा। टंडवा थाना क्षेत्र में दो जालसाजों ने एक महिला से बलात्कार का झूठा आरोप लगवाकर सुलह कराने के नाम पर उससे बेटी की शादी के लिए रखे गए पाँच लाख रुपये ऐंठ लिए। पीड़ित परिवार ने टंडवा थाना में लिखित शिकायत दर्ज करवाई है। पीड़ित परिवार ने यह भी खुलासा किया है कि चतरा कोर्ट में लेम्बुआ निवासी महाबीर साव और विशुन साव ने स्टांप पेपर में पांच लाख रुपये पीड़ित को देने का जिक्र किया है। पीड़ित परिवार ने पुलिस जनशिकायत शिविर में हितैषी बनकर दो सगे दोस्तों महाबीर साव और भुनेश्वर उर्फ बिशुन साव के खिलाफ लिखित शिकायत की है। शिकायतकर्ता की पत्नी संगीता देवी ने महाबीर साव और अन्य दो अज्ञात लोगों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने जिले के एसपी से कार्रवाई की मांग की है।

एक नजर में

एनीमिया मुक्त को लेकर चलाया जा रहा जागरूकता कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवादाता

कुंदा (चतरा)। प्रखंड क्षेत्र के नवादा पंचायत के चीलोई में एनीमिया से संबंधित एक ग्राम सभा का आयोजन किया गया, जिसमें पिरामल फाउंडेशन के आदित्य राज ने एनीमिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी और सभी लोगों की शिविर में भागीदारी पर जोर दिया। नवादा पंचायत के मुखिया भरत यादव ने कहा कि अपने पंचायत को एनीमिया मुक्त बनाने के लिए सभी लोगों की भागीदारी बहुत महत्वपूर्ण है और उन्होंने सभी से आगे बढ़कर इस शिविर में हिस्सा लेने और इसकी सफलता में अपना सहयोग देने की अपील की। मुखिया ने बताया कि 23 सितंबर को चिलोय आंगनबाड़ी केंद्र में, 26 सितंबर को बनियाडीह स्वास्थ्य केंद्र में और 28 सितंबर को नवादा पंचायत भवन में एनीमिया जांच शिविर आयोजित किए जाएंगे।इस ग्राम सभा में पंचायत समिति प्रतिनिधि शंकर पासवान, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि महेंद्र चौधरी, शिक्षक गण, आंगनवाड़ी सेविका, सहिया, जल सहिया, नवयुवक और ग्रामीण उपस्थित थे।

घर के पास बहने वाले गंदे पानी से ग्रामीण परेशान

खबर मन्त्र संवादाता

गिद्धौर। प्रखंड क्षेत्र के बीच टोला से हरदी बागी तक जाने वाली मुख्य सड़क पर बिनोद दांगी के घर के पास से बहने वाले गंदे पानी से स्थानीय ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क किनारे नाली नहीं होने के कारण गंदा पानी सड़क पर बहता रहता है, जिससे उन्हें और राहगीरों को काफी परेशानी होती है। समाजसेवी दशरथ दांगी ने कहा कि लोगों ने बड़े-बड़े घर बनाए हैं, लेकिन एक सोख्ता भी नहीं बना पाए हैं। अगर घरों में सोख्ता होता तो सड़क की यह स्थिति नहीं होती। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर सड़क पर गंदे पानी का बहाव जारी रहा तो वे थाने में आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई की मांग करेंगे। ग्रामीणों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रखंड प्रशासन से सड़क पर नाली निर्माण कराने की मांग की है। विरोध प्रदर्शन में दशरथ दांगी, वार्ड सदस्य कैलाश दांगी, मनोज दांगी, अजय दांगी, पिंटू कुमार, शतीश कुमार समेत कई महिलाएं मौजूद थीं।

माहुरी वैश्य मंडल के अध्यक्ष बने अरुण एवं सचिव सुनील

खबर मन्त्र संवाददाता

झुमरीतिलैया (कोडरमा)। शहर स्थित श्री माहुरी भवन में माहुरी वैश्य मंडल की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सर्वसम्मति से नए पदाधिकारियों का चयन किया गया। वहीं मुख्य चुनाव पदाधिकारी सह महामंडल उपाध्यक्ष रवि कपसीमे की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मंडल के आगामी सत्र के लिए चार पदों के लिए नामांकन दर्ज करने वाले सभी प्रत्याशीयों ने हिस्सा लिया। इस दौरान समाज के पदाधिकारी और सदस्यों ने एक मत होकर नए पदाधिकारियों की चुनाव पर सहमति बनाई। वहीं सभी प्रत्याशियों की आपसी सहमति होते ही सत्र 2024-27 के लिए पदाधिकारियों की घोषणा की गई। इस दौरान नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में मंडल अध्यक्ष अरुण सेठ, सचिव सुनील भदानी, कोषाध्यक्ष राजन भदानी व भवन आवंटन मंत्री शैलेश चरणपहाड़ी को चुना गया। बैठक के दौरान मुख्य चुनाव पदाधिकारी ने बताया कि शेष पदाधिकारियों और कार्यकारणी सदस्यों की घोषणा बैठक कर इसी माह की जाएगी।

वहीं मुख्य चुनाव पदाधिकारी रवि कपसीमे ने कहा कि समाज में संवैधानिक अधिकार के तहत चुनाव की प्रक्रिया अपनाई गई थी। इसी के तहत आपसी सहमति बनाने को लेकर बैठक की गयी। बैठक में समाज के लोगों ने आपसी भाई चारा और सौहार्द पूर्ण वातावरण के तहत एकजुटता का परिचय देते हुए जो सहमति बनाई है वह अद्वितीय है। वहीं उन्होंने कहा कि 15 वर्षों के बाद सर्वसम्मति से हुए समाज के चुनाव से एक नए युग की शुरुआत हुई है, हमें पूर्ण विश्वास है कि सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी समाज के विकास के लिए नए दृष्टिकोण और ऊर्जा के साथ काम करेंगे। वहीं उन्होंने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मंडल के नए कमिटी को माहुरी वैश्य महामंडल गिरिडीह के उपाध्यक्ष होने के नाते यह अश्वस्त करता हूं की महामंडल भी तन मन के साथ सहयोग करेगी। वहीं नवनिर्वाचित पदाधिकारी ने कहा कि समाज को एकजुट और मजबूत बनाने के लिए हम मुमकिन प्रयास करेंगे, इधर, नवनिर्वाचित अध्यक्ष सचिव व अन्य चयनित पदाधिकारियों को उदय बड़गवे, दिलीप अठघरा, महेंद्र लोहानी, पप्पू भदानी, गौतम वैश्यकियार, अजित भदानी, सुजीत लोहानी, कृष्णा ब्रहपुरिया विनोद भदानी, रितेश लोहानी, मुन्ना भदानी, मुन्ना सेठ, रवि लोहानी, विकास वैश्यकियार, शुभम कपसीमे, सोनू पहाड़ी, संतोष कपसीमे, सागर भदानी, वेद भदानी आदि ने बधाई दी।

पुलिस ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चोरी की गयी टोटो को किया बरामद

कोडरमा। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह को गुप्त सूचना मिली थी की तिलैया थानान्तर्गत अज्ञात चोरों के द्वारा रात्रि में वैशाली प्रेस गली से टोटो चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। इस मामले के उद्भेदन के लिए एसपी द्वारा एसडीपीओ जीतवाहन उरांव के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चोरी की गई ब्लू रंग की टोटो को बरामद किया गया। इस संबंध में तिलैया थाना काण्ड संख्या 226/24 के तहत मामला दर्ज करते हुए कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी अभियुक्तों में 25 वर्षीय रौशन कुमार पिता राजेन्द्र साव औकनी तैली टोला थाना लोहसिंघना जिला हजारीबाग निवासी, 19 वर्षीय जितेन्द्र कुमार पिता छोटु साव न्यु एरिया दुसरी गली थाना लोहसिंघना जिला हजारीबाग निवासी एवं 23 वर्षीय पंकज कुमार पिता स्व.बबलू रवानी का नाम शामिल है। छापेमारी दल में तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार पुअनि निताय चन्द्र साहा, सशस्त्र बाल एवं पैंथर के जवान शामिल थे।

आचार्य, विचार और व्यवहार से ही हम बच्चों को संस्कार दे सकते हैं : शालिनी

खबर मन्त्र संवाददाता

झुमरीतिलैया (कोडरमा)। गायत्री शक्ति पीठ में शनिवार को आओ गढ़े संस्कारवाण पीढ़ी संगोष्ठी आयोजित की गई। इस अवसर पर नकुल देव शास्त्री ने गुरु बंदन, मातृ बंदन कार्यक्रम प्रस्तुत किया। वहीं विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि हमारे भारतीय संस्कृति में मनुष्य को सही मायने में मनुष्य बनाना और उत्तरोत्तर महामानव बनाने की प्रक्रिया संस्कार परम्परा के रूप में रही है। वहीं पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने कहा कि परिवार और समाज के वातावरण का प्रभाव गर्भवस्था शिशु पर बहोत गहरा पड़ता है।

वहीं उन्होंने कहा कि आचार्य, विचार और व्यवहार से ही हम बच्चों को संस्कार दे सकते हैं। वहीं उन्होंने कहा कि नए युग में बच्चों को संस्कार देना आवश्यक है, माता पिता का फर्ज संस्कार में ही पहला गुण होता है, इसके लिए गायत्री परिवार का यह कार्यक्रम मिल का पत्थर साबित होगा।

मौके पर प्रमुख सुषमा देवी, डॉ. भावना सेठ, डॉ.नेहा मेहता, डॉ.बी रानी, प्रो. दलजीत कौर ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। वहीं उन्होंने कहा कि समाज के बीच महामानव का अकाल है, महामानव कैसे बने इस पर गायत्री परिवार का यह प्रयास सार्थक रूप से कार्य कर रहा है। वहीं गिरिडीह से आई आओ गढ़े संस्कार के प्रदेश कार्यकारणी की सदस्य पूनम बर्णवाल, हजारीबाग की उप जोन समन्वयक मधुलिका सिन्हा, पूर्णिमा कुमारी ने कहा कि आज देश की परिस्थिति बच्चियां और महिलाएं सुरक्षित नहीं है, इंसान से इंसान डर रहा है। कार्यक्रम में गया से आए डॉ.चन्द्रमानी कुमार ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को निशुल्क चिकित्सकीय परामर्श दिया। वहीं कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं को सम्मान किया गया और इस अवसर पर महिलाओं को गर्भावस्था में उपयोग में लेने वाली पोषक तत्वों को प्रदर्शनी का अवलोकन करया गया।

इस दौरान बताया गया कि सही पोषण से देश होगा रौशन। मौके पर ईश्वर साव, नीलम शहबादी, संतोष बर्णवाल, सुनीता सिंह, कामिनी देवी, सुनीता भगत, सोनी जायसवाल, रेखा बर्णवाल, रीना बर्णवाल, सारिका भदानी, कुमकुम आर्या, शिला बर्णवाल, कविता आर्या, भारती सिन्हा, फूलकुमारी भारती, समेत कई सहिया, सेविका आदि मौजूद थे।

गायत्री शक्ति पीठ में आओ गढ़े संस्कार कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं को दिया गया संस्कार

बघमरी मोड़ के पास सड़क दुर्घटना में सात लोग घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

गिद्धौर। थाना क्षेत्र के बघमरी मोड़ के पास शुक्रवार देर शाम एक हाईवा वाहन ने एक बेलोरो वाहन को चकमा दे दिया, जिससे बेलोरो वाहन महुआ के पेड़ से टकरा गया। हादसे में बेलोरो वाहन में सवार सात लोग घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत गंभीर है। घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गिद्धौर लाया गया, जहाँ से गंभीर रूप से घायल उमेश भारती को बेहतर इलाज के लिए चतरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

घायलों में रघुनंदन भुइंया का पुत्र उमेश भारती, रामवृक्ष भुइंया, संजू देवी, अशोक भुइंया की पत्नी मालती देवी, अर्जुन यादव का पुत्र प्रकाश यादव और लूटूनदाग गांव निवासी मोहन कुमार और उनकी पत्नी मालती देवी शामिल हैं। बताया जा रहा है कि सभी हजारीबाग सदर अस्पताल से इलाज कराकर घर वापस आ रहे थे। हादसे में बेलोरो वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

कबड्डी प्रतियोगिता में राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय कोडरमा प्रथम

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। खेलो झारखंड 2024 के तहत आयोजित जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता अंडर 19 बॉयज ग्रुप में राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय कोडरमा के छात्रों में शानदार प्रदर्शन कर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। छात्रों के इस प्रदर्शन पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक उदय कुमार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि स्कूल के छात्रों ने कोडरमा का प्रतिनिधित्व करते हुए जिले में प्रथम स्थान लाना गर्व की बात है, उन्होंने इस सफलता के लिए विद्यालय की शारीरिक शिक्षिका अर्चना सिंह का विशेष योगदान रहा है। उन्होंने प्रतियोगिता में शामिल टीम के छात्र रुद्र कुमार, सौरभ कुमार, नयन कुमार, प्रिंस कुमार, सतीश कुमार, बंटी कुमार और अभिषेक कुमार को बधाई देते हुए कहा कि अब यह टीम राज्य स्तर पर कोडरमा का प्रतिनिधित्व करेगी और उन्हें उम्मीद है कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी यह टीम बेहतर प्रदर्शन कर कोडरमा का नाम रौशन करेगी।

मुख्यमंत्री के इटखोरी आगमन को लेकर डीसी ने किया स्थल निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

चतरा। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निदेर्शानुसार, राज्य के सभी पंचायतों में लाभुकों को लाभान्वित करने के लिए 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

इसी कार्यक्रम के तहत, 24 सितंबर को इटखोरी भद्रकाली मैदान में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे

और लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण, योजनाओं का स्वीकृति पत्र, करोड़ों रुपये की विकास योजनाओं का शिलान्यास और जनकल्याणकारी योजनाओं का उद्घाटन करेंगे।कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए, जिले के उपायुक्त श्री रमेश घोलप ने इटखोरी कार्यक्रम स्थल का दौरा किया और हेलीपैड स्थल, लोगों के आवागमन और अन्य आवश्यक तैयारियों को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए।इस मौके पर पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय, उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल, जिला परिवहन पदाधिकारी इंद्र कुमार, जिला नियोजन पदाधिकारी मन्नू कुमार, जिला खेल कूद पदाधिकारी तुषार रॉय और जिला जनसंपर्क कार्यालय से रंजन कुमार समेत अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित थे।

प्रमुख ने किया आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

सिमरिया। प्रखंड प्रमुख रोहन साहु ने शनिवार को राजकीय अनुसूचित जाति आवासीय बालिका प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चियों को मिलने वाले भोजन, मीनु और खाना बनाने व खाने के बर्तनों का जायजा लिया। जिसे देख असंतोष जाहिर कर प्रधानाध्यापक पर नाराजगी जताते हुए भोजन में सुधार करने को कहा है। आगे उन्होंने कहा कि विद्यालय परिसर में दिवार पर बच्चीयों को मिलने वाले भोजन का मीनू लिखा हुआ है। परंतु मीनू अनुसार बच्चीयों को भोजन नहीं दिया जाता है। आगे उन्होंने बताया कि विद्यालय में एक ही व्यक्ति द्वारा वर्ष 2016 से भोजन सामग्री पूर्ति करने का कार्य किया जा रहा है। लम्बे अंतराल से एक ही व्यक्ति द्वारा आपूर्ति कियेजाने के कारण बच्चियों को मीनू अनुसार भोजन नही दिया जा रहा है। खाद्यान्न आपूर्ति कर्ता का बदलाव अतिआवश्यक है। अन्यथा बच्चों के निवाला पर ग्रहण लगता ही रहेगा। निरीक्षण के दौरान करम साहु व अन्य उपस्थित थे।

टाटा मोटर्स : अधिकतम 63,872 रुपये बोनस, 100 मजदूर स्थायी किये जायेंगे

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। शनिवार को टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन एवं प्रबंधन के बीच बोनस समझौता संपन्न हुआ। इस समझौते में जहां कर्मचारियों को अधिकतम बोनस के रूप में 63872 एवं एवरेज बोनस के तौर पर 46418 रुपये प्राप्त होंगे। टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के इस समझौते में जहां स्थाई मजदूर के लिए एकमुश्त राशि की व्यवस्था हुई है वही अस्थायी कर्मियों के लिए भी खुशी की योजना बनाकर आई है।

बोनस समझौते का दस्तावेज पकड़े प्लांट हेड रवींद्र कुलकर्णी और यूनियन महासचिव आरके सिंह अपनी टीम के साथ।

ज्ञात हो कि त्रिपक्षीय समझौता के तहत हर तिमाही में 225 अस्थाई कर्मियों का स्थाईकरण करना सुनिश्चित हुआ था जो की 1 अक्टूबर को 225 अस्थाई कर्मियों को स्थाई करने की सूची निकालने का कार्यक्रम पूर्व से सुनिश्चित था। इस बोनस समझौते में 100 अतिरिक्त अस्थाई को स्थाईकरण करने की व्यवस्था की गई है अर्थात इस 1 अक्टूबर के बाद जो स्थाईकरण का सूची प्रकाशित होगी उसमें 325 अस्थाई साथियों को स्थायी करण किया जाएगा। इस बोनस समझौते में जो सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण और सराहनीय कार्य हुआ है वह है, फुल टर्म अप्रेंटिस का नवंबर माह में वैकेंसी निकल जाएगा और फुल टाइम अप्रेंटिस कंप्लीट करने के बाद कर्मचारी पुत्रों का नियोजन 3 वर्ष का डिप्लोमा कार्यक्रम में उन्हें संलग्न करने के बाद स्थाई तौर पर कर्मचारी पुत्रों का नियोजन किया जाएगा। यह समझौता भी संपन्न हुआ है। इसके साथ-साथ लगभग 116 ऐसे प्रशिक्षु जो पूर्व में टीएमएसटी एवं फुल टर्म अप्रेंटिस कंप्लीट कर चुके हैं।

टाटा स्टील यूआईएसएल : कर्मचारियों के बोनस मद में बंटेंगे 7.91 करोड़ रुपये

›› 678 कर्मचारियों को मिलेगा बोनस

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। टाटा स्टील यूआईएसएल ने सहमत बोनस चार्ट के आधार पर लेखा वर्ष 2023-2024 के लिए वार्षिक बोनस के भुगतान के लिए टाटा स्टील यूआईएसएल प्रबंधन और जुस्को श्रमिक यूनियन के बीच 21 सितंबर, 2024 को वार्षिक बोनस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए । बोनस राशि 24 सितंबर को कर्मचारियों के बैंक खाते में भेज दी जायेगी। समझौते पर रितु राज सिन्हा, एमडी, टाटा स्टील यूआईएसएल और रघुनाथ पांडे, अध्यक्ष, जुस्को श्रमिक यूनियन ने राजेश प्रसाद, डीएलसी, जमशेदपुर के साथ-साथ कंपनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और यूनियन के पदाधिकारियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किये। वित्त वर्ष 2024 के लिए कुल बोनस भुगतान 7.91 करोड़ रुपये है। त्यौहारी सीजन की शुरूआत को देखते हुए आने वाले दिनों में 678 पात्र कर्मचारियों को वार्षिक बोनस वितरित किया जायेगा। बोनस पात्रता विभिन्न मापदंडों पर कंपनी के प्रदर्शन पर आधारित है जैसे कि करों से पहले लाभ (पीबीटी), सुरक्षा प्रदर्शन, शिकायतों का अनुपालन, टॉप बॉक्स, ट्रांसमिशन और वितरण हानि, कुल मिलाकर अघोषित जल, ग्राहक संतुष्टि सूचकांक, बार-बार शिकायतें, एसजीए गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी और उत्पादकता, इन सभी पर अच्छा प्रदर्शन, कंपनी को अपने रणनीतिक लक्ष्यों और उद्देश्यों को प्राप्त करने में मदद करता है।

बोनस समझौते पर हस्ताक्षर के पश्चात हाथ मिलाते एमडी रितुराज सिन्हा और यूनियन अध्यक्ष रघुनाथ पांडेय।

स्पीड न्यूज

आदर्श उच्च विद्यालय, राहरगोड़ा में माहवारी जागरुकता कार्यक्रम

जमशेदपुर। शनिवार को अखिल भारतीय आदर्श उच्च विद्यालय राहरगोड़ा मे विश्व जन सेवा ट्रस्ट की ओर से डॉ. मनीष झा के द्वारा मासिक चक्र जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। किशोरियों को यह बताया गया कि मासिक चक्र के दौरान स्वच्छता कितना महत्वपूर्ण है और स्वच्छ रहकर कैसे बीमारियों से बच सकते हैं। मासिक चक्र को लेकर समाज में फैले कुरीतियों पर भी चर्चा किया गया और बताया गया कि इस तरह के कुरीतिया हमारे जीवन पर किस तरह से प्रभाव डालती है ,और समाज की कई किशोरी मासिक धर्म के समय पैड के कमी के कारण असहज महसूस होने के कारण विद्यालय भी नही जाना चाहती है, जिसका असर सीधा उनके शिक्षा पर पड़ता है। संस्था की तरफ से किशोरियों को एवम विधालय के सभी महिला कर्मियों के बीच बार बार उपयोग किया जाने वाला प्रोजेक्ट बाला पैड वितरण किया गया।

आनंदमार्ग के विजन सेंटर में 22 लोगों की हुई नेत्र जांच

गम्हरिया। आनन्दमार्ग आश्रम कांड्रा में आनन्दमार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल एवं पूर्णिमा नेत्रालय तमोलिया के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क मोतियाबिंद जाँच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में नेत्र विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 22 लोगों की नेत्र जांच की गई जिसमें 8 मोतियाबिंद पीड़ित मरीज पाए गए। अन्य लोगों को चिकित्सीय सलाह दिया गया। इसके सफल आयोजन में आनन्दमार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल के गोपाल बर्मन, पूर्णिमा नेत्रालय के चिकित्सक डॉ0 चन्दन आनन्दमार्ग के प्रवेश गोप, जीतेन बर्मन, सूर्य प्रकाश आदि का सराहनीय योगदान रहा।

महीने भर में चालू हो जायेगा एमजीएम डिमना का ओपीडी

- नये अस्पताल भवन में आइसीयू के 131 बेड और 620 बेड, सीएम करेंगे उद्घाटन
- स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने किया निर्माणाधीन अस्पताल का निरीक्षण
- कैथ लैब बिल्डिंग में बनाया जायेगा 100 बेड का सीसीयू, जल्द शुरू होगा काम

विशेष संवाददाता

जमशेदपुर। एमजीएम मेडिकल कॉलेज, डिमना मानगो में बनाये जा रहे 751 बेड के नये अस्पताल का निर्माण कार्य 95 प्रतिशत तक पूरा हो गया है। पानी, बिजली एवं रंग-रोगन की सुविधाओं से लैश करने के पश्चात इस अस्पताल के ओपीडी को अगले 25 दिनों में शुरु कर दिया जायेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नये अस्पताल का उद्घाटन करेंगे।

निरीक्षण के दौरान नये अस्पताल भवन की जानकारी देते एलएंडटी के अधिकारी। साथ में डीसी व अन्य पदाधिकारी।

नये अस्पताल का निरीक्षण करने के पश्चात स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने पत्रकारों को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डिमना में एमजीएम के नये अस्पताल में इंसेंटिव केयर यूनिट आइसीयू के 131 बेड रहेंगे जबकि शेष 620 बेड जनरल वार्ड में रहेंगे। अस्पताल परिसर में बने कैथ लैब भवन में 100 बेड का क्रिटिकल केयर यूनिट स्थापित किया जायेगा। इसके लिए बजट स्वीकृत कर टेंडर कर दिया गया है और 10-12 दिन में सीसीयू का निर्माण कार्य शुरु कर दिया जायेगा।

स्वास्थ्य मंत्री बने बताया कि नये अस्पताल भवन को एल एंड टी ने बहुत ही गुणवत्ता के साथ बनाया है। इसमें पानी-बिजली की सुविधा, पाइपिंग, वायरिंग ऐड करने के लिए 5 करोड़ रुपये अन टाइटल फंड से दिया गया है। बन्ना गुप्ता ने बताया कि अस्पताल में पहले से चार डीप बोरिंग हैं जिनकी नये सिरे से सफाई कर एवं शक्तिशाली मोटर लगा कर पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया है जबकि दो नये डीपी बोरिंग की स्वीकृति भी दी गयी है।

एक सवाल पर बन्ना गुप्ता ने कहा कि एमजीएम डिमना के अस्पताल भवन में हर दिन पांच एमएलडी पानी की जरुरत है जिसे डीप बोरिंग से उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि एमजीएम के साकची अस्पताल के पुराने भवन को ध्वस्त कर वहां नये भवन का निर्माण 434 करोड़ रुपये की लागत से शुरु कर दिया गया है। इस अस्पताल को भी समय पर पूरा कर दुबारा चालू किया जायेगा।

एक नजर में

संकल्प सभा के जरिये सुखराम हेंब्रम ने दिखायी ताकत

चांडिल। स्वच्छ चांडिल स्वस्थ्य चांडिल के सौजन्य से फूलो झानो चौक टुईडूंगरी में ईचागढ़ मुक्ति संकल्प सभा की गयी। विरांगना फूलो झानो की प्रतिमा पर सुखराम ने श्रद्धांजलि अर्पित कर संकल्प सभा का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि झारखंड आंदोलनकारी स्वच्छ चांडिल स्वस्थ्य चांडिल के संस्थापक सुखराम हेमंब्रम ने कहा कि बाहरी नेताओं ने ईचागढ़ विधान सभा को लूट का चारागाह बना दिया है। विगत 35 सालों में बाहरी विधायक ने इस क्षेत्र का विनाश कर अपना और अपने सगे संबंधियों का विकास किया है। उनके बच्चे विदेशों में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं और हमारे बच्चों को सरकारी स्कुल में शिक्षा ग्रहण करना पड़ रहा है। एडवोकेट महेंद्र महतो, लालू हाजाम, भक्तों रंजन मंडल, राम प्रसाद महतो, निखिल चन्द्र महतो आदि थे।

पूंजीपतियों के नेता हैं मंत्री बन्ना गुप्ता : नीरज सिंह

जमशेदपुर। कल मेरे द्वारा एक प्रेस वार्ता में झारखंड के स्वास्थ मंत्री सह स्थानीय विधायक बन्ना गुप्ता से जमशेदपुर के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल एम.जी.एम की बदहाली पर सवाल किये गये थे जिसपर मंत्री जी नाराज होकर मुझे उनके लेवल के ना होने वाला बताया है। मंत्री जी के सामने मैं छोटा व्यक्ति हूँ और अपने जमशेदपुर के लोगों के हित की बातें करता हूँ और उनके हित के लिए हमेशा खड़ा रहूँगा। आपके और आपके लोग बड़े लोगों के साथ सम्बन्ध रखते हैं इसीलिए आपको आपके क्षेत्र की जनता से कोई लेने देना नहीं हैं। आपके मित्र कॉपोरेट के लोग हैं और आप उनकी हित के लिए उनके लेवल का काम करते हैं पूजा स्थल को घेरवाकर। हम भाजपा के कार्यकर्ता हैं और हमारी पार्टी अंत्योदय की बात सिखाती है और हम समाज के अंतिम वक़्ती के कल्याण के लिए प्रयास करते हैं.। रघुबर दास जी के मुख्यमंत्री काल में शिलान्यास हुए एम.जी.एम कॉलेज डिमना के बगल में बन रहे सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की याद मंत्री बन्ना गुप्ता जी को आज अचानक आ गयी और वे पुरे तामझाम के साथ अपने श्वक्ष कल्चर के साथ हूटर बजाते हुए वहां पहुंच गए और फिर बड़ी बड़ी वादों के खयाली पुल बांधने लगे।

भाजपा नेता शिव शंकर सिंह के चलंत कार्यालय से लाभान्वित हो रहे लोग

जमशेदपुर। जमशेदपुर पूर्वी क्षेत्र की समृद्धि का भाव मन में लेकर जनसेवा के उद्देश्यों को पूर्ण करने में सतत प्रयासरत भाजपा नेता शिव शंकर सिंह द्वारा संचालित चलित कार्यालय से लोग लाभान्वित हो रहे हैं। आज सी ब्लॉक बागुनहातु में चलित कार्यालय के माध्यम से वोटर आईडी कार्ड, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, आयुष्मान भारत योजना कार्ड, राशन कार्ड इत्यादि बनवाने सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए लोगों के आवेदन प्राप्त हुए। भाजपा नेता शिव शंकर सिंह ने कहा क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति सरकारी योजनाओं से वंचित नहीं रहना चाहिए इस ध्येय के साथ लगातार चलित कार्यालय एवं नागरिक सुविधा केंद्र के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है और उन्हें योजना का लाभ लेने में मदद पहुंचाया जा रहा है।

भायली महिला मंडल ने सोनारी में आयोजित की अग्रसेन मंगल पाठ

जमशेदपुर। शहर की सामाजिक एवं धार्मिक संस्था भायली महिला मण्डल द्वारा शनिवार को राजस्थान भवन सोनारी में भगवान श्री अग्रसेन महाराज के जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर श्री अग्रसेन मंगल पाठ (द्वितीय वर्ष) का सफल आयोजन किया गया। मण्डल अध्यक्ष कविता अग्रवाल और सचिव मंजू अग्रवाल के संयुक्त नेतृत्व में मारवाड़ी समाज की 151 महिलाओं ने राजस्थानी वेशभूषा में सुसज्जित होकर मंगल पाठ का वाचन किया। पाठ एवं आरती के बाद सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इससे पहले यजमान उमा-ललित डांगा ने पूजा की और पंडित बिपिन ने पूजा करवाई। मंगल पाठ का वाचन शहर के प्रसिद्ध भजन गायक एवं पाठ वाचक महाबीर अग्रवाल (मुन्ना) ने गणेश वंदना से किया। उन्होंने मेरे लाडले गणेश प्यारे प्यारे..., वीर हनुमाना अति बलवाना..., हम हैं अग्रवाल अग्र लियो अवतार बधाई सारे भगतां ने..., जनम दिन आया है अग्रसेन महाराज का... आदि भजनों की मंगल पाठ के साथ शानदार प्रस्तुति देकर वातावरण को पावन और भक्तिमय कर दिया। भजनों के दौरान अग्रसेन जी महाराज के जयकारे गूंजते रहे। इस अवसर पर समाज के कई गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

टाटा स्टील यूआईएसएल ने किया साइक्लोथन का सफल आयोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। टाटा स्टील यूआईएसएल और जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छता ही सेवा है अभियान के तहत एक साइक्लोथन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में टाटा स्टील, टाटा स्टील यूआईएसएल, शहर के युवा, एनजीओ और स्वच्छता से जुड़े कार्यकर्ताओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस आयोजन में 100 से अधिक लोगों ने भाग लिया और स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी का प्रदर्शन किया। टाटा स्टील यूआईएसएल शहर में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी श्रृंखला में, 20 सितंबर को झारखंड की संस्कृति और संस्कार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया गया। इस महोत्सव में झारखंड के विभिन्न जिलों से आये लोगों ने अपनी सांस्कृतिक धरोहर और स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी प्रस्तुत की। सभी कार्यक्रम 2024 की थीम स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता पर आधारित थे।

अरका जैन विवि में छात्र-छात्राओं ने किया 150 यूनिट रक्त संग्रह

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। अरका जैन विश्वविद्यालय की एनएसएस-एनसीसी इकाई द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 150 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। इस रक्तदान शिविर में कन्फेडरशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) यंग इंडिया का सहयोग रहा। विद्यार्थियों एवं विश्वविद्यालय कर्मचारियों में इस शिविर में रक्तदान के लिए काफी उत्साह दिखा। रक्त का संग्रह जमशेदपुर ब्लड सेंटर की टीम ने किया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट के अध्यक्ष प्रो (डॉ) एस एस रजी ने कहा कि नियमित अंतराल यानी तीन महीने बाद रक्तदान करते रहने से हमारे शरीर में आयरन की मात्रा संतुलित रहती है और रक्तदाता को हृदयाघात की संभावना नहीं रहती। नियमित रक्तदान करने से कैंसर सहित अन्य बीमारियों का खतरा भी कम हो जाता है। निदेशक-सह-कुलसचिव डॉ अमित कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि युवाओं में रक्तदान कर जीवन रक्षक प्रक्रिया से जुड़ने की बढ़ती रूचि देखकर काफी अच्छा लगता है और इसके लिए हमें निरंतर लोगों को जागरूक करते रहने की भी आवश्यकता है।

शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त संपन्न हुई पहले दिन की सीजीएल परीक्षा

- 82 केंद्रों पर आयोजित परीक्षा में 8405 परीक्षार्थी हुए शामिल

खबर मन्त्र ब्यूरो

एक परीक्षा केंद्र पर औचक निरीक्षण करने पहुंचे डीडीसी मनीष कुमार।

जमशेदपुर। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा आयोजित झारखण्ड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 का पहला दिन जिले में शांतिपूर्ण, कदाचारमुक्त एवं सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ। जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त श्री अनन्य मित्तल के निदेर्शानुसार जिले के वरीय प्रशासनिक-पुलिस पदाधिकारियों ने भ्रमणशील रहते हुए परीक्षा प्रक्रिया के हरेक गतिविधि पर नजर रखी। उप विकास आयुक्त श्री मनीष कुमार, एडीएम एसओआर श्री महेन्द्र कुमार, निदेशक एनईपी श्री अजय साव समेत अन्य पदाधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया।

जिला में 82 परीक्षा केंद्र हैं जिसमें कुल 23368 परीक्षार्थियों में से 8405 परीक्षार्थी शामिल हुए। परीक्षा के कदाचार मुक्त संचालन के लिए जिला प्रशासन द्वारा स्टैटिक दंडाधिकारी सह परीक्षा केन्द्र पर्यवेक्षक, दंडाधिकारी, उड़नदस्ता अधिकारी भी थे।

झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ का तीन दिवसीय धरना शुरू

फोटो टीचर धरना

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ का चार दिवसीय धरना विभिन्न मांगों को लेकर जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय, जमशेदपुर के समक्ष शनिवार को शुरु हुआ। धरना 23 और 24 सितंबर को भी दिया जायेगा। विदित हो कि झारखण्ड प्राथमिक शिक्षक संघ, पूर्वी सिंहभूम जिले के प्राथमिक शिक्षको का हित के साथ शिक्षा हित में समय-समय पर आवाज उठाकर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते रहता है। संघ के अनुसार एक ओर जहां शिक्षा की स्थिति बदतर हो रही है वहीं दूसरी ओर शिक्षक भी दुर्दशा का दंश झेल रहे हैं। संघ द्वारा बार-बार ज्ञापन देने के बावजूद वर्ष 2017 के बाद

जमशेदपुर एफसी ने मुंबई एफसी को 3-2 से रौंदा

›› जीत पर झूम उठे 16 हजार दर्शक

खबर मन्त्र ब्यूरो

जेएफसी के गोलकीपर अलबीनो गोम्स मुंबई के बॉल को पकड़ते हुए और जीत के बाद खुशियां बांटते जमशेदपुर एफसी के स्टार।

जमशेदपुर। जमशेदपुर एफसी ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। रेड माइनर्स ने शनिवार को अपने घरेलू मैदान जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले गए मुकाबले में मुंबई सिटी एफसी को 3-2 से हरा दिया। जमशेदपुर एफसी की जीत में ऑस्ट्रेलियाई स्ट्राइकर जॉर्डन मरे ने 36वें में एक और स्पेनिश अटैकिंग मिडफील्डर हावी हर्नांडेज ने 44वें व 50वें मिनट में दो गोल किए। आज कुल 16311 दर्शक मैच देखने स्टेडियम पहुंचे थे। आज रेड माइनर्स की जीत से कोच खालिद जमील निश्चित रूप से प्रसन्न होंगे। जमशेदपुर एफसी दो मैचों में लगातार जीत से छह अंक लेकर तालिका में चौथे से दूसरे स्थान पर आ गई है। वहीं, आइलैंडर्स की हार से चेक हेड कोच पीटर क्रेटकी जरूर निराश होंगे। मुम्बई सिटी एफसी दो मैचों में एक ड्रा और एक हार से एक अंक लेकर तालिका में सातवें स्थान पर है। मैच का पहला गोल 18वें मिनट में आया, जब ग्रीक फॉरवर्ड निकोलाओस करेलिस ने मुम्बई सिटी एफसी को शुरुआती बढ़त दिलाते हुए स्कोर 1-0 कर दिया। हाफ लाइन से मिली एरियल बॉल को सीरियाई मिडफील्डर थायर क्रौमा ने अटैकिंग थर्ड में हेडर करके निकोलाओस को पास दिया, जिस पर ग्रीक फॉरवर्ड गेंद लेकर तेजी से आगे बढ़ गया और फिर उन्होंने बॉक्स के बाहर लगभग 20 गज की दूरी से करारा लेफ्ट फुटर शॉट लगाकर गेंद को टॉप राइट कॉर्नर पर गोल जाल में उलझा दिया।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. (आवेदित)
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त

नीलांबर पीतांबरपुर। लेस्लीगंज पुलिस ने शुक्रवार की रात अवैध खनन कर ले जा रहे बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है। थाना प्रभारी राजू गुप्ता ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सांगबार के पास से गुजर रहे बिना कागज के ट्रैक्टर को जब्त किया।

चेक डेम में डूबने से अधेड़ की मौत

नीलांबर पीतांबरपुर। थाना क्षेत्र के जोलांग के राजकुमार भुइयां (59) पिता रघु सुंदर भुइयां की चेक डेम में डूबने से मौत हो गयी। घर वालों ने बताया कि घटना की रात राजकुमार घर से मछली पकड़ने चेक डैम में गया था।

23 को उंटारी पहुंचेगी परिवर्तन यात्रा

विश्रामपुर। 23 को उंटारी में होनेवाली परिवर्तन रथ यात्रा की तैयारी को लेकर शनिवार को नगर मंडल विश्रामपुर के भाजपा कार्यालय में बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता ग्रामीण अध्यक्ष अमरेश तिवारी एवं संचालन नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, प्रदेश कार्यसमिति ईश्वर सागर चंद्रवंशी, विभाकर पांडेय, जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, कार्यक्रम के सह प्रभारी चंचल दुबे, जिला कार्यसमिति विनय शुक्ला, शंभुशरण सिंह, विस्तारक रतन तिवारी, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय भी थे।

जंगल बचाने को समिति का गठन

मनातू पलामू। प्रखंड के पदमा वन सुरक्षा एवं वन अधिकार समिति पदमा में बैठक की गयी। जिसमें मुख्य अतिथि जिला परिषद प्रदीप चावला एवं पंसस कर्मदेव उरांव शामिल थे। ग्राम सभा की अध्यक्षता-पदमा मुखिया अनुज प्रसाद व संचालन कृष्ण निराला ने किया। ग्राम सभा का पुनर्गठन कर 15 सदस्यों का चयन किया गया। जिसमें अध्यक्ष- भगवती मिस्त्री, सचिव- संजय कुमार सदस्य- जगनाथ महतो, मोजिम अंसारी, बालो महतो, उमेश प्रजापति, उदिश भुइयां, श्रवन प्रजापति, सहीम मियां, प्रतिमा देवी, अमरीना देवी, गीत देवी शामिल थे।

जेसीबी के सहयोग से पथ की मरम्मत

मोहम्मदगंज पलामू। प्रखंड के मोहम्मदगंज सिंचाई कॉलोनी से रामगंर टोला तक जानेवाली सड़क का एक हिस्सा बीते दिन हुई मूसलाधार बारिश में बह गया था। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी प्रखंड प्रमुख अर्चना देवी को दी। प्रमुख के निर्देशानुसार कांग्रेस सहकारिता विभाग के चेयरमैन राहुल कुमार सिंह ने तत्काल एक बड़ा सेमेंटेड पाइप देकर जे सी बी मशीन के सहयोग से, तीन ट्रक पत्थर डलवाकर रोड की मरम्मत करवायी। मौके पर रामजन्म राम, अमर कुमार, पंकज, राकेश, विजय, नीतीश कुमार, भीम यादव मौजूद थे।

राजस्थान की सुलोचना बनी एसडीओ

मेदिनीनगर। पलामू जिला के सदर अनुमंडल के नये एसडीओ के रूप में राजस्थान की रहनेवाली सुलोचना मीणा को राज्य सरकार ने एसडीएम का पदभार सौंपा है। श्रीमती मीणा 22 वर्ष में ही यूपीएससी की परीक्षा पास कर आइएएस बनी। वे पहले ही प्रयास में ही सफलता प्राप्त कर अपने घर परिवार को खुशियां ही नहीं दी बल्कि वे भारत वर्ष की छात्राओं के लिए प्रेरणाश्रोत बनी।

मुखिया ने गुजरात टाईल्स एंड ग्रेनाइट दुकान का किया उद्घाटन

नीलांबर पीतांबरपुर पलामू। थाना रोड में गुजरात टाईल्स एंड ग्रेनाइट दुकान का शुभारंभ हरतुआ मुखिया अरविंद शुक्ला ने किया। अरविंद शुक्ला ने कहा कि नीलांबर-पीतांबरपुर जैसे क्षेत्र में एक बड़ा टाइल्स, ग्रेनाइट का दुकान खुलने से यहां के लोगों को फायदा होगा। इस दुकान पर सभी तरह के टाईल्स, ग्रेनाइट एण्ड सेनेटरी उपलब्ध है जो उचित रेट में लोगों को मिलेगा। मौके पर पंसस पति सह समाजसेवी दीपक गिरी, सत्येंद्र प्रजापति, विक्रम प्रजापति, अनिल चंद्रवंशी, मिथलेश कुमार मौजूद थे।

सीजीएल परीक्षा के कारण इंटरनेट बंद

पाटन पलामू। सरकार ने सीजीएल परीक्षा के कारण इंटरनेट बंद कर दिया था, जिससे पाटन प्रखंड में पीडीएस दुकान से सैकड़ों लोग बिना राशन पाये घर वापस लौट गये। इंटरनेट सेवा बंद हो जाने से पीडीएस डीलर लाभुकों के बीच राशन का वितरण नहीं कर पाये। इससे लोगों में सरकार के विरुद्ध नाराजगी देखी गयी। इस पर विभाग एवं सरकार कोई ध्यान नहीं दे रही है जबकि यह जनता से जुड़ी हुई समस्या है।

डायन बिसाही मामले में 17 पर केस दर्ज

हरिहरगंज पलामू। थाना क्षेत्र के कौआखोह में अकली देवी पर डायन भूत का आरोप लगाते हुए लोगों ने समूह बनाकर मारपीट कर उसे घायल कर दिया। अकली के पति रामरूप साव के फर्द बयान पर स्थानीय थाना में 17 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

घोरडिहा में डीहवार देव स्थल को जेसीबी से कराया ध्वस्त, आक्रोश

विश्रामपुर (पलामू)। नप के घोरडिहा गांव के ग्राम देवता डिहवार बाबा देव स्थल को शुक्रवार की देर शाम जेसीबी व पोकलेन मशीन लगवाकर ध्वस्त करा दिया गया। यह कारनामा स्थानीय प्रशासन की मदद से रेल विस्तारीकरण कार्य कर रही कंपनी रिलायबल इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड ने किया है। घटना के बाद से ग्रामीणों में आक्रोश है। गढ़वा रोड से डेहरी ऑन सोन तक रेलवे ट्रैक का विस्तारीकरण हो रहा है। रेल पटरी बिछाने का काम एमबीपीएल कंस्ट्रक्शन कंपनी को मिला था जिसे उसने पेटी पर रिलायबल इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को दे दिया है।

हृदयाघात के मरीज को तुरंत इलाज के लिए सीपीआर का प्रशिक्षण आवश्यक : चंद्रवंशी

- विश्रामपुर लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज में दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

विश्रामपुर पलामू। लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज के सभागार में शनिवार को नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन की दो दिवसीय सीपीआर प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन आरसीयू के अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, विवि के वाइस चांसलर प्रो डॉ कल्याण कुमार, रिम्स के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ ओमप्रकाश, डॉ मुकुल भाटिया, डॉ पवन, डॉ गौरव विशाल, डॉ श्रावंती ने भारत माता, स्वामी विवेकानंद व धनवंतरी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी व प्रशिक्षण में शामिल मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राएं।

खास बातें : श्री चंद्रवंशी ने कहा कि सीपीआर के लिए जागरूकता व आवश्यक प्रशिक्षण बहुत जरूरी हैं। यह जरूरी है कि हृदयाघात की स्थिति में मरीज को तुरंत इलाज मिलना चाहिए। हृदयाघात के संबंध में आम लोगों को प्रशिक्षण देने की पहल की सराहना कर कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि हम हृदय के बेहतरीन स्वास्थ्य को बनाये रखें। साथ ही संतुलित आहार व व्यायाम को भी अपनी दिनचर्या में शामिल कर स्वास्थ्य के प्रति समग्र दृष्टिकोण अपनायें। हृदयाघात से पीड़ित मरीज के आसपास यदि कोई सीपीआर तकनीक में प्रशिक्षित व्यक्ति है, तो वह उसके जीवन को बचाने में सक्षम होगा। यहां मेडिकल कॉलेज सभागार में आयोजित

ये रहे मौजूद : कार्यक्रम में पलामू सिविल सर्जन डॉ अनिल सिंह, विश्रामपुर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेंद्र कुमार, डॉ अनिल श्रीवास्तव, प्रेमचंद कुमार, डॉ अनूप सिंह, पलामू मेडिकल कॉलेज, हजारीबाग मेडिकल कॉलेज, जमशेदपुर मेडिकल कॉलेज व लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस के छात्र-छात्राएं शामिल थीं।

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के आगमन को ले विधायक ने लिया कार्यक्रम स्थल का जायजा

खबर मन्त्र संवाददाता

नीलांबर पीतांबरपुर पलामू। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान 23 सितंबर को पलामू जिले के नीलांबर - पितांबरपुर (लेस्लीगंज) में वीर बाबा चौहरमल और स्वर्गीय रामविलास पासवान के आदमकद प्रतिमा का अनावरण करेंगे। इसके साथ ही बाबा चौहरमल पार्क का भी लोकार्पण किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री के आगमन को लेकर कार्यक्रम की तैयारी अंतिम चरण में हैं। शनिवार को पांकी विधायक डॉ. कुशवाहा शशिभूषण मेहता कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। इस दौरान विधायक ने कार्यक्रम स्थल की साफ सफाई, पार्किंग व्यवस्था का निरीक्षण किया। विधायक ने बताया कि 23 सितंबर को केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान पांकी विधानसभा क्षेत्र के नीलांबर पितांबरपुर (लेस्लीगंज) में वीर बाबा चौहरमल और स्वर्गीय रामविलास पासवान के आदमकद प्रतिमा का अनावरण करेंगे। साथ ही उनके द्वारा बाबा चौहरमल पार्क का भी लोकार्पण किया जायेगा।

बता दें कि वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति के पहल पर पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने प्रतिमा और पार्क का निर्माण करवाया है। जिसका शुभारंभ केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान करेंगे। नीलांबर पितांबरपुर में वीर बाबा चौहरमल के अलावे रामविलास पासवान का प्रतिमा लगवाने और बाबा चौहरमल पार्क का निर्माण कराने पर पांकी विधानसभा के तमाम पासवान समाज में खुशी देखी जा रही है। पासवान समाज ने इस कार्य के लिए विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया है। पासवान समाज के लोगों का कहना है कि पांकी विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता ने इस तरह का ऐतिहासिक काम कर उन्होंने पासवान समाज को सम्मान देने का कार्य किया है। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के कार्यक्रम में पांकी विधानसभा क्षेत्र से 25 से 30 हजार लोगों की जुटान होने की उम्मीद जतायी गयी है।

झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में पलामू के 16 केंद्रों पर 4614 परीक्षार्थी हुए शामिल

स्ट्रांग रूम से परीक्षा केंद्र तक दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त : डीसी

- परीक्षा के मद्देनजर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गयी थी : एसपी

खबर मन्त्र संवाददाता

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी देते डीसी-एसपी।

मेदिनीनगर। झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के सफल संचालन के लिए जिले में कुल 16 परीक्षा केंद्र बनाये गये थे। इस संबंध में उपायुक्त शशिरंजन व पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता किया। प्रेस वार्ता में उपायुक्त ने कहा कि पलामू जिले में कुल 16 परीक्षा केंद्र बनाये गये थे। इसमें 4776 परीक्षार्थी में 4614 परीक्षार्थी परीक्षा में भाग लिये। जो शांतिपूर्वक परीक्षा का संचालन किया गया। उपायुक्त ने कहा कि स्ट्रांग रूम से परीक्षा केंद्र तक कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। सभी परीक्षा केंद्रो से कॉपी स्ट्रांग रूम पहुंच गया जिसे सील कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी लगाये गये थे ताकि कहीं से किसी प्रकार की कोई बड़बड़ी न हो। इसके साथ ही इंटरनेट सेवा बंद किया गया था ताकि परीक्षार्थी अपने अनुसार परीक्षा दे सकें। किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी न हो इसकी निगरानी की जा रही थी। पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने कहा कि पलामू जिले में परीक्षा संचालन से दो दिन पूर्व से ही जिले के सभी होटल,ढाबा व धर्मशाला के साथ ही सभी वाहनों की चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। परीक्षा को सफल संचालन के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस पदाधिकारी के साथ पुलिस बल की तैनाती की गयी थी।

महिला, युवा, कला-संस्कृति ये सभी वन, पर्यावरण के अंग और राष्ट्र के धरोहर हैं : डॉ कौशल-अमित

- जिला पार्षद अमित ने सिलदाग में जेएसएलपीएस की वार्षिक आम सभा कार्यक्रम का उद्घाटन
- पर्यावरणविद ने पौधरोपण कर विश्वकर्मा पूजा पर आयोजित भक्ति जागरण का किया शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता

छतरपुर पलामू। सिलदाग पंचायत सचिवालय में आजीविका महिला संकुल स्वालंबी सहकारी समिति के वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल, प्रखंड सहकारी समिति के नीलू देवी, बीपीओ सखी चंद दास एवं बैंक अधिकारी के संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन भाषण में छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने सचिवालय के चार्जर स्थिति को देखते हुए सुंदरीकरण के लिए, जिला पार्षद मद से 10 लाख रुपये दिलाने का आश्वासन दिया। हुटुकदाग पंचायत के करमा बाजार के राजकीयकृत मध्य विद्यालय के मैदान में गुरुवार को नवयुवक संघ के तत्वावधान में विश्वकर्मा पूजा के उपलक्ष में आयोजित भक्ति जागरण का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म गुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता, पर्यावरणविद सह ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के तहत पौधरोपण कर किया। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल ग्रामीणों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाते हुए फलदार पौधा भी वितरित किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि युवा कला संस्कृति ये सभी वन व पर्यावरण के अंग और राष्ट्र की धरोहर है। इन सबों का हिफाजत करना हम सबों का परम कर्तव्य है।

श्री सर्वेश्वरी समूह का स्थापना दिवस मना, निकली प्रभातफेरी

खबर मन्त्र संवाददाता

मानव सेवा ही समूह का लक्ष्य : रागिनी राय

मेदिनीनगर। श्री सर्वेश्वरी समूह का 64 वां स्थापना दिवस मनाया गया। मौके पर सुबह में मेदिनीनगर के सुदना में स्थित समूह के आश्रम में श्रद्धालुओं ने सफाई और श्रमदान किया। तत्पश्चात आश्रम परिसर से प्रभातफेरी निकली। सुसज्जित वाहन पर परमपूज्य अघोरेश्वर भगवान राम जी की तसवीर लगी थी। प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में समूह के सदस्यों ने भाग लिया। प्रभात फेरी शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः आश्रम परिसर पहुंचा। इसके समूह का ध्वजारोहण और सफलयोनि का पाठ किया गया। समूह के स्थापना दिवस पर

आश्रम के सभागार में पारिवारिक विचार गोष्ठी की गयी। इसकी अध्यक्षता समूह की स्थानीय शाखा की उपाध्यक्ष सह ब्राइटलैंड स्कूल की चैयरमैन रागिनी राय ने की। कहा कि मानवता सेवा की लक्ष्य को लेकर परमपूज्य अघोरेश्वर महाप्रभु ने श्री सर्वेश्वरी समूह की स्थापना की है।

मोबाइल टेलीकॉम कंपनियों उपभोक्ताओं के लिए एकदिवसीय जागरूकता कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता

सतबरवा पलामू। बलवंत सिंह नामधारी इंटर कॉलेज, सतबरवा के सभागार में भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) भारत सरकार, नई दिल्ली के सौजन्य से प्रगति एजुकेशनल एकेडमी, रांची की ओर से मोबाइल टेलीकॉम कंपनियों उपभोक्ताओं के लिए एकदिवसीय जागरूकता कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्था के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कॉलेज के प्रिंसिपल अजय प्रसाद, भोला मेहता, प्रतिमा कुमारी एवं संस्था के पदाधिकारी ने किया। मौके पर प्रगति एजुकेशनल एकेडमी के सचिव दिनेश कुमार मेहता के द्वारा टेलीकॉम उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता करते हुए कहा कि आज डिजिटल इंडिया का जमाना है , इस क्षेत्र में देश काफी प्रगति किया है। उपभोक्ताओं को काफी सहूलियत हुआ है लेकिन इसके उपयोग में बड़ी सावधानी की जरूरत है। जरा सी लापरवाही होने पर आपके खून- पसीने से कमाये लाखों रुपये लूट ली जायेगी।

हरिहरगंज से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद

हरिहरगंज पलामू। हुसैनाबाद अंचल के अनिउ अमित कुमार सिंह व पुअनि विगेश कुमार राय दल बल के साथ हरिहरगंज थाना के ग्राम भगत तेंदुआ पवन पासवान के सिमेंट घर से अवैध शराब बरामद किया। पुलिस ने छापेमारी के दौरान काफी मात्रा में अवैध शराब बरामद किया है। इसमें रॉयल ब्लू माल्ट ह्वाइन व प्लास्टिक के बोरों में शराब जब्त किया गया है। छापेमारी के दौरान पवन पासवान, विनय पासवान व मुकेश पासवान घर से फरार थे। पुलिस फरार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई कर रही है।

तस्कर खुलेआम कर रहे हैं बालू का भंडारण

चैनपुर पलामू। प्रखंड मुख्यालय में बालू तस्करों द्वारा खुलेआम अवैध तरीके से बालू का भंडारण किया गया। वहीं प्रमुख गायत्री देवी ने कहा कि एनजीटी के रोक के बावजूद भी बालू तस्करो ने अवैध तरीके से खुलेआम बालू का तस्करी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बालू का भंडारण प्रखंड मुख्यालय में भवन निर्माण कार्य में करने के लिए भंडारण करके छोड़ा गया है। वहीं उन्होंने कहा कि जहां एक तरफ सरकार मॉनसून सीजन को देखते हुए 10 जून से 15 अक्टूबर तक बालू उठाव के लिए पूर्णतः रोक लगायी है फिर भी बालू तस्करों कानून को ताक पर रखकर धड़ल्ले से बालू का उठाव कर भंडारण किया है।

आजीविका महिला संकुल सहकारी समिति लिमिटेड की वार्षिक आमसभा

खबर मन्त्र संवाददाता

रामगढ़ पलामू। प्रखंड अंतर्गत रामगढ़ आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड की वार्षिक आम सभा रामगढ़ बाजार परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ प्रखंड के मुखिया उमाशंकर प्रसाद, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक सुमित कुमार, रामगढ़ थाना के एएसआई सोमय नीलगांठी, जिला समन्वयक अमित कुमार, सुमन कुमारी,

ब्लॉक लीड आदित्य रंजन प्रसाद, रामगढ़ और उलडंडा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य और संकुल संगठन के पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। आम सभा में समिति के वार्षिक लेखा जोखा प्रस्तुत करते हुए महत्वपूर्ण एजेंडों पर गहन चर्चा की गई जिसमें वित्तीय वर्ष 2023-24 की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति शामिल है।

एसडीओ को आवेदन देकर की जमीन वापस दिलाने की मांग

छतरपुर पलामू। डाली की तारा देवी पति संजय सिंह खरवार ने छतरपुर अनुमंडल पदाधिकारी को जमीन हड़पने संबंधित आवेदन देकर जमीन बचाने समेत न्याय की गुहार लगायी है। गौरतलब हो कि तारा देवी पति संजय सिंह खरवार ने ग्राम ओकराहा निवासी दशरथ सिंह से अपने बेटे के इलाज कराने हेतु वर्ष 2015 में पुस्तैनी खेत को रेहंद रखकर एक लाख रूपये लिया था। जबकि गलत तरीके से दशरथ सिंह व द्वारिका सिंह द्वारा उससे जमीन लिखवाने का झांसा देकर

24 को छतरपुर विस के सभी मंडलों में परिवर्तन रथ यात्रा : संजय सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

पाटन पलामू। भाजपा झारखंड प्रदेश के सभी विधानसभा स्तरीय परिवर्तन यात्रा चला रही है। उसी निमित 24 को छतरपुर विस के सभी मंडलों में कार्यक्रम आयोजित किया गया है। यह जानकारी भाजपा पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने दी। उन्होंने कहा कि पाटन मंडल में भी 24 सितंबर को परिवर्तन रथ यात्रा निर्धारित किया गया है। इसे लेकर पाटन ब्लॉक रोड, भाजपा नेता राजीव सिंह के आवास पर भाजपा पाटन मंडल कार्य समिति की बैठक की गयी। जिसमें भाजपा मंडल के पदाधिकारी कार्य समिति सदस्य, सभी मोर्चो के अध्यक्ष महामंत्री, शक्ति केंद्र के संयोजक सहसंयोजक शक्ति केंद्र के प्रभारी सभी बूथ अध्यक्ष मंडल में निवास करने वाले प्रदेश के पदाधिकारी जिला के पदाधिकारी जिला कार्य समिति सदस्य एवं सांसद विधायक पूर्व सांसद पूर्व विधायक, पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा समर्थक शामिल होंगे।

डीडीसी ने की विकास योजनाओं की समीक्षा

मेदिनीनगर। उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने डीआरडीए सभागार में जिले के सभी पंचायत समिति प्रमुखों के साथ बैठक की। जिसमें प्रखंडों में संचालित योजनाओं/कार्यक्रमों की समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि जिले के 13 प्रखंडों में 15वीं वित आयोग की राशि का व्यय शून्य या काफी कम है। धीमी प्रगति वाले सभी बीडीओ एवं प्रमुख को कारण पृच्छा निर्गत करने का आदेश दिया गया। सभी प्रखंडों में उपलब्ध योजना राशि को त्वरित गति से व्यय करने का आदेश दिया गया। समीक्षा में पाया कि कुछ प्रमुख अपने पंचायत समिति क्षेत्र में अत्यधिक राशि व्यय किये हैं। 15वीं वित्त आयोग की राशि से सभी पंचायत समिति क्षेत्र में समानुपातिक रूप से योजनाओं के क्रियान्वयन में राशि व्यय करने का निर्देश दिया गया। पंचायत समिति एवं पंचायत कार्यकारिणी की बैठक लंबे समय से नहीं की गयी है। सभी प्रखंडों एवं पंचायतों में कार्यकारिणी एवं स्थायी समिति की बैठक नियमित करने का निर्देश दिया गया। प्रखंडों में संचालित सभी योजनाओं यथा अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, ऋण संबंधी योजना आदि हैं।

23 को होगी ऐतिहासिक किसान संकल्प महापंचायत, तैयारी से किसान उत्साहित

- 23 सितंबर को अनुमंडल मैदान, जपला में आयोजित किसान संकल्प महापंचायत में आने का दिया निमंत्रण

खबर मन्त्र संवाददाता

बैठक करते उत्साहित किसान।

महापंचायत में आने का दिया आमंत्रण

किसान ब्रिगेड हुसैनाबाद की ओर से सभी माताओं, बहनों, बेरोजगार युवा साथियों, किसान और मजदूर भाइयों से अपील है कि वे इस महापंचायत में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। आइए, मिलकर एक नए और बेहतर हुसैनाबाद की नींव रखें। आपकी सहभागिता से ही बदलाव संभव है और इस बदलाव का संकल्प इस महापंचायत से प्रारंभ होगा।

हुसैनाबाद पलामू। किसान ब्रिगेड हुसैनाबाद द्वारा आयोजित किसान संकल्प महापंचायत की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। आगामी 23 सितंबर को जपला के अनुमंडल मैदान में यह ऐतिहासिक महापंचायत आयोजित की जाएगी। भाजपा नेता कर्नल संजय सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम को लेकर विधानसभा क्षेत्र से किसान, मजदूर, बेरोजगार युवा और महिलाएं बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए उत्सुक हैं। सभा का एक ही उद्देश्य है–नए, भ्रष्टाचार मुक्त हुसैनाबाद का निर्माण और किसान, मजदूरों के अधिकारों की रक्षा। किसान संकल्प महापंचायत में विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा होगी, जिसमें किसानों के अधिकार, भ्रष्टाचार उन्मूलन, बेरोजगारी, युवाओं के भविष्य और महिलाओं के सशक्तिकरण के विषय शामिल हैं। इस महापंचायत का मुख्य उद्देश्य किसानों और मजदूरों की समस्याओं पर सरकार और प्रशासन का ध्यान आकर्षित करना है, साथ ही भविष्य के लिए एक नए मार्ग की नींव रखना है।आयोजन की संयोजक समिति के अनुसार, यह महापंचायत हुसैनाबाद क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी। सभी वर्गों के लोग इस आयोजन में भागीदारी सुनिश्चित कर रहे हैं और इस महापंचायत को सफल बनाने को तैयार हैं।

कला उत्सव में जवाहर नवोदय विद्यालय जपला के विद्यार्थियों ने बिखेरा जलवा

खबर मन्त्र संवाददाता

हुसैनाबाद पलामू। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय जपला पलामू के बच्चों के द्वारा चित्रकला मूर्तिकला स्थानीय क्राफ्ट तथा खेल खिलौने की प्रतियोगिता का आयोजन पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय जामतारा झारखंड में आयोजित किया गया है। इस प्रतियोगिता में बिहार झारखंड पश्चिम बंगाल के जवाहर नवोदय विद्यालय के लगभग 300 बच्चों ने भागीदारी दी संकुल स्तरीय कला उत्सव पटना संभाग द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में जवाहर नवोदय विद्यालय जपला के बच्चों का कला के हरेक क्षेत्र में दबदबा रहा। कला शिक्षक सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि कला उत्सव जो भारत सरकार के अंतर्गत संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित होता है। इस प्रतियोगिता को तीन चरणों से गुजरना होता है जो संकुल स्तरीय राज्य स्तरीय और राष्ट्रीय स्तर पर पूरे भारत में अलग अलग स्थानों पर आयोजित किया जाता है। उन्होंने कहा कि जवाहर नवोदय विद्यालय जपला के बच्चों को सालभर इस कला उत्सव प्रतियोगिता का इंतजार रहता है। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के स्वेता कुमारी, खेल खिलोने में सोनू सिंह, मूर्तिकला में सूरज कुमार, चित्रकला में अभय ठाकुर स्थानीय क्रॉफ्ट में भागीदारी दी।

प्रतियोगिता के दौरान प्रस्तुति देते जेएनवी के विद्यार्थी।

जदयू की राज्य कार्यकारिणी का गठन

नीतीश समेत कुल 68 सदस्य शामिल

एजेंसी

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव-2025 के मद्देनजर जदयू ने राज्य कार्यकारिणी का गठन किया है। कार्यकारिणी में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत पार्टी के 68 शीर्ष नेताओं को जगह मिली है। इससे संबंधित सूची पाटी ने शनिवार को जारी की है। जारी सूची में जदयू की इस राज्य कार्यकारिणी में राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार के अलावा जेडीयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा, मुंगेर सांसद और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह, वशिष्ठ नारायण सिंह, विजेन्द्र प्रसाद यादव, विजय चौधरी, उमेश सिंह कुशवाहा, पूर्व केंद्रीय मंत्री दशई चौधरी, पूर्व सांसद चंदेश्वर चंद्रवंशी और पूर्व सांसद विजय कुमार समेत 68 नेताओं को सदस्य बनाया गया है। इससे पहले बीते 24 अगस्त को प्रदेश कमेटी को भंग करने के एक घंटे के भीतर ही नई प्रदेश कमेटी का एलान कर दिया गया था। पार्टी के 115 नेताओं को अहम जिम्मेवारी सौंपी गई थी।

एक नजर में

जायंट्स सहेली ने किया खिचड़ी वितरण

गढ़वा। जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन के 52वें स्थापना दिवस पर चल रहे जायन्ट्स सेवा सप्ताह के अंतर्गत जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली के तत्वावधान में दो कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शहर के चौधरना बाजार स्थित शनि मंदिर के समीप खिचड़ी का वितरण किया गया। जबकि संस्कृत पाठशाला स्थित गौशाला में गायों को घास खिलाकर और गौशाला में पशु आहार दान किया गया। मौके पर सहेली पदाधिकारी ने कहा कि जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली समाज के हर क्षेत्र में जरूरतमंदों की सेवा में लगी रहती है। जायन्ट्स सहेली के द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यो से हजारों लोग लाभान्वित हुए हैं। जरूरत मंदो की सेवा के साथ साथ ग्रुप द्वारा पर्यावरण की सुरक्षा, स्वच्छता कार्यक्रम, बेटी बचाव बेटी पढ़ाओ, जल संरक्षण, आदि के कार्य तो किये ही जाते हैं। आज गौ माता को चारा खिला कर जो सुख की अनुभूति हुई उसको शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता है।

यूरिया खाद की कालाबाजारी जोरों पर

रमना। प्रखंड में खाद बीज अनुज्ञप्ति धारी खुलेआम उर्वरक कानून की धज्जिया उड़ा रहे हैं। रमना कृषि पदाधिकारी कुम्भकर्ण की नींद ले रहे है। केवल जलेबी के गंध से ही इनकी नींद खुलेगी और जलेबी चट कर झट से निंद्रासन में चले जाते है। इस प्रखंड में खाद बीज के दर्जनों दुकान है जो खुले-आम उर्वरक अधिनियम 1985 का मजाक उड़ा रहे है। इस अधिनियम के अन्तर्गत जो भी अनुज्ञप्तिधारी खाद बीज दुकानदार वो सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य 266 रूपये में कभी खाद बेचते ही नहीं है।

गृहकार्य पूर्ण नहीं करने पर शिक्षिका ने की बेरहमी से पिटाई

कांडी। थाना क्षेत्र के बीपीएम पब्लिक स्कूल ढबरिया में अध्ययनरत एक मासूम छात्र की गृहकार्य पूर्ण नहीं करने पर शिक्षिका द्वारा बेरहमी से पिटाई की गई है। इस संबा में छात्र आयुष कुमार के चाचा रतनगढ़ गांव निवासी आनंद कुमार यादव ने कहा कि उक्त विद्यालय में आयुष यूकेजी का छात्र है। शिक्षिका रेखा ने बच्चे की छड़ी से बेरहमी से पिटाई की है। उन्होंने बताया कि शनिवार को जब विद्यालय के प्राानायापक से इस संबा में बात की गई तो उन्होंने भय दिखाते हुए कहा कि जहां जाना है, वहां जाओ। मैं समझ लूंगा। सवाल यह है कि सरकार का सख्त निर्देश है कि किसी सरकारी व गैर सरकारी विद्यालय में अययनरत छात्र-छात्राओं की पिटाई नहीं करनी है। शिक्षक का कार्य मनोवैज्ञानिक तरीके से शिक्षा प्रदान कर बच्चों का भविष्य उज्जवल बनाना है। लेकिन यहां तो बच्चों की बेरहमी से पिटाई की जा रही है। अधिक पिटाई से बच्चे मायूस होकर मानसिक संतुलन भी खो सकते हैं।

युवक की पीट-पीटकर हत्या, हत्या में शामिल तीनों आरोपी गिरफ्तार

मझिआंव। थाना क्षेत्र अन्तर्गत रपुरा गांव से शुक्रवार की देर रात पुलिस ने उक्त गांव निवासी स्व उपेन्द्र पांडेय के 23 वर्षीय पुत्र मनीष पांडेय नामक युवक का शव झाड़ी से बरामद किया था। जानकारी के अनुसार मनीष पेशे से टेंपू चलाता था। मिली जानकारी के अनुसार मारपीट के बाद गांव के कुछ लोगों ने जाना लेकिन मनीष को अस्पताल नहीं ले जाया गया जिसके कारण मनीष की घटनास्थल पर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार संतोष शुक्ला उर्फ गोलू शुक्ला ग्राम रामपुर थाना कुटुंबा जिला औरंगाबाद बिहार के निवासी युवक अपने मौसी के यहां रहता था। जिसके द्वारा मनीष की बहन पर संतोष शुक्ला के द्वारा अश्लील टिप्पणी को लेकर दोनों में तनाव था। मृतक मनीष पांडे की बहन को छेड़छाड़ के कारण ही आपसी झगड़ा में अभियुक्तों के द्वारा घटना को अंजाम दिया गया है। घटना की सूचना थाना प्रभारी आकाश कुमार को दिया गया। घटना की सूचना पाते ही थाना प्रभारी आकाश कुमार तुरंत दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और गहनता से जांच करते हुए शव को अपने कब्जे लिया। उसके बाद हत्याकांड के खुलासा हो और अभियुक्तों को पकड़ा जा सके जिसको लेकर थाना प्रभारी आकाश कुमार, एसआई नसीम अंसारी, संजय मुंडा, एएसआई आलोक कुमार, संजय कुमार, चालक मिथिलेश तिवारी सहित अन्य कर्मीयों ने कड़ी मेहनत कर 5 घंटे के भीतर विभिन्न स्थानों से तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी ने बताया कि रपुरा शिव मंदिर के पास के खेत की झाड़ी से रामपुर गांव निवासी मनीष पांडे का शव बरामद करते हुए, घटना के संबा में छानबीन करने लगे मृतक के बहन के आवेदन पर मझिआंव थाना कांड संख्या 96/24 दिनांक 21 सितंबर 2024 को विभिन्न ाराओं में प्राथमिक की दर्ज करते हुए कांड में तत्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या में सम्मिलित पलामू जिला के रेहला थाना क्षेत्र के ग्राम डंडीला निवासी (वर्तमान पता ग्राम रपुरा) स्व.रवि शंकर शुक्ला के 21 वर्षीय पुत्र संतोष शुक्ला उर्फ गोलू, रामपुर गांव निवासी अनिल पांडे के 21 वर्षीय पुत्र ओमकार पांडे उर्फ मोहित, बिहार राज्य के औरंगाबाद जिला थाना कुटुंबा ग्राम रामपुर निवासी श्रीकांत पांडेय के 22 वर्षीय पुत्र सौरभ पांडेय उर्फ छोटू को गिरफ्तार किया गया।

बिहार राज्य जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता का सांसद दिनेश चंद यादव ने उद्घाटन किया

एजेंसी

सहरसा। चंद्रशेखर प्रसाद सिंह एवं सरस्वती देवी स्मृति 8वीं बिहार राज्य जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन सांसद दिनेश चंद यादव ने किया। दिनेश चंद यादव ने सर्वप्रथम बिहार हैंडबॉल संघ का झंडो तोलनकर, ग्राउंड का फीता काट एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर इस खेल का उद्घाटन किया। जिला हैंडबॉल संघ के सचिव रोशन सिंह धोनी के संचालन में आयोजित उद्घाटन समारोह में आयोजन समिति के अध्यक्ष सह जिला भाजपा अध्यक्ष दिवाकर सिंह, मो अंजुम हुसैन, चंद्रशेखर अधिकारी, विनय यादव, रेवती रमन सिंह, ज्योति सिंह, जिला क्रिकेट संघ के अखिलेश कुमार टूट सहित कई लोग मौजूद थे। आयोजन समिति के अध्यक्ष दिवाकर सिंह के माता-पिता स्व चंद्रशेखर प्रसाद सिंह एवं स्व सरस्वती देवी के नाम पर आयोजित आठवीं बिहार राज्य जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता का शानदार खेल सहरसा स्टेडियम सहरसा में लगातार जारी है। आयोजन समिति के सचिव रोशन सिंह धोनी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में बिहार के 23 जिलों से बालक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया है।

हेलीकॉप्टर में नहीं भरा जा सका ईंधन, सड़क मार्ग से वाराणसी गये राजनाथ और शिवराज

खबर मन्त्र संवाददाता

श्री बंशीधर नगर। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का हेलीकॉप्टर समय पर टेक ऑफ नही कर सका। दोनो मंत्री 1 घंटा 10 मिनट तक अनुमंडल कार्यालय में बैठे रहे। जानकारी के अनुसार हेलीकॉप्टर में ईंधन खत्म हो जाने के कारण ऐसी परिस्थिति हुई। 5 बजकर 54 मिनट पर सड़क के रास्ते दोनो मंत्री वाराणसी रवाना हुए। केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने बताया कि कुछ प्रॉब्लम के कारण सड़क के रास्ते जाना पड़ा है। विधायक भानू प्रताप शाही ने बताया कि उनके हेलीकॉप्टर का ईंधन समय से नही आ पाया। मेदनीनगर में जाम के कारण ईंधन नहीं आ पाया। रविवार को रक्षा मंत्री का जम्मू में कई कार्यक्रम है। ऐसे में सड़क वाराणसी जाने का फैसला लिया गया। रांची में मौजूद वायुसेना का एयर क्राफ्ट वाराणसी जायेगा। हेलीकॉप्टर गढ़वा के लिए उड़ान भरा। वहां ईंधन भरा जाएगा।

श्री बंशीधर मंदिर में की पूजा-अर्चना

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को यहां श्री बंशीधर मंदिर में पूजा अर्चना कर देश में अमन चैन एवं खुशहाली की कामना की। मंदिर में आचार्य श्रीकांत मिश्र एवं सत्यनारायण मिश्र के वैदिक मंत्रोचार के बीच रक्षा मंत्री एवं कृषि मंत्री ने श्री बंशीधर जी की आरती उतारी एवं विधिवत पूजा अर्चना की। पूजा अर्चना करने के बाद श्री बंशीधर सूर्य मंदिर ट्रस्ट की ओर से ट्रस्ट के सलाहकार धीरेंद्र कुमार चौबे एवं राजेश कुमार पांडेय ने रक्षा मंत्री एवं कृषि मंत्री को चुनरी ओढाकर एवं श्री बंशीधर जी की तस्वीर भेंट कर मंदिर में गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। उधर मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद झारखंड भारतीय जनता पार्टी की ओर से झारखंड प्रदेश में निकाल जा रहे परिवर्तन यात्रा का श्री गणेश किया। उन्होंने श्री बंशीधर मंदिर के बाहर में खड़ा परिवर्तन रथ की भी पूजा अर्चना कर एवं नारियल फोड़ कर यात्रा का शुभारंभ किया। मौके पर सांसद विष्णु दयाल राम, भाजपा के जवाहर पासवान, विकास कुमार स्वदेशी, मंदिर के कर्मी सुरेश विश्वकर्मा, सुजीत अग्रवाल, राजन कुमार आदि मौजूद थे।

ओबीसी एकता अधिकार मंच ने कृषि मंत्री को सौंपा मांग पत्र

गढ़वा। केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद के नेतृत्व में ओबीसी एकता अधिकार मंच के प्रतिनिधि मंडल ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिलकर 11 सूत्री मांग पत्र सौपा। सौंपे गये मांग पत्र में जातीय जनगणना कराकर देश में सभी क्षेत्रों में राजनैतिक, सामाजिक, शैक्षणिक एवं नौकरी में आरक्षण बढ़ाने, झारखंड के किसानों के हित में केंद्रीय सरकार द्वारा ग्रामीण स्तर पर बाजार की व्यवस्था उनके उत्पाद का उचित समर्थन मूल्य देने, किसानों के लिए सभी प्रखंड मुख्यालय में उनके उत्पाद के लिए प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित करने सहित 11 सूत्री मांग शामिल है। प्रतिनिधिमंडल में केंद्रीय महासचिव श्रवण कुमार, केंद्रीय महिला मोर्चा अध्यक्ष शकुंतला जयसवाल, केंद्रीय सदस्य पंकज साहू, केंद्रीय सदस्य शुभम कुमार, अम्बर कुमार, पवन साहू केंद्रीय कार्यालय प्रभारी हिमालय कुमार उपस्थित थे।

ओबीसी एकता अधिकार मंच का जागरूकता अभियान न्याय रथ रवाना

रथ को रवाना करते केंद्रीय सचिव व अन्य

गढ़वा। ओबीसी एकता अधिकार मंच झारखंड प्रदेश के जागरूकता अभियान न्याय रथ को शहर के टाउन हॉल से केंद्रीय सचिव गोरखनाथ चौधरी, रविंद्र नाथ ठाकुर, सोनू यादव, डॉ इस्तेयाक राजा आदि ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर केंद्रीय सचिव गोरखनाथ चौधरी ने बताया कि यह जागरूकता अभियान न्याय रथ गढ़वा विधानसभा के सभी पंचायत सभी गांव में जा जाकर ओबीसी परिवार को राजनीतिक एवं शैक्षणिक रूप से तथा आरक्षण के मुद्दे पर गुलबंद होने का हवन करेगा। आज पूरे प्रदेश में ओबीसी परिवार को राजनीतिक रूप से खासकर गढ़वा विधानसभा में पीछे रखा गया है।

मुकुरिया में जदयू नेता ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

कटिहार। बारसोई से जदयू नेता रोशन अग्रवाल ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र लिखा है। पत्र के माध्यम से उन्होंने मुकुरिया पंचायत के जर्जर सड़कों के जीर्णोद्धार का आग्रह मुख्यमंत्री से किया है। रोशन अग्रवाल ने मुखिया मसलेउद्दीन के आवेदन पर यह पत्र लिखा है। रोशन अग्रवाल ने शनिवार को बातचीत में बताया कि ग्राम पंचायत मुकुरिया की कई सड़कें जर्जर हो चुकी हैं, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। रोशन अग्रवाल ने बताया कि ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा निर्मित इन सड़कों के बनने का पांच साल से अधिक समय बीत गया है। अब इन सड़कों का जीर्णोद्धार कराना आवश्यक हो गया है।

विधि व्यवस्था सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : मुख्यमंत्री

एजेंसी

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गृह विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक शनिवार को की। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि विधि व्यवस्था सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अपराध नियंत्रण में किसी प्रकार की कोताही न बरतें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 60 प्रतिशत से अधिक हत्याएं भूमि विवाद के कारण होती हैं, जो अब घट रहा है। जानकारी दी गयी है कि 46.69 प्रतिशत हो गया है, यह अच्छी बात है। उन्होंने कहा कि लैंड सर्वे एंड सेटलमेंट का काम तेजी से पूर्ण हो ताकि भूमि विवाद को लेकर होने वाली अपराध की घटनाओं में पूरी तरह कमी आये। प्रशासन और पुलिस पूरी मुस्तैदी के साथ असामाजिक तत्वों पर नजर बनाये रखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि गश्ती में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतें। रात्रि गश्ती और तेज करें। रात्रि एवं पैदल गश्ती को और प्रभावी बनाने के लिये वरीय पदाधिकारी क्षेत्र में जाकर रात्रि में स्वयं औचक निरीक्षण करें।

कानून व्यवस्था को बनाये रखने में सभी पूरी तन्मयता से काम करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले पुलिस कर्मियों पर सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि अपराध अनुसंधान कार्य में तेजी लाएं और इसे ससमय पूर्ण करें ताकि दोषियों पर जल्द कार्रवाई हो सके।

अग्रवाल परिवार ने किया भोजन का वितरण

गढ़वा। अग्रवाल परिवार गढ़वा के तत्वावधान में लगातार 52वें सप्ताह प्रसाद रूपी भोजन का वितरण किया गया। इस दौरान 200 से अधिक लोगों के बीच भोजन का वितरण किया गया। पितृ पक्ष के महीने में पित्रो को समर्पित इस कार्यक्रम को संतोष अग्रवाल, स्वेता अग्रवाल और तेजस अग्रवाल ने विशेष रूप से मनाया।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT BUILDING DIVISION, HAZARIBAG

e-Procurement Cell

Very Short e-Procurement Notice

Tender Reference No:-BCD/EE/HAZARIBAG/ 23/2024-25 Date:-19-09-2024

Sl.No	Name of Work	Estimated Cost	Earnest Money	B.O.Q Rate	Time of completion
1	Construction of PCC Road from village Khurandi home from arun mehta to Narayan Yadav,Jogender yadav,Dhaneswer yadav Block-Churchu Dist- Hazaribag	2364900/-	48000/-	5000/-	3 Month
2	Construction of Boundary wall at upgraded High School Berhmoriya Block-chouparn Dist- Hazaribag	3327350/-	67000/-	5000/-	4 Month
3	Construction of Boundary wall at Govt High School Chaithi , Vill-Papro ,Chouparan ,Dist-Hazaribag.	2870900/-	58000/-	5000/-	3 Month
4	Renovation of Strong Room and Counting Hall Located in the Campus of Agriculture Marketing Yard to Lok Sabha Election-2024 at Hazaribag	1677000/-	34000/-	5000/-	3 Month
5	Renovation of Prashasnik Bhawan in Agriculture Market Committee at Hazaribag	594200/-	12000/-	1250/-	1 Month

A.	Date of Publication of Tender on website	23-09-2024
B.	Last date/Time for receipt of bids	29-09-2024 03.00 PM
C.	Name & address of office Inviting tender	Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division,Hazaribag
D.	Contact no. of Procurement officer	9348952485
E.	Helpline number of e-Procurement cell	06546-225723

Further details and subsequent amendments can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Nodal Officer, e-Procurement Cell, Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Hazaribag

PR 336518 (Building) 24-25 (D)

झारखण्ड सरकार

कार्यपालक अभियंता सह राजमार्ग पदाधिकारी का कार्यालय

पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल,कोडरमा

☎ 06534-2227076 Email Id-eercdkoderma-jhr@nic.in

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–05 वर्ष 2024–25

1	विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता	कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल,कोडरमा।
2	परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि	दिनांक 30.09.2024 को कार्यालय अवधि में।
3	निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय	दिनांक 01.10.2024 को 03.00 बजे अपराह्न तक।
4	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	दिनांक 01.10.2024 को 03.30 बजे अपराह्न से।
5	परिमाण विपत्र की बिक्री की स्थान	1. मुख्य अभियंता (या०), पथ निर्माण विभाग, अभियंत्रण छात्रावास सं०2 ,धुर्वा, झारखण्ड, राँची। 2. अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, हजारीबाग। 3. कार्यपालक अभियंता ,पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल,कोडरमा।
6	निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान	1. मुख्य अभियंता (या०), पथ निर्माण विभाग, अभियंत्रण छात्रावास सं०2 ,धुर्वा, झारखण्ड, राँची 2. अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, हजारीबाग। 3. कार्यपालक अभियंता ,पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, कोडरमा।

7. कार्य की विवरणी :–

क्र०सं०	अंचल का नाम	प्रमण्डल का नाम	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपया में)	अग्रधन की राशि (रूपये में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने का समय
1	2	3	4	5	6	7	8
1	हजारीबाग	कोडरमा	कोवार–कोडरमा पथ में लोहासिकर के पास सुरक्षा की दृष्टिकोण से Extra widening एवं सुरक्षात्मक कार्य वित्तीय वर्ष 2024–25।	2200000.00	44000.00	5000.00	तीन माह।
2			तिलैया–जयनगर–बगढ़ो पथ के 11 वें कि०मी० में आक्तो नदी पर पुल के रेलिंग का विशेष मरम्मति कार्य वित्तीय वर्ष 2024–25।	1000000.00	20000.00	1250.00	तीन माह।
3			कनीय अभियन्ता, पथ प्रशाखा, डोमचाँच–2 के आवास एवं कार्यालय का मरम्मति एवं फर्निशिंग कार्य वित्तीय वर्ष 2024–25।	2500000.00	50000.00	5000.00	तीन माह।
4			सरिया में अवस्थित कनीय अभियन्ता पथ प्रशाखा सरिया का कार्यालय भवन एवं चाहरदीवारी का मरम्मति फर्निशिंग कार्य वित्तीय वर्ष 2024–25।	2500000.00	50000.00	5000.00	तीन माह।
5			सहायक अभियन्ता, पथ प्रमण्डल,कोडरमा के आवास का मरम्मति सह फर्निशिंग कार्य/डीप बोरिंग कार्य एवं चाहरदीवारी की मरम्मति कार्य वित्तीय वर्ष 2024–25।	1500000.00	30000.00	2500.00	तीन माह।
6			कनीय अभियन्ता, पथ प्रशाखा, राजधनवार के कार्यालय एवं आवास का मरम्मति एवं फर्निशिंग कार्य वित्तीय वर्ष 2024–25।	1500000.00	30000.00	2500.00	तीन माह।
7			गुण नियंत्रण अवर प्रमण्डल, कोडरमा के भवन सह प्रयोगशाला का मरम्मति सह सुसज्जीकरण कार्य वित्तीय वर्ष 2024–25।	1000000.00	20000.00	1250.00	तीन माह।
8			कनीय अभियन्ता, पथ प्रमण्डल, कोडरमा के आवास का मरम्मति सह फर्निशिंग कार्य/डीप बोरिंग कार्य एवं चाहरदीवारी की मरम्मति कार्य वित्तीय वर्ष 2024–25।	2000000.00	40000.00	5000.00	तीन माह।
9			पथ प्रमण्डल,कोडरमा के विभिन्न पथों में नालियों का मरम्मति एवं सफाई कार्य वित्तीय वर्ष 2024–25।	2000000.00	40000.00	5000.00	तीन माह।

➤ **निविदा की शर्ते कार्यालय के सूचना पट पर देखी जा सकती है।**

1. प्राक्कलन की राशि घटने या बढ़ने पर अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है।
2. कार्य का परिमाण विपत्र के क्रय हेतु पथ निर्माण विभाग का निबन्धन प्रमाण पत्र ,GSTiN, UCANसे संबंधित प्रमाण–पत्र की सुस्पष्ट प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा परिमाण विपत्र निर्गत नहीं किया जायेगा।
3. PWD कोड में संशोधन के फलस्वरुप 10 प्रतिशत न्यूनतम दर की अधिसीमा समाप्त कर दी गई है।

कार्यपालक अभियंता
प०नि०वि०पथ प्रमण्डल कोडरमा।

PR.NO.336612 Road(24-25):D

कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 22/2024–25

दिनांक 20/09/2024

मद का नाम :– जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट

क्र0	प्रखण्ड	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	अग्रधन की राशि	योजना पूर्ण करने की तिथि
1	2	3	4	5	6	7
1	कटकमदाग	प्राथमिक विद्यालय, मससतु टोला कृष्णनगर में चाहरदिवारी एवं अन्य विविध निर्माण कार्य। (उत्क्रमित मध्य विद्यालय)	16760300.00	10000.00	336000.00	एक वर्ष
2	कटकमदाग	प्राथमिक विद्यालय, बानादाग का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य।	12903400.00	10000.00	259000.00	एक वर्ष
3	कटकमदाग	प्राथमिक विद्यालय, हारम में चाहरदिवारी एवं उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य।	13681200.00	10000.00	274000.00	एक वर्ष
4	कटकमदाग	प्राथमिक विद्यालय, सलगा के उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य।	7520500.00	10000.00	151000.00	नौ माह
5	कटकमदाग	उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बेस के उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य।	9940000.00	10000.00	199000.00	नौ माह
6	कटकमदाग	उत्क्रमित मध्य विद्यालय, अडरा के उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य।	6530000.00	10000.00	131000.00	नौ माह
7	कटकमदाग	ग्राम लूटा में पीपल चौक से गौदा डैम होते हुए बानादाग एन०एच०–100 जाने वाले पथ का निर्माण।	9235000.00	10000.00	185000.00	नौ माह
8	कटकमदाग	उत्क्रमित मध्य/उच्च विद्यालय, कटकमदाग का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य।	9608000.00	10000.00	193000.00	नौ माह
9	डाडी	उत्क्रमित उच्च विद्यालय, होसीर में चाहरदिवारी एवं उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य।	18015800.00	10000.00	361000.00	एक वर्ष
10	डाडी	मध्य विद्यालय, बलसगरा के उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य।	9581200.00	10000.00	192000.00	नौ माह
11	डाडी	उत्क्रमित मध्य विद्यालय, रिकवा के उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य।	8539000.00	10000.00	171000.00	नौ माह
12	सदर	कं०वी० उच्च विद्यालय, सदर, हजारीबाग के उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य।	18581900.00	10000.00	372000.00	एक वर्ष
13	सदर	उर्दू मध्य विद्यालय, मंडई के उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य।	10249100.00	10000.00	205000.00	एक वर्ष
14	सदर	शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल, हजारीबाग के अस्पताल परिसर में मरीजों के लिए स्ट्रेचर, व्हील चेयर आदि के आवागमन हेतु विविध पथों का निर्माण कार्य।	8360900.00	10000.00	168000.00	नौ माह
15	सदर	शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल, हजारीबाग के ट्रॉमा सेन्टर एवं मरीज निकेतन भवन का उन्नयन कार्य।	5339300.00	10000.00	107000.00	नौ माह
16	सदर	हजारीबाग स्टेडियम के सामने एन०एच०–33 पर अवस्थित बाजार हाट में विविध निर्माण।	10995800.00	10000.00	220000.00	एक वर्ष
17	केरेडारी	चांदनी चौक से बढई टोला राजपूत टोला होते हुए संसद भवन तक पी०सी०सी० पथ निर्माण।	11048800.00	10000.00	221000.00	एक वर्ष
18	सदर	वार्ड नं०–25 में खिरगांव स्थित नदी में पुल का निर्माण।	9327000.00	10000.00	187000.00	नौ माह
19	चुरचू	बालीडीह एवं अन्य ग्रामों के ग्राम लारा में जोड़ने वाले बालीडीह नदी पर पुल का निर्माण।	6363400.00	10000.00	128000.00	नौ माह
20	चुरचू	कजरी खुशी टोला मोड़ से स्वास्थ्य उपकेन्द्र तक पथ निर्माण।	5221600.00	10000.00	105000.00	नौ माह

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 04.10.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय 05.10.24 से 12.10.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने का स्थान– जिला परिषद, हजारीबाग।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 14.10.2024 पूर्वाह्न 10:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०–06546 261406 ई–मेल – districtboardhazaribag@gmail.com
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
9. निविदा की शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है। जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग

PR 336618 District (24-25)_D

Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd.
(CIN: U40108JH2013SGC001704)
Regd. Office: 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi-02
(E-mail:cetjusnl@gmail.com)

SHORT e-TENDER NOTICE

NIT No. – 207/PR/ JUSNL/ 2024-25

E-tender in two parts i.e. Technical (Part-I) and Financial (Part – II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound firm for the following works : -

Name of work	Design, Engineering, Supply, Erection, Testing and Commissioning of LILO of one circuit of 132 kV D/C 3 phase Madhupur – Jasidih Transmission Line at Devipur (Deoghar) GSS (7.2 KM Approx) on turnkey basis
Estimated cost (Rs.)	Rs. 6,57,51,341.00 (including GST)
Earnest Money Deposit	Rs. 13,15,100.00 Online mode
Completion Period	18 (Eighteen) Months
e-Tender fee	Rs. 10,000.00 + 18% GST Online mode.
Start Date & Time of Download the Tender Documents	24.09.2024 at 11:00 AM
Start Date and time of upload of BID	24.09.2024 at 11:00 AM
End date and time of upload of BID	08.10.2024 upto 04:00 PM
BID Opening date for technical part	09.10.2024 at 04:00 PM
BID Opening date for price part	Will be communicated
Procurement Officer and address for communication	General Manager, C&M (NWBP), 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned **(8987421011)** during office hours.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager, C&M (NWBP)
JUSNL,Ranchi

PR 336430 (Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd) 24-25 (D)

चुनावी दर्पण
खूंटी -तोरपा सीट

भाजपा के किले में सेंधमारी की तैयारी में कांग्रेस

सत्येन्द्र

2024 में होनेवाले झारखंड विधानसभा चुवाव की तैयारी में तमाम दल जुट गये हैं। झारखंड विधानसभा चुनाव की घोषणा कभी भी संभव है। चुनाव आयोग की टीम यहां से लौटने के बाद कभी भी कर सकती है। इसके बावजूद अब तक इंडिया ब्लॉक के दलों और एनडीए में शामिल पार्टियां सीट शेयरिंग का फार्मूला तय नहीं हो सका है। ऐसे में दोनों खेमे की तरफ से हर सीट पर दावेदारी का दौर शुरू है। लोकसभा चुनाव में भाजपा के किले में सेंधमारी के बाद कांग्रेस अब खूंटी विधानसभा में जीत सुनिश्चत करने की तैयारी में जुट गयी है। खूंटी और तोरपा विधानसभा सीट पर कांग्रेस की ओर से दर्जनों नेताओं ने अपनी

कांग्रेस की नजर खूंटी और तोरपा सीट पर

कांग्रेस इस बार ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है। पार्टी ने अपनी तैयारियां भी शुरू कर दी है। पिछले चुनाव में कांग्रेस को गठबंधन के तहत 31 सीटें मिली थी, जिनमें से 17 सीटों पर कांग्रेस ने जीत हासिल की थी। इस बार कांग्रेस की नजर कुछ और सीटों पर है। इसके लिए पार्टी ने अभी से माहौल बनाना शुरू कर दिया है। हालांकि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि सीट शेयरिंग और चुनाव मामले पर आलाकमान ही अंतिम निर्णय लेगा।

भाजपा नेताओं ने जीत का किया दावा

चुनावी समीकरण पर खूंटी से जुड़े भाजपा नेताओं का कहना है कि राजनीतिक षडयंत्र के तहत विरोधी दल के नेता खूंटी भाजपा गुटबाजी की हवा उड़ा रहे हैं। चुनाव की बात करें तो भाजपा पूरी तरह से तैयार है। नेताओं ने दावा करते हुए कहा कि भाजपा खूंटी में ही नहीं, बल्कि पूरे झारखंड में जीत हासिल करेगी और सरकार बनायेगी। वहीं कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए भाजपा नेताओं ने कहा कि जमानत जब्त वाले भी जीत का दावा करते हैं।

दावेदारी पेश की है। तोरपा सीट पर झामुमो और कांग्रेस के गठबंधन पर निर्भर करता है कि वहां उम्मीदवार कौन रहेगा। झामुमो ने लगातार इस सीट पर जीत हासिल की है। वहीं इस संबंध में राजनीतिक विशेषज्ञों का कहना है कि खूंटी की दोनों ही सीटों पर बदलाव के संकेत हैं। राष्ट्रीय और क्षेत्रीय पार्टियों के क्रियाकलापों से वोटरों में भी चेहरे बदलने को लेकर कयास लगाये जा रहे हैं।

कांग्रेस के कई नाम चर्चा में : खूंटी में कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने खूंटी और तोरपा पर दावेदारी पेश की है। जिसमें दयामनी बारला के नाम की सबसे अधिक चर्चा है। दयामनी बारला ने तो तोरपा सीट के लिए अपना प्रोफाइल भेजा है। 1995 में शुरू हुआ कोयल कारो आंदोलन से पहचान बनाकर दयामनी बारला आज एक आदिवासी नेत्री के तौर पर जानी जाती हैं। दयामनी आदिवासी-मूलवासियों के मुद्दों को लेकर हमेशा से मुखर रही हैं। वह आप पार्टी के बैनर से 2014 में खूंटी लोकसभा चुनाव लड़ चुकी हैं। झारखंड विकास मोर्चा से 2019 में खूंटी विधानसभा चुनाव भी लड़ चुकी हैं। वहीं तोरपा से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी पुनीत हेंब्रम रेस में हैं। पुनीत हेंब्रम 1996 से लगातार कांग्रेस पार्टी से जुड़े हुए हैं। यही नहीं 2005 के चुनाव में कांग्रेस ने पुनित को उम्मीदवार भी बनाया था, लेकिन झामुमो और कांग्रेस के साथ हुए गठबंधन के बाद नाम वापस लिया था।

2014 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने फिर से पुनित को उम्मीदवार बनाया था लेकिन झामुमो प्रत्याशी ने जीत दर्ज की थी। इसके अलावा युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष कुणाल कमल कच्छप ने तोरपा सीट पर अपना दावा पेश किया है। इसके अलावा जॉन कंडुलना, बानो निवासी अजीत कंडुलना, हेलेन होरो के नाम की भी चर्चा है।

खूंटी सीट के लिए बिरहु पंचायत से लगातार मुखिया रहे व वर्तमान में जिला परिषद सदस्य सुशील सांगा, युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अरुण सांगा, शशि कांत उर्फ अनमोल होरो, बिलसन टोपनो, पांड्या मुंडू, संजीव परिधिया, पौलुष पूर्ति, एडवर्ड हंस, पीटर मुंडू, विलसन वोदरा, बिनसाय मुंडा, स्वर्गीय पूर्व सांसद स्वर्गीय सुशीला केरकेप्ता की पोती सारोन सुरीन (पूर्व उम्मीदवार रोशन सुरीन), रोंबा गुड़िया के नाम की भी चर्चा है। कांग्रेस नेताओं का दावा है कि यदि पार्टी लड़ती है, तो जीत तय है।

तोरपा सीट का इतिहास

2005 के चुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल करने के बाद अपना नाम वापस ले लिया था। इसके पीछे कारण था झामुमो से कांग्रेस का गठबंधन उसके बाद झामुमो की वापसी हुई। 2014 में गठबंधन टूट गया और कांग्रेस ने फिर से पुनीत हेंब्रम को उम्मीदवार बनाया लेकिन झामुमो जीत गया। उसके बाद 2019 में झामुमो ने उम्मीदवार बदला तो भाजपा से कोचे मुंडा ने तोरपा सीट पर जीत दर्ज की। कांग्रेस को उम्मीद है कि इस बार कांग्रेस अगर खूंटी और तोरपा पर उम्मीदवार दे तो दोनों सीट कांग्रेस की झोली में होगी।

खड़े डंपर से टकरायी तेज रफ्तार कार, चार की मौत

औरैया। उत्तर प्रदेश में औरैया जिले के थाना ऐरवाकटरा क्षेत्र में शनिवार को लखनऊ आगरा एक्सप्रेस-वे पर हरनागरपुर पुल के पास एक तेज रफ्तार कार पहले से खड़े डंपर से जा टकरायी । इस दुर्घटना में कार में सवार दो महिलाओं और एक बच्चा समेत चार लोगों की मौके पर मौत हो गयी।

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में तितलियों का सर्वे शुरू

भोपाल। बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व में शुक्रवार से तीन दिवसीय तितली सर्वे का काम प्रारंभ हो गया है। नौ रेंज में 60 वन्यजीव विशेषज्ञों के साथ वनकर्मी 20 कैम्प में तितली की विभिन्न प्रजातियों को एप में कैद किया जा रहा है। इसका उद्देश्य वन क्षेत्र में बायोडायवर्सिटी व तितलियों की प्रजाति ज्ञात करना है। जनसंपर्क अधिकारी गजेन्द्र द्विवेदी ने शनिवार को जानकारी देते हुए बताया कि टाईगर रिजर्व प्रबंधन अनुसार बांधवगढ़ के सभी 9 रेंज (कोर व बफर रेंज) में यह सर्वेक्षण का काम चलेगा। जानकारी अनुसार 1536 वर्ग कि.मी. में फैले बांधवगढ़ के भीतर करीब 70 तितलियों की प्रजाति पाई जाती हैं। खासबात यह है कि टीम में शामिल नेचर्लिस्ट, बीटगार्ड व श्रमिकों के साथ कैम्प में रहेंगे।

हम पाकिस्तान को गोलियों का जवाब तोप के गोले से देंगे : शाह

एजेंसी

मेंढर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को दावा किया पाकिस्तान, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के डर से जम्मू सीमा पर संघर्षविराम का उल्लंघन नहीं कर पा रहा है और, अगर वह भारतीय सेना पर एक भी गोली चलाता है, तो उसका जवाब तोप के गोले से दिया जायेगा। जम्मू क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवारों के लिए राजनीतिक प्रचार शुरू करने के बाद से यह पहली बार है कि केंद्रीय गृह मंत्री ने अपने भाषण में पाकिस्तान पर हमला किया है।

श्री शाह ने आज जम्मू क्षेत्र के मेंढर इलाके में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि सीमाएं खामोश हैं और मेंढर तथा अन्य सीमावर्ती जिलों के लोग शांति से रह रहे हैं। उन्होंने पाकिस्तान को सीमा पर किसी भी तरह की दुस्साहस न करने की चुनौती देते हुए कहा,ह्न पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला के समय में, इस क्षेत्र में सीमा पार से लगातार गोलाबारी होती थी। गोले की गर्जना बंद हो गई है, क्योंकि पाकिस्तान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से डर गया है। अगर पाकिस्तान गोली चलाकर कोई शरारत करता है तो हम तोप के गोले से जवाब देंगे।

श्री शाह ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए डॉ.अब्दुल्ला को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा,ह्नवर्ष 1990 से यह जगह आतंकवाद के खतरे से तबाह हो गई है। नेकां, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) और कांग्रेस के शासन में पहाड़ी, गूजर और बकरवाल अपने अधिकारों से वंचित थे।

उन्होंने कहा कि नेकां प्रमुख युवाओं के हाथों में बंदूकें देकर उनका भविष्य बर्बाद करने के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा,ह्नहम पुलिस, सेना और अन्य बलों में भर्ती के जरिए पहाड़ी, गूजर और बकरवाल के हाथों में बंदूकें देंगे ताकि वे पूरी ताकत से आतंकवाद से लड़ सकें और अपनी मातृभूमि को बचा सकें।

श्री शाह ने कहा,ह्नमैं आपको बता दूं कि अगर डॉ. फरूक अब्दुल्ला और उनके बेटे उमर अब्दुल्ला खुद को उल्टा भी कर लेंगे, तो भी हम पहाड़ी आरक्षण नहीं करेंगे। हम पहाड़ी, गुज्जर और बकरवाल को पदोन्नति में आरक्षण देंगे। अब्दुल्ला, मुफ्ती और गांधी (कांग्रेस) परिवारों पर निशाना साधते हुए गृह मंत्री ने कहा कि ये तीन परिवार 40,000 लोगों की हत्या के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा, ह्नइन तीन परिवारों की वजह से ही जम्मू-कश्मीर में लंबे समय तक पंचायत, बीडीसी और डीडीसी चुनाव नहीं हुए। आज, पंचायतों, ब्लॉक और जिलों के 30,000 से अधिक प्रतिनिधि लोकतंत्र का आनंद ले रहे हैं।

मेंढर से भाजपा उम्मीदवार मुर्तजा खान के समर्थन की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि अपने समुदाय के लिए आरक्षण मांगने वाले मुर्तजा पहले पहाड़ी व्यक्ति थे। उन्होंने कहा,ह्नवह अक्सर मुझसे पहाड़ियों को आरक्षण के बारे में ज्ञापन लेकर मिलते थे। मैंने एक बार उनसे कहा था कि आरक्षण जरूर दिया जाएगा, क्या आप (मुर्तजा) भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे। फिर उन्होंने जवाब दिया कि अगर मैं (शाह) मेंढर में एक रैली करूंगा, तो वह चुनाव लड़ेंगे।

श्री शाह ने कहा,ह्नआज मुर्तजा चुनाव लड़ रहे हैं और मैं यहां एक रैली को भी संबोधित कर रहा हूं। यदि आप उनकी जीत सुनिश्चित करेंगे, तो मैं यहां एक रात ठहरने के लिए आऊंगा ह्निसाथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा का जम्मू को विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में उन्नत करने का विजन है।

अमेरिका में मोदी का भव्य स्वागत राष्ट्रपति से की लंबी बातचीत

कल यूएनओ महासभा को संबोधित करेंगे मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली, वाशिंगटन। पीएम मोदी अपने 10 साल के कार्यकाल में शनिवार को 9वीं बार अमेरिका दौरे पर पहुंचे हैं। तीन दिवसीय दौरे पर वहां पहुंचे नरेंद्र मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। फिलाडेल्फिया एयरपोर्ट पर प्रवासी भारतीय उनके स्वागत में खड़े थे। जैसे ही पीएम मोदी बाहर निकले उनसे मिलने और सेल्फी लेने वालों की होड़ मच गयी। पीएम मोदी ने भी उन्हें निराश नहीं किया और उन्हें अपना हस्ताक्षर के साथ-साथ सेल्फी भी खिंचाया। वहां से पीएम मोदी बाइडेन के होम स्टेट डेलावेयर पहुंचे हैं। राष्ट्रपति बाइडेन से उनके होमस्टेट डेलावेयर में मुलाकात की। 23 को यूएनओ महासभा को संबोधित करेंगे। इससे पहले क्वाड लीडर्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। शिखर सम्मेलन के पूर्व उन्होंने कहा, मैं क्वाड शिखर सम्मेलन में अपने सहयोगियों राष्ट्रपति बाइडन, प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के साथ बैठक करने के लिए उत्सुक हूं। यह मंच हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए काम करने वाले समान विचारधारा वाले देशों के एक प्रमुख समूह के रूप में उभरा है।

राष्ट्रपति बाइडन द्वारा आयोजित लेने और संयुक्त राष्ट्र महासभा में एक कार्यक्रम को भी संबोधित करेंगे। साथ ही कुछ महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे। 22 को पीएम मोदी लॉन्ग आइलैंड में भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित करेंगे। 23 सितंबर को संयुक्त राष्ट्र महासभा में आयोजित होने वाले भविष्य के शिखर सम्मेलन को भी संबोधित करेंगे।

बाइडन ने मोदी को बताया मित्र

राष्ट्रपति जो बिडेन पीएम मोदी को मित्र बताया और उनका स्वागत किया। उन्होंने एक्स पर लिखा, आज मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अल्बानसे और किशिदा का अपने घर डेलावेयर में स्वागत करूंगा। ये नेता न केवल एक स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक हैं, वे मेरे और हमारे राष्ट्र के मित्र हैं।

आतिशी ने ली दिल्ली की सीएम पद की शपथ

एजेंसी

नयी दिल्ली। आम आदमीं पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता आतिशी ने शनिवार को यहां राज निवास में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उनके साथ अन्य पांच मंत्रियों ने भी शपथ ली। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने आतिशी को मुख्यमंत्री की शपथ दिलाई। श्री सक्सेना ने उनके साथ उनके पाँच कैबिनेट मंत्रियों में गोपाल राय, कैलाश गहलोत, सौरभ भारद्वाज और इमरान हुसैन और मुकेश अहलावत को शपथ दिलाई गई। इनमें से चार केजरीवाल सरकार के दौरान भी मंत्री थे, जबकि मुकेश अहलावत को पहली बार कैबिनेट में शामिल किया गया है। श्री अहलावत सुल्तानपुर माजरा से आप विधायक हैं जो आरक्षित सीट है। वह 2020 में पहली बार विधायक बने थे। उल्लेखनीय है कि कथित शराब घोटाले के आरोप में तिहाड़ जेल से जमानत पर बाहर आने के बाद श्री अरविंद केजरीवाल ने 17 सितंबर को मुख्यमंत्री पद से

इस्तीफा दे दिया था। उनके इस्तीफे से पहले आप के विधायक दल की बैठक में कालकाजी से विधायक आतिशी को विधायक दल का नेता चुना गया था।

राज निवास में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल समेत पार्टी के कई विधायक मौजूद थे। शपथ के बाद अतिशी ने केजरीवाल के पांव छूकर आशीर्वाद लिया।

जवानों की शहादत पर खड़गे-प्रियंका ने जताया शोक

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने जम्मू कश्मीर में बीएसएफ के चार जवानों के सड़क हादसे मेंमौत पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने चुनाव ड्यूटी पर जाते वक्त बस के खाई में गिरने से हुए हादसे में जवानों की मृत्यु पर पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायल जवानों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। श्री खडगे ने कहा ह्नजम्मू- कश्मीर के बडगाम में भयानक त्रासदी के बारे में सुनकर बेहद दुख हुआ, जहां चुनाव ड्यूटी के लिए ले जा रही बस के खाई में गिर जाने से 4 बीएसएफ जवानों की जान चली गई और लगभग 28 जवान घायल हो गए। बहादुरों के परिवारों के प्रति हमारी हार्दिक संवेदना। उन्हें इस अपूरणीय क्षति से उबरने की शक्ति मिले। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं घायलों के साथ हैं, हम उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। प्रियंका ने कहा, चुनाव ड्यूटी पर जाते हुए सेना की बस दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से ये हादसा हुआ।

वायु सेना के नये प्रमुख बने एयर मार्शल अमरप्रीत सिंह

एजेंसी

नयी दिल्ली। वायु सेना उप प्रमुख एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह को नया वायु सेना प्रमुख नियुक्त किया गया है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, उन्हें 30 सितंबर से वायु सेना प्रमुख के रूप में एयर चीफ मार्शल के पद पर नियुक्त किया गया है। उन्हें मौजूदा वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल विवेक राम चौधरी के स्थान पर यह जिम्मेदारी सौंप गई है। एयर चीफ मार्शल चौधरी 30 सितंबर को सेवानिवृत होंगे। 27 अक्टूबर 1964 को जन्मे एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह को दिसंबर 1984 में भारतीय वायु सेना के फाइटर पायलट स्ट्रीम में नियुक्त किया गया था। लगभग 40 वर्षों की अपनी लंबी और प्रतिष्ठित सेवा के दौरान, उन्होंने विभिन्न कमांड, स्टाफ में काम किया है। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज और राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज के पूर्व छात्र, वायु अधिकारी एक योग्य उड़ान प्रशिक्षक और एक प्रायोगिक परीक्षण पायलट हैं, जिनके पास

विभिन्न प्रकार के स्थिर और रोटरी विंग विमानों पर 5,000 घंटे से अधिक उड़ान का अनुभव है। अपने करियर के दौरान, उन्होंने एक ऑपरेशनल फाइटर स्क्वाड्रन और एक फ्रंटलाइन एयर बेस की कमान संभाली है। एक परीक्षण पायलट के रूप में, उन्होंने मॉस्को, रूस में मिग-29 अपग्रेड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट टीम का नेतृत्व किया। वह राष्ट्रीय उड़ान परीक्षण केंद्र में परियोजना निदेशक (उड़ान परीक्षण) भी रहे हैं और उन्हें हल्के लड़ाकू विमान, तेजस के उड़ान परीक्षण का काम सौंपा गया था। उन्होंने दक्षिण पश्चिमी वायु कमान में वायु रक्षा कमांडर और पूर्वी वायु कमान में वरिष्ठ वायु कर्मचारी अधिकारी की महत्वपूर्ण स्टाफ नियुक्तियों पर कार्य किया है।

दुर्गा पूजा में बंगाल को इलिश माछ देने को बांग्लादेश तैयार

एजेंसी

ढाका। आखिरकार बांग्लादेश की अंतरिम सरकार भारतीय बंगाली सनातन हिंदुओं के सबसे बड़े त्योहार दुर्गा पूजा पर हिलसा (इलिश) मछली देने को तैयार हो गई है। बांग्लादेश के वाणिज्य मंत्रालय ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी। ढाका ट्रिब्यून अखबार के अनुसार भारत के पश्चिम बंगाल में सनातन हिंदुओं के सबसे बड़े त्योहार दुर्गा पूजा के उपलक्ष्य में वाणिज्य मंत्रालय ने शनिवार को

भारत को 3,000 टन हिलसा मछली के निर्यात को मंजूरी दे दी है। वाणिज्य मंत्रालय की विज्ञप्ति में निर्यात की जाने वाली हिलसा की कीमत नहीं दशार्यी गई है। महत्वपूर्ण यह है कि 2023 में दुर्गा पूजा के लिए 5,000 टन हिलसा का निर्यात किया गया था। कुछ समय पहले बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने भारत के साथ अपने 'हिल्सा कूटनीति' को जारी रखने के लिए कोलकाता स्थित मछली आयातक संघ के अनुरोध को ठुकरा दिया था। अंतरिम सरकार ने कहा था कि उसका निर्यात से अधिक अपनी घरेलू मांग को प्राथमिकता देना है। नौ अगस्त को बांग्लादेश सरकार के सलाहकार तौहीद हुसैन को पत्र लिखकर अनुरोध किया गया था कि पिछले वर्षों की तरह सीमित हिल्सा व्यापार की अनुमति दी जाए। अंतरिम सरकार में मत्स्य और पशु संसाधन मंत्रालय की सलाहकार फरीदा अख्तर ने बढ़ती घरेलू मांग का हवाला देते हुए मांग को खारिज कर दिया था। इससे यह आशंका घर कर गई थी इस बार पश्चिम बंगाल में दुर्गा पूजा का त्योहार बिना हिलसा के मनेगा। इस मछली को पद्मा इलिश भी कहते हैं। यह बांग्लादेश की पद्मा नदी से मिलने वाली हिल्सा मछली होती है। इस मछली को बंगाल का खास पकवान माना जाता है।

हालांकि बाजार में म्यांमार और गुजरात की हिल्सा भी उपलब्ध है लेकिन बांग्लादेश की हिलसा की तुलना में इसे कम स्वादिष्ट माना जाता है।